10 रोहित शर्मा....



12 आलिया भट्ट...



झारखण्ड का अपना दैनिक
# झारखण्ड उजाला
सच आप तक

रांची, शुक्रवार, 25 सितंबर 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -97 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार
झारखण्ड उजाला



**आलमगीर आलम,**
**पूर्व ग्रामीण विकास विभाग**
**मंत्री झारखंड सरकार**

कामयाबी मंज़िल तक पहुँचने वालों को ही नहीं मिलती, बल्कि उन लोगों को मिलती है जो हर असफलता के बाद भी अपने हौसले, मेहनत और विश्वास को ज़िंदा रखते हैं। धैर्य, अनुशासन और लगातार प्रयास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं।

## सर्राफा
सोना (बिक्री) : 1,33,700
चांदी (प्रति किलो) : 2,36,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार
सेंसेक्स :- 74,828.25
निफ्टी :- 23,446.80

## मौसम
अधिकतम तापमान : 23
न्यूनतम तापमान : 22

## सूर्योदय/सूर्यास्त
प्रातः :- 05:38
संध्या :- 17:43

## आज का इतिहास
आज ही के दिन सन 1524 को वास्को डी गामा आखिरी बार पुर्तगाल के वायसराय बनकर भारत आए।

# दो दिनों की लगातार बारिश से रांची की सभी जलप्रपात उफान पर
## हुंडरू फॉल में दो पर्यटकों की जान बाल-बाल बची, प्रशासन ने जारी की सुरक्षा चेतावनी

झारखण्ड उजाला संवाददाता

**रांची।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच रांची के प्रमुख जलप्रपात उफान पर हैं. जोन्हा, हुंडरू, दशम, सीता और रिमिक्स फॉल समेत अन्य जलप्रपातों में पानी का बहाव तेज हो गया है. ऐसे में जिला प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है. प्रशासन ने लोगों से जलप्रपातों के बेहद करीब नहीं जाने और सुरक्षा निदेशों का सख्ती से पालन करने की अपील की है.



**हुंडरू फॉल में दो पर्यटक डूबने से बचे**

इसी बीच बुधवार को हुंडरू फॉल में बड़ा हादसा टल गया. बिहार के आरा से घूमने पहुंचे दो पर्यटक मगतूमारा दह में नहाने के दौरान अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे. पर्यटक मित्र योगेश अहीर के मुताबिक, दोनों को पानी में संघर्ष करते देखकर वहां ड्यूटी पर तैनात पर्यटक मित्र ने तत्काल पानी में पहुंचकर दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. समय पर मदद मिलने से दोनों पर्यटकों की जान बच गई। घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा.

**तेज बहाव और फिसलन बनी जानलेवा**

बारिश के कारण जलप्रपातों में जलधारा की गति काफी तेज है. चट्टानों पर फिसलन और अचानक जलस्तर बढ़ने की आशंका के कारण इन स्थानों पर खतरा बढ़ गया है. प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जलप्रपातों का खूबसूरत नजारा आकर्षक जरूर है, लेकिन इस समय यहां थोड़ी सी लापरवाही गंभीर हादसे का कारण बन सकती है.

**प्रशासन की पर्यटकों से अपील**

जिला प्रशासन ने पर्यटकों से जलप्रपातों के आसपास जोखिम वाले स्थानों पर नहीं जाने की अपील की है. साथ ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस के निदेशों का पालन करने, मौसम और जलप्रपातों की स्थिति से जुड़ी प्रशासनिक सूचनाओं पर नजर रखने तथा पर्यटक मित्रों के निदेशों को मानने को कहा गया है. लगातार हो रही बारिश के दौरान डैम में बोटिंग नहीं करने और नशे की हालत में जलप्रपात क्षेत्र में नहीं जाने की भी अपील की गई है. प्रशासन ने लोगों से कहा है कि प्रकृति का आनंद सुरक्षित दूरी से लें और अपनी तथा अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता दें.

**25 सितंबर को भी कई इलाकों में बारिश**

मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक 25 सितंबर को भी झारखंड में बारिश का दौर जारी रहेगा. खासकर हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह में भारी बारिश की संभावना है. राज्य के दूसरे हिस्सों में भी बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं गरज के साथ बारिश हो सकती है. तेज हवा और वज्रपात को लेकर भी सतर्क रहने की जरूरत होगी. 26 सितंबर को भारी बारिश की संभावना कम है, लेकिन राज्य के कई हिस्सों में बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है. लिहाजा, अगले दो-तीन दिनों तक झारखंड में पूरी तरह मौसम साफ होने के आसार नहीं हैं.

# यमुना एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा, बस में लगी भीषण आग; 9 यात्रियों की झुलसकर मौत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर दयानतपुर गांव के पास बुधवार देर रात दिल्ली से महोबा जा रही स्लीपर बस में भीषण आग लग गई। हादसे में 9 यात्रियों की झुलसकर मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हैं। बस में अवैध पटाखे होने से आग फैलने की आशंका जताई जा रही है। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर रात एक बेहद दर्दनाक हादसा पेश आया है। दिल्ली से महोबा जा रही 'राज कल्पना ट्रैवल्स' की एक डबल स्लीपर बस दयानतपुर गांव के पास अचानक आग का गोला बन गई। हादसे के वक्त बस में लगभग 35 यात्री सवार थे। आग इतनी तेजी से फैली कि यात्रियों को बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिला। तड़के करीब 3:30 बजे प्रशासन द्वारा 9 लोगों की मौत की पुष्टि की गई, जबकि कई घायलों को इलाज के लिए कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**चलती बस में उठीं ऊंची लपटें, खिड़कियों से कूदकर यात्रियों ने बचाई जान**

टोल कर्मियों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात के अंधेरे में अचानक बस में आग की ऊंची लपटें और धुआं उठता दिखाई दिया, जिससे यात्रियों के बीच चीख-पुकार और अफरातफरी मच गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बस को एक्सप्रेसवे के किनारे रोक दिया। शुरूआती जांच और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर आशंका जताई जा रही है कि बस में यात्रियों के सामान के साथ अवैध रूप से पटाखे ले जाए जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब बस जल रही थी,



तब उसके भीतर से बार-बार पटाखे फूटने जैसी तेज आवाजें आ रही थीं, जिसने आग को और अधिक विकराल बना दिया। पुलिस और फॉरेंसिक टीमें फिलहाल इस बात की गहनता से जांच कर रही हैं।

**दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू, 20 मिनट रोका गया यातायात**

हादसे की सूचना मिलते ही यमुना एक्सप्रेसवे की निजी सुरक्षा टीम, स्थानीय पुलिस और करीब 4 से 5 फायर टेंडर मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बस में लगी आग पर पूरी तरह से काबू पाया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने जेवर टोल और फलैदा कट पर लगभग 20 मिनट तक वाहनों की आवाजाही को रोक दिया था, जिसे बाद में स्थिति सामान्य होने पर दोबारा सुचारू कर दिया गया। हादसाग्रस्त डबल डेकर बस 'राज कल्पना ट्रैवल्स' की थी, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर इफ32 ढअ8647 है। यह ट्रैवल्स कंपनी यूपी और एमपी के रूटों पर प्रमुखता से अपनी बसें चलाती है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आग लगने की सही वजहों की जांच की जा रही है और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जमशेदपुर में ट्रक और कार की टक्कर में मंत्री दीपिका पांडेय की बेटी समेत 4 लोगों की मौत

झारखण्ड उजाला संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर में हुए सड़क हादसे में झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की बेटी का निधन हो गया. हादसा जमशेदपुर के मरीन ड्राइव पर हुआ, जहां एक खड़े ट्रक और कार की टक्कर हो गई. इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई. इसमें मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की बेटी तृषा सिंह की भी मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, घटना आधी रात के बाद की है. कार ने सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए. डीएसपी मनोज ठाकुर ने बताया कि देर रात 2 से ढाई बजे के बीच एक कार सड़क पर खड़ी ट्रक में टक्कर मार दी. जिसमें चार लोगों की मौत हो गई. आगे मामले की जांच की जा रही है. सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और सभी को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया. जहां डॉक्टरों ने कार में सवार चारों लोगों को मृत घोषित कर दिया. हादसे की जानकारी मिलते ही गोड्डा जिले के मेहरमा प्रखंड स्थित मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के पैतृक गांव खिरोधी में सन्नाटा पसर गया है. घटना के समय मंत्री दीपिका पांडे सिंह अपने गांव के घर पर ही मौजूद थीं. वह पिछले कुछ दिनों से इलाके में विकास कार्यों का जायजा लेने के लिए दौरे पर थीं. सुबह-सुबह खबर मिलने के बाद, वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ जमशेदपुर के लिए रवाना हो गईं.



### तृषा सिंह पंचतत्व में विलीन, पिता रत्नेश ने दी मुखाग्नि

जमशेदपुर के मरीन ड्राइव हाईवे पर सड़क दुर्घटना की शिकार हुई झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की दिवंगत बेटी तृषा सिंह का पार्थिव शरीर बुधवार को जमशेदपुर से रांची लाया गया. राजधानी के स्मार्ट सिटी स्थित मंत्री आवास संख्या-09 में पार्थिव शरीर को रखा गया, जो दीपिका पांडेय सिंह का सरकारी आवास है. यहां राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने दिवंगत के पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन मंत्री दीपिका पांडेय सिंह को ढांढस बंधाते दिखे.

**अंतिम यात्रा में मुख्यमंत्री भी शामिल** : दीपिका पांडेय सिंह के सरकारी आवास से दिवंगत की शवयात्रा करीब शाम छह बजे धुर्वा डैम स्थित सीठियो श्मशान घाट के लिए निकली. दिवंगत की शवयात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए. राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के आवास पर लोगों का तांता लगा रहा. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक नमन बिकास कोंगारी, उज्ज्वल तिवारी, राकेश सिन्हा, जेएससीए उपाध्यक्ष संजय पांडेय, सूचना आयुक्त तनुज खत्री, जगदीश साहू, अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### सीएम ने दुःख प्रकट किया

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि दीपिका पांडेय सिंह की बेटी एवं अन्य लोगों के निधन की बेहद दुखद और हृदयविदारक खबर से मन अत्यंत व्यथित है. उन्होंने कहा कि अपनी संतान को खोने का दु:ख किसी भी माता-पिता और परिवार के लिए शब्दों से परे और असहनीय होता है. इस अत्यंत कठिन घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं बहन दीपिका एवं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं. इस अपूरणीय क्षति के लिए शब्द नहीं हैं. मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को इस अपार दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें.

मंत्री इरफान अंसारी ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दुख प्रकट किया. मंत्री इरफान अंसारी ने लिखा, इस असहनीय दु:ख की घड़ी में मैं दीपिका जी और पूरे परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं. एक मां के लिए संतान को खोने का दर्द शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता. ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दंद और शोकाकुल परिवार को इस अपार दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें.

# सेवा यात्रियों से पीएम मोदी बोले- जब आप काशी जाएं, तो वहां देखने लायक बहुत कुछ है

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान की 'सेवा यात्रा' में शामिल लोगों से वर्चुअली बातचीत की और कम्युनिटी सर्विस की पहलों, संरक्षण के पारंपरिक तरीकों और यात्रा के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की. बता दें, इस अभियान के तहत सेवा यात्री गुजरात के वडनगर से वाराणसी तक 10 समूहों में बाइक यात्रा कर रहे हैं. इस यात्रा के जरिए वे सेवा, संपर्क, युवाओं की भागीदारी, समाज कल्याण, सांस्कृतिक जुड़ाव और समुदाय को एकजुट करने जैसे कामों से जमीनी स्तर पर लोगों को एक-दूसरे से जोड़ रहे हैं. जानकारी के मुताबिक 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक, टीमें वडनगर से वाराणसी और वाराणसी से वडनगर तक का सफर करेंगी. उन्होंने एक ऐसी यात्रा शुरू की है जो महज एक




मोटरसाइकिल यात्रा से कहीं ज्यादा है. वे कस्बों, जिलों, तालुकों और गांवों से गुजरते हुए 'सेवा' की भावना को जमीनी स्तर तक पहुंचा रहे हैं.

बातचीत के दौरान, एक प्रतिभागी ने जालोर का एक अनुभव साझा किया, जहां 'सेवा वाटिका' में पेड़ लगाने का अभियान देखने के बाद स्थानीय बच्चों ने पर्यावरण से जुड़े कामों के लिए उत्साह दिखाया. बच्चों ने हर रविवार को पौधों को पानी देने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया, जिससे यह पता चलता है कि सेवा के मूल्य नई पीढ़ी तक कैसे पहुंच रहे हैं. एक प्रतिभागी ने कहा कि जब हम जालोर में थे, तो हम एक 'सेवा वाटिका' में पेड़ लगा रहे थे. तभी कुछ बच्चे हमारे पास आए और बोले, 'हम भी ऐसा ही काम करना चाहते हैं. हम भी बड़े होकर आप जैसा बनना चाहते हैं.' उन्होंने हमसे वादा किया कि वे हर रविवार अपने दोस्तों के साथ आएंगे, सेवा वाटिका की देखभाल करेंगे और पौधों को पानी देंगे. इसी भरोसे के साथ, जब हम वे बीज बो रहे थे, तो हमें लगा कि हम सेवा का यह काम अगली पीढ़ी को सौंप रहे हैं.

इस पहल पर प्रतिक्रिया देते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने पेड़ लगाने के एक पारंपरिक और देसी तरीके का सुझाव दिया, जो खास तौर पर राजस्थान जैसे सूखे इलाकों के लिए उपयुक्त है. उन्होंने सुझाव दिया कि पौधों को लगातार पानी मिलता रहे, इसके लिए नए लगाए गए पौधों के पास मिट्टी का एक छिद्रयुक्त घड़ा (पोरस घड़ा) रखा जाए. पीएम मोदी ने आगे कहा कि मेरे पास एक बहुत ही पारंपरिक और देसी तरीका है. अगर आप इसे सिखा सकते हैं, तो कृपया लोगों को सिखाएं. जब आप कोई पौधा लगाएं, तो उसके पास मिट्टी का पानी का घड़ा भी गाड़ दें. घड़े का मुंह ऊपर की तरफ खुला रहना चाहिए.

## संक्षिप्त समाचार

### बुंडू सड़क हादसे में युवक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

बुंडू। बुंडू राहे रोड पर बुधवार देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक कपिलदेव महतो उम्र 19 की मौके पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक बुंडू थाना क्षेत्र के एड़किया गांव का रहने वाला था। घटना के समय युवक राहे से बुंडू एड़किया अपने घर लौट रहा था, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। बुंडू थाना में अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया है।

### करमा पूजा के बहाने नाबालिग को घर बुला किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

रांची। बीआईटी मेसरा ओपी क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. छात्रा ने आरोप लगाया कि करमा पूजा घूमने के बहाने छात्रा को बुलाकर एक युवक ने उसे रात में अपने घर ले गया. जिसके बाद आरोपी युवक ने घर के कमरे में रोक लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया. मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान लोहरदगा निवासी बबलू के रूप में हुई है. बताया गया है कि करीब एक महीने पहले नाबालिग छात्रा की आरोपी से सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती हुई थी. इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी. घटना के बाद छात्रा किसी तरह बुधवार को अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी. इसके बाद परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी. सूचना मिलने पर बीआईटी मेसरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज की गई. पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए आरोपी की तलाश की और उसे गिरफ्तार कर लिया. पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है.







# लोहरदगा: विकास अधिकारी नवल किशोर जी के टीम का एल आई सी अभिकताओं की बैठक सम्पन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**एलआईसी एजेंट के तौर आपको शानदार कैरियर :- मुख्य प्रबंधक गुमला संजय कुमार मजूमदार ।**



**लोहरदगा :** भारतीय जीवन बीमा लोहरदगा के विकास अधिकारी नवल किशोर जी के यूनिट के अभिकर्ताओ का इस वितीय वर्ष का बैठक लोहारदगा के भारतीय जीवन बीमा निगम एस ओ ऑफिस के ऊपर तल्ले के बैठक परिसर में हुई। इस बैठक मे भारतीय जीवन बीमा निगम गुमला शाखा के मुख्य प्रबंधक संजय कुमार मजूमदार,ए बी एम पिंटू कुमार, लोहरदगा एस ओ के प्रबंधक दुर्गा प्रसाद दोरा ,विकास अधिकारी नवल किशोर मुख्य रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम की शुभारंभ की। इस मौके पर गुमला शाखा के मुख्य प्रबंधक संजय कुमार मजूमदार ने अभिकताओं को भारतीय जीवन बीमा की विभिन्न पॉलिसियों की जानकारी देते हुए उन्हें इस वर्ष में लक्ष्य पूरा करने की अपील की। साथ ही अभिकताओं को प्रोमोशन व कमीशन,पुरुस्कार के विषय मे विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि एलआईसी एजेंट के तौर पर आपको एक शानदार कैरियर मिलता है। अगर आप अपने तय समय के हिसाब से काम करना चाहते हैं और खुद अपने बॉस बनना चाहते हैं आपके पास भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी के साथ जुड़ने का मौका मिला है। इस मौके पर लोहरदगा एस ओ प्रबंधक दुर्गा प्रसाद दोरा ने कहा कि आज के समय मे रोटी,कपड़ा,मकान के बाद आज चौथी आवश्यकता इन्सुरेंस है।उन्होंने अभिकताओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने को कहा, साथ ही उन्होंने कहा की लक्ष्य निर्धारण करके कार्य करने से आपको सफलता मिलेगी, एलआईसी एजेंट वह होता है जो भारतीय जीवन बीमा निगम की योजनाओं और सेवाओं को लोगों तक पहुँचता है। आपलोग कार्य करे आपके सहयोग हेतु मैं संकल्पित हूं। इस मौके पर विकास अधिकारी नवल किशोर ने कहा कि लोग भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) पर बहुत भरोसा करते है तथा इसकी योजनाओं को अपने परिवार और अपनी सुरक्षा के लिए लेते है।इस लिए लक्ष्य बनाकर आपलोग कार्य करे। साथ ही अभिकताओं को अपनी कुशलता के अनुसार कार्य करने हेतु प्रेरित किये। साथ ही इस महीने में अच्छा व्यवसाय करने एवं अगले तीन माह में अच्छे कार्य करेंगे उनको सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जो अभिकर्ता अभीतक एक्टिव नही है उन्हें एक्टिव होने हेतु प्रेरित किये। इस मौके पर इस तीन माह में अच्छे कार्य करने वाले अभिकताओं को बुके देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर धन्यवाद ज्ञापन नन्दलाल तिवारी के द्वारा की गई। इस मौके पर गुमला शाखा के मुख्य प्रबंधक संजय कुमार मजूमदार,ए बी एम पिंटू कुमार, सेटेलाइट शाखा प्रबंधक दुर्गा प्रसाद दोरा, विकास अधिकारी नवल किशोर, अभिकर्ता नंदलाल तिवारी,विवेकानंद पाल सिंह ,रामलगन महतो, जय मिंज,प्रताप साहू,गोवर्धन उराँव,सुदेश गुप्ता, सुमन कुमार, विजय महली,लॉरेन्स कुमार साहू,भरत महतो,मनोज कुमार साहू ,रंजीत कुमार गुप्ता,प्यारी कुमारी,रेखा, बविता कुमारी,बिनोद अग्रवाल,राहुल साहू,रोहित कुमार , मनु ठाकुर, फारुख अंसारी ,रुस्तम अंसारी, अख्तर अंसारी, स्वेता कुमारिसंदीप कुमार गुप्ता, दुबराज वर्मा,भुनु राम,परमेश्वर राम,निर्मला देवी , सहित कई अभिकर्ता मौजूद थे ।

## हिंदी पखवाड़ा के तहत कविता वाचन कार्यक्रम आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़/रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक-24 सितंबर दिन-गुरुवार को हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत कविता वाचन कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी भाषा, साहित्य, संस्कृति एवं काव्य-संवेदना के प्रति प्रशिक्षुओं में रुचि एवं जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवयित्री मीना बंधन तथा विशिष्ट अतिथि र.ऊड चाईबासा बंधन लांग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय की मातृ संस्था जन आकांक्षा के सचिव मणिकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार तथा महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव सह विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य डॉ. संजय कुमार प्रभाकर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कविता वाचन कार्यक्रम में बी.एड. सत्र 2026-28 एवं 2025-27 के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुमन, प्रीति, प्रियांशी, राहुल सहित अन्य प्रशिक्षुओं ने विभिन्न प्रसिद्ध कवियों की रचनाओं का भावपूर्ण एवं प्रभावशाली कविता पाठ किया। प्रशिक्षुओं की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को साहित्यिक एवं भावनात्मक वातावरण से भर दिया। कार्यक्रम का स्वागत संबोधन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नयन कुमार मिश्रा ने किया। उन्होंने हिंदी भाषा एवं साहित्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षुओं को अपनी भाषा और साहित्यिक विरासत से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक मोहम्मद परवेज अख्तर ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं उद्घोषक की भूमिका बी.एड. सत्र 2025-27 की प्रशिक्षु सुमी राम ने निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका इंदु कुमारी झा, व्याख्याता सुप्रिया वर्मन, बाबू चंद प्रसाद, वरुण कुमार, मुरारी कुमार दूबे सहित शैक्षणिक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी श्रेया गुप्ता, दीप्ति लकड़ा, नंदलाल कुमार, अभय कुमार, पवन कुमार, मनीता, सुनीता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में मुख्य अतिथि मीना बंधन ने अपनी कविताओं के माध्यम से प्रेम, संवेदना, मानवीय भावनाओं, संस्कृति एवं सामाजिक चेतना को अत्यंत मार्मिक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी काव्य प्रस्तुति ने उपस्थित सभी श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। उनकी कविताओं में प्रेम और संवेदना की गहराई के साथ भारतीय संस्कृति एवं मानवीय मूल्यों की सुंदर अभिव्यक्ति देखने को मिली। कार्यक्रम का समापन हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति प्रेम, सम्मान और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ हुआ।

## नए थाना प्रभारी विकास आर्यन से मिले कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, आपसी समन्वय और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हुई चर्चा



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पीवीयूएनएल अधिकारियों ने थाना प्रभारी से की औपचारिक मुलाकात**

**पतरातू:** पीवीयूएनएल के अधिकारियों ने गुरुवार को पतरातू थाना पहुंचकर नवनियुक्त थाना प्रभारी विकास आर्यन से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने थाना प्रभारी को नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान पीवीयूएनएल क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासन एवं कंपनी के बीच बेहतर समन्वय सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने क्षेत्र में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग की बात कही। वहीं थाना प्रभारी विकास आर्यन ने भी कंपनी प्रबंधन एवं पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने पर जोर दिया। मौके पर पीवीयूएनएल के उप महाप्रबंधक मानव संसाधन नवीन कुमार साहू, उप प्रबंधक मानव संसाधन अर्पित कुमार पांडेय तथा उप महाप्रबंधक आरएंडआर राजेश डूंगडूग मौजूद थे।

## एनएसएस स्थापना दिवस पर पीटीपीएस कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित




झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विद्यार्थियों को दी गई जानकारी**

**पतरातू:** पीटीपीएस कॉलेज, पतरातू में एनएसएस स्थापना दिवस के अवसर पर एनएसएस इकाई-1 एवं इकाई-2 की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कुमार मनोज ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बचनदेव कुमार राय एवं अदिति आर्यन के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, सामाजिक सेवा के महत्व तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्राचार्य डॉक्टर मनोज कुमार, विजय कुमार सिंह, प्रोफेसर जयशंकर ठाकुर, डॉक्टर शकील अहमद, नंद कुमार, डॉक्टर शक्ति कुमार, नेहा कुमारी और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## 59वां श्री श्याम महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा:** अपर बाजार स्थित अशोक कुमार पोद्दार एवं पवन कुमार पोद्दार के आवासीय परिसर में 59वां श्री श्याम महोत्सव भव्य एवं भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। महोत्सव को लेकर पूरे परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बंगाल से आए कारीगरों द्वारा विभिन्न प्रकार के फूलों से श्री श्याम प्रभु का अलौकिक एवं मनमोहक श्रृंगार किया गया। अशोक कुमार पोद्दार एवं पवन कुमार पोद्दार ने सपरिवार श्री श्याम प्रभु की विधिवत पूजा-अर्चना कर ज्योत प्रज्वलित की। इसके बाद रात्रि आठ बजे से रांची से आए श्याम मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बाहर से आए श्याम मंडल के पदाधिकारियों एवं भजन मंडलियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।।महोत्सव में बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए और श्री श्याम प्रभु की पूजा-अर्चना की। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते-नाचते रहे। इस दौरान पूरा परिसर बाबा श्याम के जयकारों से गूंजता रहा। मध्य रात्रि में आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया और महोत्सव का समापन हुआ। महोत्सव में अशोक कुमार पोद्दार, पवन कुमार पोद्दार, सत्यभामा पोद्दार, अनीता पोद्दार, रखिया पोद्दार, शिवानी पोद्दार, अभिषेक पोद्दार, मोनू पोद्दार, उज्जवल पोद्दार, संदीप कुमार पोद्दार, दीपक सर्राफ, अरविंद कुमार बुचीवाल, किशोर बंका, ढब्बू सर्राफ, राम प्रकाश मोदी, राकेश कुमार सिन्हा, विमल बंका, जय प्रकाश शर्मा, प्रमोद पोद्दार, सचिन पोद्दार, दीपक पोद्दार, अवधेश मित्तल, नीरज मित्तल, अमर पोद्दार, आशीष कनोडिया, चंदन राजगढ़िया, शुभम शर्मा, निशांत सराफ, विक्रम शर्मा, मनीष पोद्दार, वीरेंद्र मित्तल, अमित बंका, आनंद कनोडिया, मुरलीधर अग्रवाल, विजय सिंह, संदीप पोद्दार, दीपक मुखर्जी, कौशल सर्राफ, चांदमल पोद्दार, संजय मोदी, अजय पोद्दार, हरखचंद शर्मा, मयंक मोदी, ममता बंका, अंजलि सर्राफ, दीपा पोद्दार, कल्याणी पोद्दार, उषा पोद्दार, मोनिका पोद्दार, प्रीति बंका, रेखा बंका, आकांक्षा सर्राफ, नेहा अग्रवाल, दीप्ति शर्मा, रिशु पोद्दार, संगीता मित्तल, स्मिता पोद्दार, दीपिका पोद्दार, नीतू पोद्दार, अंकिता बंका, आशा पोद्दार, प्रीति केडिया, रानू पोद्दार, सीमा पोद्दार, मीनू राजगढ़िया, शिल्पी पोद्दार, नीलू शर्मा, मंजू पोद्दार, रेखा मोदी, रज्जो मोदी, प्रीति राजगढ़िया, श्वेता मित्तल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## >>>: संक्षिप्त खबर :<<<

### लगातार हो रही वर्षा के मद्देनजर आमजनों एवं पर्यटकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलाधार वर्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा आमजनों एवं पर्यटकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है। लगातार बारिश के कारण पतरातू डैम, भैरवा जलाशय सहित विभिन्न जलाशयों तथा उनसे जुड़े नदी-नालों एवं अन्य जलस्त्रोतों में जलस्तर एवं जलप्रवाह बढ़ रहा है। वर्षा की स्थिति को देखते हुए अचानक जलप्रवाह में वृद्धि की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। जिला प्रशासन ने आमजनों एवं पर्यटकों से अपील की है कि वे डैम, जलाशयों, गहरे तालाबों, नदियों, प्राकृतिक जलस्त्रोतों एवं अन्य जलभराव वाले स्थानों के समीप अनावश्यक रूप से न जाएं तथा ऐसे स्थानों पर विशेष सावधानी बरतें। जलप्रवाह सामान्य अथवा कम प्रतीत होने की स्थिति में भी किसी प्रकार का जोखिम न लें और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।प्रशासन ने कहा है कि एक छोटी-सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है, जिससे जान-माल की क्षति होने की आशंका रहती है। ऐसे में आमजन स्वयं तथा अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निदेशों का पालन करें। बच्चों को विशेष रूप से डैम, नदी, तालाब एवं अन्य जलस्त्रोतों के आसपास जाने से रोकें।साथ ही, सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में संबंधित थाना प्रभारियों एवं स्थानीय प्रशासन के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए जलस्त्रोतों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि बारिश के दौरान अनावश्यक रूप से जोखिम वाले स्थानों पर जाने से बचें, प्रशासन के निदेशों का पालन करें तथा स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### भव्य सामूहिक वंदे मातरम् गायन कार्यक्रम आज

**लोहरदगा:**सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय के नेतृत्व में विद्यालय परिवार द्वारा विद्यालय के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य सामूहिक वंदे मातरम् गायन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय परिवार द्वारा नगर क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विद्यालय परिवार के अनुसार, इस ऐतिहासिक आयोजन का प्रमुख केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर, गुमला रोड, लोहरदगा को बनाया गया है। इसके अलावा नगर एवं आसपास के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर भी विद्यालय के आचार्यों की देखरेख में सामूहिक गायन का आयोजन किया जाएगा। इनमें बरवाटोली दुर्गा मंदिर, एमएलए महिला महाविद्यालय, शांति आश्रम पतरा टोली, हरमू और सेन्हा प्रमुख हैं। कार्यक्रम का आयोजन 25 सितंबर, शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे से किया जाएगा। वहीं, ठीक सुबह 11 बजे एक लय और एक स्वर में सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया जाएगा। विद्यालय परिवार ने इसे ऐतिहासिक आयोजन बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इसमें सहभागी बनने की अपील की है। विद्यालय परिवार की ओर से कहा गया कि यह आयोजन देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सामूहिक सहभागिता की भावना को मजबूत करने का अवसर है। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय पर अपने-अपने निकटतम केंद्र पर पहुंचकर सामूहिक वंदे मातरम् गायन में सहभागी बनें।

### मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की बेटी समेत चार लोगों की मौत पर अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अंसारी ने जताया गहरा शोक



**लोहरदगा।** जमशेदपुर के सोनारी क्षेत्र स्थित मरीन ड्राइव में गुरुवार तड़के हुए सड़क हादसे में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की बेटी तृषा सिंह समेत चार लोगों की मौत की खबर से शोक की लहर है। हादसा में कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में चार लोगों की मौत हुई। घटना पर लोहरदगा कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अंसारी ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने तृषा सिंह समेत हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोगों के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि यह बेहद दुखद और पीड़ादायक घटना है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को इस कठिन समय में दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।मोजम्मिल अंसारी ने कहा कि किसी भी परिवार के लिए अपने प्रियजन को खोना अपूरणीय क्षति है। इस दुख की घड़ी में पूरा समाज शोकाकुल परिवारों के साथ खड़ा है।

### घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों को दी गई कानूनी अधिकारों और योजनाओं की जानकारी

**लोहरदगा:** जिले में चल रहे 60 दिवसीय मेगा जागरूकता अभियान का गुरुवार को 29वां दिन पूरा हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश- सह- डालसा अध्यक्ष राज कमल मिश्रा एवं डालसा सचिव मनोरंजन कुमार के निर्देश पर किस्को प्रखंड के हिसरी पंचायत अंतर्गत विभिन्न टोलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान पीएलवी शाहिद हुसैन, निशा कुमारी एवं कलिंदर उरांव ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। पीएलवी निशा कुमारी ने निःशुल्क कानूनी सहायता, ज्ञान एवं शिक्षा, एसिड हमले के पीड़ितों के लिए उपलब्ध कानूनी सेवाओं तथा नालसा डॉन योजना के संबंध में जानकारी दी। शाहिद हुसैन ने मानव-वन्यजीव संघर्ष, मानव तस्करी, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार एवं नालसा जागृति योजना के बारे में ग्रामीणों को बताया। वहीं कलिंदर उरांव ने गरीब उन्मूलन सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।अभियान के दौरान ग्रामीणों को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग की जानकारी दी गई। इसके अलावा साइबर अपराध से बचाव, घरेलू हिंसा, भूमि साक्षरता, नशा मुक्ति एवं डायन प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया।पीएलवी ने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या, शोषण या अधिकारों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करें और उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सहायता का लाभ उठाएं।

**ममत्व और परिग्रह त्याग का संदेश दे गया उत्तम आकिंचन धर्म**

# दसलक्षण महापर्व के नौवें दिन जैन मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, अभिषेक-शांतिधारा के साथ हुई विशेष आराधना

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**रामगढ़।** दसलक्षण महापर्व के नौवें दिन गुरुवार को उत्तम आकिंचन धर्म की आराधना के साथ रामगढ़ कैंट और रांची रोड स्थित जैन मंदिर आध्यात्मिक भक्ति और धार्मिक उल्लास से गूंज उठे। सुबह से ही जिनालयों में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। भक्तों ने भगवान की प्रतिमाओं का अभिषेक, शांतिधारा एवं विशेष पूजन कर आत्मकल्याण और सुख-शांति की मंगलकामना की।उत्तम आकिंचन धर्म का संदेश है कि मनुष्य बाहरी वस्तुओं, संपत्ति और सांसारिक पदार्थों के प्रति ममत्व एवं आसक्ति का त्याग कर अपनी आत्मा को परिग्रह से मुक्त करे। इसी आध्यात्मिक भावना के साथ श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।
श्री दिगंबर जैन मंदिर रामगढ़ में प्रातःकाल मुनिश्री 108 पुण्यानंद जी महाराज के मुखारविंद से मंगल शांतिधारा संपन्न हुई। पंडित संदीप जी शास्त्री के तत्वावधान में अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन सहित विभिन्न धार्मिक क्रियाएं विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराई गईं। मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और धार्मिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा। जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र जैन चूड़ीवाल ने बताया कि पांडुशिला पर विराजमान आदिनाथ भगवान की प्रतिमा का अभिषेक श्रीमती अमराव देवी गंगवाल, देवेंद्र एवं अंशुल गंगवाल परिवार द्वारा किया गया। शांतिधारा का पुण्य श्री विद्या प्रकाश जी एवं पदम चंद जी छाबड़ा परिवार ने अर्जित किया। चंद्रप्रभ भगवान की पाषाण प्रतिमा का कलशाभिषेक श्रीमती पुष्पा जी अजमेरा परिवार द्वारा किया गया।महावीर भगवान की प्राचीन प्रतिमा पर कलशाभिषेक का पुण्य श्री हीरालाल जी, किरण देवी जी, राजेंद्र जी, प्रिया जी एवं दिशा पाटनी परिवार ने प्राप्त किया। तीनों वेदियों पर विराजमान बड़ी प्रतिमाओं का कलशाभिषेक अशोक जी, अमित जी, योगेश जी एवं आरव काला परिवार द्वारा समस्त काला परिवार सहित तथा श्री सजन जी एवं अनिल जी बाकलीवाल परिवार, कोलकाता निवासी द्वारा किया गया। श्रीमती अरुणा जी, डॉ. शरद जी जैन, डॉ. श्रीमती सौम्या जी जैन, पुलक एवं आराध्या जैन परिवार ने भी धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की। पारस भगवान की बड़ी प्रतिमा की शांतिधारा का पुण्य श्री संजय जी सेठी, नवीन, युग एवं आयुष सेठी परिवार द्वारा समस्त सेठी परिवार सहित अर्जित किया गया।रांची रोड स्थित 1008 श्री पार्श्वनाथ जिनालय में भी नौवें दिन विशेष धार्मिक आयोजन हुए। प्रथम अभिषेक का पुण्य श्रीमती आशी जैन, रांची रोड ने अर्जित किया। शांतिधारा मानिकचंद जी, मीना देवी, अंकित एवं राहुल पाटनी परिवार द्वारा की गई। संध्या आरती का पुण्य सुरेश चंद जी सेठी परिवार, रांची रोड ने अर्जित किया।

**आत्मा की शुद्धि ही वास्तविक संपदा**

इस अवसर पर मुनिश्री शुभानंद जी महाराज ने उत्तम आकिंचन धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि संसार में मनुष्य जितना अधिक बाहरी वस्तुओं के प्रति ममत्व बढ़ाता है, उतना ही आत्मा से दूर होता जाता है। परिग्रह और ममत्व का त्याग ही आत्मशुद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने श्रद्धालुओं को बाहरी संग्रह के बजाय आत्मिक संपदा अर्जित करने का संदेश दिया।दस दिवसीय दसलक्षण महापर्व को लेकर जैन समाज में विशेष उत्साह बना हुआ है। प्रतिदिन मंदिरों में विशेष पूजन, अभिषेक, शांतिधारा एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अनेक श्रद्धालु दस दिनों का उपवास रखकर तप एवं साधना में लीन हैं। नौवें दिन की आराधना ने श्रद्धालुओं को त्याग, आत्मसंयम और आत्मशुद्धि का संदेश दिया। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी

### मानशिक रूप से कमजोर नाबालिक बच्ची लापता पिता ने पुलिस से मदद का गुहार लगाया

**लोहरदगा:** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा बांध टोली से नाबालिक बच्ची के लापता होने तथा समय बीतने पर इसकी सूचना पिता ने पुलिस को देते हुए सकुशल बरामद करने का गुहार लगया। गौरतलब हो कि सेन्हा बांध टोली निवासी स्व0 कृपाल महतो के पुत्र पंचू महतो ने सेन्हा थाना को लिखित जानकारी देते हुए कहा कि 22 अगस्त 2026 को मेरी नाबालिक पुत्री खुशी कुमारी मानसिक रूप से कमजोर है और सुबह घर से निकली लेकिन देश शाम तक घर नहीं लौटी उसी दिन से लापता है। साथ ही बताया कि अपने स्तर से आसपास एवं रिश्तेदार में छानबीन किया परंतु किसी प्रकार से लापता पुत्री का सुराग नही मिला बताते हुए सेन्हा थाना में आवेदन के माध्यम से पुलिस प्रशासन को अवगत कराते हुए लापता बच्ची का विवरण देते हुए सकुशल बरामद करने तथा सनहा दर्ज करने का पिता ने अपील किया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी नीरज झा के निर्देश पर पुलिस कारवाई आरम्भ कर दी गई है। और आमजनों से अपील करते हुए पुलिस व माता पिता को सहयोग करने की बात कही गई। साथ ही विभिन्न थाना को लापता बच्ची के संबंध में अवगत कराते हुए सहयोग का अपेक्षा किया गया है।

# मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की बेटी के निधन पर कई नेताओं ने जताया शोक, मंत्री के घर पसरा सन्नाटा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची।** जमशेदपुर में गुरुवार की सुबह एनएच हाईवे पर हुए सड़क हादसे में झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की छोटी बेटी तृषा सिंह समेत 4 लोगों के निधन की खबर है. घटना की सूचना के बाद राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है. तृषा सिंह के निधन की खबर पर भाजपा और झारखंड सरकार के कई नेताओं ने गहरा दुख जताया है. सभी ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की.



**क्या कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार में साथी मंत्री एवं बहन दीपिका पांडेय सिंह की बेटी और अन्य लोगों के निधन की खबर से मन अत्यंत व्यथित है. उन्होंने कहा कि अपनी संतान को खोने का दुख किसी भी माता-पिता और परिवार के लिए शब्दों से परे और असहनीय होता है. इस कठिन घड़ी में उनकी गहरी संवेदनाएं मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और शोकाकुल परिवारों के साथ हैं.

**पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने जताया दुख**

पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जमशेदपुर में सड़क दुर्घटना में मंत्री दीपिका पांडे सिंह की पुत्री के असामयिक निधन की अत्यंत दुःखद सूचना से मन व्यथित है. अल्पायु में संतान का निधन माता-पिता के लिए असहनीय पीड़ा और अपूरणीय क्षति है. उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में उनकी गहरी संवेदनाएं दीपिका पांडेय सिंह और उनके शोकाकुल परिवार के साथ हैं. उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की.

**कल्पना सोरेन ने कहा– संतान को खोने की पीड़ा शब्दों में व्यक्त नहीं की जा सकती**

गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने जमशेदपुर एनएच हाईवे पर हुए सड़क हादसे में दीपिका पांडेय सिंह की बेटी एवं अन्य लोगों के असामयिक निधन पर गहरा दुःख जताया. उन्होंने कहा कि अपनी संतान को खोने की पीड़ा को शब्दों में व्यक्त कर पाना संभव नहीं है. इस कठिन घड़ी में उनकी गहरी संवेदनाएं दीपिका पांडेय सिंह सहित सभी शोकाकुल परिजनों के साथ हैं.

**मंत्री संजय प्रसाद यादव ने जताया शोक**

मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि मंत्रिमंडल में साथी बहन दीपिका पांडेय सिंह की सुपुत्री तृषा सिंह सहित 4 लोगों के असामयिक निधन की दुखद खबर सुनकर मन बेहद दुःखी है. उन्होंने कहा कि दीपिका पांडेय सिंह और पूरे परिवार के लिए यह अपार पीड़ा की घड़ी है.

**मंत्री दीपक बिरुआ ने जताया दुख**

मंत्री दीपक बिरुआ ने भी जमशेदपुर में सड़क दुर्घटना में दीपिका पांडेय सिंह की सुपुत्री के निधन पर दुख जताया. उन्होंने कहा कि संतान को खोने की पीड़ा किसी भी माता-पिता के लिए असहनीय होती है.

**चंपाई सोरेन और अर्जुन मुंडा ने भी जताया शोक**

पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि जमशेदपुर में सड़क दुर्घटना में राज्य सरकार की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की सुपुत्री के निधन की खबर से वह मर्माहत हैं. उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजनों को दुःख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की.

**पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने जताया दुख**

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने भी तृषा सिंह के असामयिक निधन पर दुख जताया. उन्होंने कहा कि मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति दें. ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की बेटी की सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना मिलने के बाद मानगो मेयर सुधा गुप्ता पहले सोनारी थाना और उसके बाद एमजीएम अस्पताल पहुंचीं. उन्होंने कहा कि आज सुबह जमशेदपुर में एनएच हाईवे पर हुए सड़क हादसे में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की बेटी तृषा सिंह समेत अन्य लोगों के निधन की अत्यंत दुखद सूचना मिली.

## कडरू जेएसएफसी गोदाम में मजदूरों ने ठप किया अनलोडिंग कार्य, खड़े रहे अनाज लदे ट्रक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची।** कडरू स्थित झारखंड राज्य खाद्य निगम (जेएसएफसी) गोदाम में कार्यरत मजदूरों ने तीन महीने का बकाया भुगतान नहीं मिलने पर गुरुवार को अनलोडिंग का काम पूरी तरह ठप कर दिया. इसके कारण एफसीआई गोदाम से अनाज लेकर पहुंचे ट्रक खाली नहीं हो सके और अनाज गाड़ियों में ही फंसा रहा. लेबर सरदार अरुण कुमार ने बताया कि कुश पटेल एजेंसी की ओर से जुलाई माह से मजदूरों को पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जा रहा है. तीन महीने से भुगतान लंबित होने के कारण मजदूरों में आक्रोश है. मजदूरों ने जल्द से जल्द बकाया राशि का भुगतान करने की मांग की है. मजदूरों का कहना है कि खाद्य आपूर्ति विभाग की नई व्यवस्था के तहत नवंबर से एफसीआई गोदाम



से सीधे पीडीएस डीलरों तक अनाज पहुंचाने का नियम लागू होने जा रहा है. इससे स्थानीय मजदूरों के सामने रोजगार का संकट खड़ा होने की आशंका है. मजदूरों ने कहा कि यदि अनलोडिंग का काम बंद होता है, तो उनके सामने बेरोजगारी और आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है. हालांकि, एफसीआई गोदाम से पीडीएस डीलरों के लिए होने वाली लोडिंग-अनलोडिंग का अन्य कार्य जारी है. मजदूरों ने बकाया भुगतान के साथ भविष्य में रोजगार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है.

## रांची की विवादित जमीन पर उर्दू स्कूल पक्ष रहेगा मुकदमे में, हाईकोर्ट ने हस्तक्षेप याचिका बरकरार रखी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची के कांटाटोली स्थित एक विवादित जमीन से जुड़े 12 साल पुराने मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए शबाना खातून की याचिका खारिज कर दी है. अदालत ने स्पष्ट किया कि जिस जमीन पर स्वामित्व को लेकर विवाद है और जहां उर्दू स्कूल के संचालन का दावा भी किया जा रहा है, वहां स्कूल पक्ष को मुकदमे से बाहर नहीं रखा जा सकता. न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने 21 सितंबर 2026 को यह फैसला सुनाया.





**2014 में दाखिल हुई थी याचिका**

यह मामला वर्ष 2014 में दायर डब्ल्यूपी (सी) संख्या 2328/2014 से जुड़ा है. शबाना खातून ने निचली अदालत के 24 फरवरी 2014 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें पब्लिक उर्दू मिडिल स्कूल, कांटाटोली के अध्यक्ष मोहम्मद साबिर को टाइटल सूट संख्या 173/2011 में हस्तक्षेपकर्ता के रूप में शामिल करने की अनुमति दी गई थी. याचिकाकर्ता का कहना था कि स्कूल अध्यक्ष का विवादित संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, इसलिए उन्हें पक्षकार नहीं बनाया जाना चाहिए.

**जमीन पर स्वामित्व का दावा**

याचिकाकर्ता ने अदालत में कहा कि उन्होंने यह जमीन वर्ष 1995 में पंजीकृत बिक्री विलेख के जरिए खरीदी थी. उनके अनुसार जमीन का म्यूटेशन उनके नाम पर हुआ और वे नियमित रूप से लगान तथा नगर निगम कर का भुगतान करती रही हैं. उन्होंने यह भी बताया कि इस संपत्ति का स्वामित्व पहले अन्य व्यक्तियों के पास था और विधिवत बिक्री के बाद यह उनके हिस्से में आई.

**नगर निगम के दस्तावेज बने अहम**

दूसरी ओर रांची नगर निगम की ओर से पेश दस्तावेजों में दावा किया गया कि एमएस प्लॉट संख्या 375 निगम की संपत्ति है. रिकॉर्ड में ऐसे पत्र भी पेश किए गए, जिनमें संबंधित होल्डिंग रद्द करने, म्यूटेशन निरस्त करने और निर्माण कार्य रोकने की बात दर्ज थी. एक अन्य दस्तावेज में यह उल्लेख था कि इसी प्लॉट पर उर्दू स्कूल संचालित है और यह भूमि नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आती है. हाईकोर्ट ने कहा कि प्रथम हष्टया रिकॉर्ड से यह स्पष्ट होता है कि विवादित प्लॉट को लेकर अलग-अलग दावे मौजूद हैं. एक पक्ष मकान और निजी स्वामित्व का दावा कर रहा है, जबकि दूसरा पक्ष उसी प्लॉट के हिस्से पर स्कूल चलने की बात कह रहा है. ऐसी स्थिति में स्कूल पक्ष की मौजूदगी मुकदमे के प्रभावी और पूर्ण निपटारे के लिए जरूरी है.

## रांची में करमा पूजा की रात नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के बीआईटी ओपी क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. वारदात करमा पूजा की रात को अंजाम दिया गया था. बुधवार को पीड़ित छात्रा ने मामले की जानकारी पुलिस को दी. जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लोहरदगा के रहने वाले आरोपी बबलू को गिरफ्तार कर लिया है. रांची के बीआईटी मेसरा ओपी क्षेत्र में सोशल मीडिया के जरिए हुई दोस्ती के बाद 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा को करमा पूजा के दिन रात के समय में रोक कर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है. घटना की जानकारी मिलने के बाद बीआईटी मेसरा ओपी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी की पहचान लोहरदगा निवासी बबलू उरांव के रूप में हुई है.



**सोशल मीडिया के जरिए एक महीने पहले हुई थी दोस्ती**

पुलिस के अनुसार, नाबालिग छात्रा की आरोपी बबलू से सोशल मीडिया के माध्यम से एक महीने पहले ही दोस्ती हुई थी. दोनों के बीच बातचीत होने लगी थी. करमा पूजा घूमने के बहाने आरोपी ने छात्रा को अपने पास बुलाया और रात में जबरन उसे अपने ही कमरे में रोक लिया. इसी दौरान छात्रा के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया. छात्रा किसी तरह बुधवार को अपने घर पहुंची और अपने परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी. परिजनों की ओर से मामले की सूचना पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही बीआईटी मेसरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज की गई और पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी.

**एफआईआर के बाद तत्काल कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार**

बीआईटी मेसरा ओपी प्रभारी अजय कुमार दास ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बबलू को गिरफ्तार कर लिया है. छात्रा ने आरोपी के बीच सोशल मीडिया के माध्यम से हुई बातचीत से जुड़ी सूचनाएं भी उपलब्ध करवाई हैं.

## विद्यालय रैंकिंग में रांची का दबदबा, डीपीएस पहले तो लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल दूसरे स्थान पर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची।** प्रतिष्ठित सीफोर-विद्यालय रैंकिंग-2026 में रांची के विद्यालयों ने बेहतर शानदार प्रदर्शन किया है. दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची ने शहर में प्रथम रैंक हासिल किया है. वहीं लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल को दूसरा रैंक मिला है. दोनों विद्यालयों ने झारखंड के शीर्ष दस विद्यालयों में भी जगह बनाई है.





**डीपीएस रांची राज्य में पांचवें स्थान पर**

राज्य स्तर पर जमशेदपुर के लोयोला स्कूल को झारखंड का प्रथम रैंक मिला है. वहीं दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची को राज्य में पांचवां और लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल को दसवां स्थान प्राप्त हुआ है. राज्य के शीर्ष दस विद्यालयों में दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची, दिल्ली पब्लिक स्कूल, बोकारो और चिन्मय विद्यालय, बोकारो सहित कई प्रतिष्ठित विद्यालय शामिल हैं.

**कई मानकों पर हुआ विद्यालयों का मूल्यांकन**

सीफोर-विद्यालयों की रैंकिंग व्यापक राष्ट्रीय सर्वेक्षण और शोध प्रक्रिया के आधार पर तैयार की गई है. इसमें शिक्षकों की दक्षता, विद्यार्थियों के साथ उनका संबंध, शिक्षण पद्धति, पाठ्यक्रम की उपयोगिता, शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यालय का नेतृत्व एवं प्रशासन, आधारभूत संरचना और सुविधाएं, व्यक्तिगत शिक्षा, खेलकूद, सह-शैक्षणिक गतिविधियां, जीवन कौशल और सामाजिक समझ जैसे विभिन्न मानकों के आधार पर विद्यालयों का मूल्यांकन किया गया.

**244 शहरों–कस्बों के 64,567 लोगों ने लिया हिस्सा**

वर्ष 2026 के सर्वेक्षण में देश के 244 शहरों और कस्बों के 64,567 लोगों ने भाग लिया. इनमें अभिभावक, शिक्षक, प्राचार्य, शिक्षाविद और विद्यार्थी शामिल थे. सीफोर एक बहुविषयक शोध संस्था है. यह चुनावी सर्वेक्षण, जनमत सर्वेक्षण, बाजार अनुसंधान तथा विद्यालय और महाविद्यालयों की रैंकिंग के क्षेत्र में कार्य करती है. संस्था के सर्वेक्षण और शोध विभिन्न प्रमुख राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों में प्रकाशित और प्रसारित होते रहे हैं. शिक्षा के क्षेत्र में इसकी विद्यालय रैंकिंग को व्यापक पहचान मिली है

## 'गोलगप्पे की टोकरी और चना-चूर कॉर्नर वाला पंडाल': हिनू शुक्ला कॉलोनी में सजेगा 55 फीट ऊंचा अनोखा पूजा पंडाल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची।** राजधानी रांची के हिनू स्थित शुक्ला कॉलोनी में इस वर्ष सनातन संघ दुर्गा पूजा समिति की ओर से सड़क से हटकर खुले स्थान पर भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा. समिति पिछले 32 वर्षों से लगातार पूजा का आयोजन करती आ रही है. इस बार आम श्रद्धालुओं की सुविधा और सड़क पर यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने के उद्देश्य से पूजा स्थल को मुख्य सड़क से स्थानांतरित कर कॉलोनी के ही एक बड़े खुले मैदान में शिफ्ट किया गया है.



**बंगाल के गोलगप्पे व चना–चूर कॉर्नर की थीम पर बनेगा पंडाल**

सनातन संघ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष पंडाल का विषय (थीम) पश्चिम बंगाल की प्रसिद्ध और लोकप्रिय खाद्य संस्कृति से प्रेरित है. पंडाल के कलात्मक ढांचे में गोलगप्पे की छोटी टोकरी और पारंपरिक चना-चूर खाने वाले कोनों (स्ट्रीट फूड कल्चर) के खूबसूरत मॉडल शामिल किए जा रहे हैं. पंडाल की ऊंचाई लगभग 45 से 55 फीट और चौड़ाई करीब 60 फीट होगी, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनेगी.

**11 फीट ऊंची प्रतिमा में दिखेगा महिषासुर वध**

इस बार पूजा का मुख्य आकर्षण 11 फीट ऊंची मां दुर्गा की भव्य और जीवंत प्रतिमा होगी. प्रतिमा में मां दुर्गा को महिषासुर का वध करते हुए दर्शाया जाएगा, जिसमें शक्ति और सौम्यता का अद्भुत समन्वय देखने को मिलेगा. इस प्रतिमा को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से आए प्रसिद्ध मूर्तिकार मोहन दास तराश रहे हैं.

**21 लाख रुपये का बजट, सुरक्षा और सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम**

समिति के अनुसार, केवल पंडाल निर्माण पर करीब 11 लाख रुपये और पूरे पूजा आयोजन पर लगभग 21 लाख रुपये खर्च होंगे. पूजा के दौरान आकर्षक विद्युत सज्जा, भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, महाभोग और प्रसाद वितरण का आयोजन होगा. दर्शन के लिए आने वाली महिलाओं और बच्चों की सुविधा के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं.

**आयोजन समिति में कौन कौन लोग हैं शामिल**

आयोजन समिति के प्रमुख पदाधिकारी समारोह को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारी अमित कुमार, उमेश शर्मा, देवेश झा, राजेश कुमार सोनू, विनय सिंह, राजीव शर्मा, अमित तिवारी, राकेश शर्मा, अनीश यादव, सिद्धार्थ झा समेत अन्य सदस्य दिन-रात जुटे हुए हैं.

## खबर एक नजर

### झारखंड के फायर स्टेशनों को जल्द मिलेंगे 40 हाईटेक दमकल वाहन





**रांची।** झारखंड में अग्निशमन सेवा को आधुनिक बनाने की तैयारी तेज हो गई है. राज्य के फायर स्टेशनों को बहुत जल्द 40 आधुनिक मीडियम दमकल वाहन मिलने वाले हैं. 3000 लीटर क्षमता वाली इन हाईटेक वाहनों को अक्टूबर में तैनात किया जाएगा. ये सभी 40 दमकल वाहन रांची पहुंच चुके हैं. इन वाहनों को पटना की मोरजो मोटर्स ने विशेष रूप से तैयार किया है. फिलहाल इन्हें धुर्वा स्थित अग्निशामालय सह केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में रखा गया है. यहां तकनीकी टीम की देखरेख में इन्हें सुरक्षित खड़ा किया गया है. आपात स्थिति में पंप की ताकत सुनिश्चित करने के लिए इन वाहनों की डीप लिफ्ट टेस्टिंग चल रही है. इस प्रक्रिया में पानी खींचने और फेंकने के दबाव को परखा जा रहा है. टेस्टिंग की यह पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद इन सभी वाहनों का विधिवत रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा. वाहनों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन्हें राज्य के विभिन्न हिस्सों में भेजा जाएगा. अक्टूबर के पहले हफ्ते में इन वाहनों को जरूरत के अनुसार 44 फायर स्टेशनों पर तैनात कर दिया जाएगा. इससे राज्यभर में आग बुझाने के काम में काफी तेजी आएगी. गौरतलब है कि राज्य की अग्निशमन सेवा को कुल 132 अत्याधुनिक दमकल वाहनों से लैस किया जाना है. इसमें से 58 छोटे दमकल वाहनों को मुख्यमंत्री पहले ही हरी झंडी दिखाकर रवाना कर चुके हैं. संकरी गलियों में आग पर तुरंत काबू पाने के लिए इन छोटे वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है. जबकि और 34 बड़े वाहनों को शामिल किया जाना है. अगले एक महीने में ये वाहन भी रांची पहुंच जाएंगे.

### झारखंड में डीजीपी नियुक्ति पर सुनवाई अब 29 सितंबर को

**रांची।** झारखंड में डीजीपी नियुक्ति के मामले में अब मंगलवार (29 सितंबर) को सुनवाई होगी. ओडिशा के मामले में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत द्वारा सवाल उठाये जाने पर सॉलिसिटर जनरल ने जवाब देने के लिए समय मांगा. न्यायालय ने मंगलवार को सुनने पर सहमति जतायी. कोर्ट में मौजूद वरीय अधिवक्ता ने भी झारखंड के मामले की सुनवाई उसी दिन करने का अनुरोध किया. सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची और न्यायाधीश वी मोहना की पीठ में डीजीपी नियुक्ति पर सुनवाई शुरू हुई. सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने ओडिशा के आईपीएस अधिकारी सुशांत कुमार नाथ का नाम सूची से हटाने को सही करार देने के लिए दलील दी.

### उत्पाद विभाग ने झारखंड पुलिस से मांगा 26 साल में जब्त शराब का हिसाब



**रांची।** झारखंड सरकार के उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने झारखंड पुलिस से जब्त शराब का हिसाब मांगा है. उन्होंने राज्य के सभी 24 जिलों के एसपी को पत्र लिखकर कहा है कि पिछले 26 साल में पुलिस ने जितनी भी शराब जब्त की, उसका हिसाब दें. ताकि जब्त शराब को रिकॉर्ड में लाया जा सके. अभी विभाग के पास जब्त शराब को लेकर कोई भी रिकॉर्ड नहीं है. उत्पाद विभाग द्वारा सभी जिलों के एसपी को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि जब्त शराब को लेकर एक समेकित रिपोर्ट भेजें. रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख हो कि किस थाना की पुलिस ने किस तारीख व साल में किस ब्रांड की कितनी शराब की जब्ती की. जब्त शराब अभी कहां पर है. शराब जब्ती को लेकर पुलिस ने जो प्राथमिकी दर्ज की, जिन लोगों को गिरफ्तार किया, उस प्राथमिकी और आरोपी के बारे में भी जानकारी दें. उत्पाद विभाग को इस बात की चिंता है कि थानों की पुलिस जहरीली शराब जब्त करती है, ऐसी जहरीली शराब को समय पर नष्ट किया जाना जरूरी है. इसके साथ ही कई तरह के शराब लंबे समय तक पड़े रहने की वजह से भी जहरीली हो जाती है.

### खनिजों पर सेस वसूली खत्म करने के विरोध में 5-6 अक्टूबर को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र

**रांची।** खनिजों पर सेस लगाने का अधिकार खत्म करने के विरोध में झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र 5-6 अक्टूबर को आयोजित की जा सकती है. कल (25 सितंबर) को होने वाली कैबिनेट की बैठक में इसका प्रस्ताव लाया जा सकता है. उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने खनिजों पर सेस लगाने के राज्यों के अधिकार को खत्म कर दिया है. इस विधेयक के पारित होने के बाद झारखंड सरकार को सलाना करीब 15 हजार करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ेगा. झारखंड में सत्तारुढ़ झामुमो और कांग्रेस केंद्र सरकार के इस नए फैसले का विरोध कर रही है. केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ राज्य भर में आंदोलन चल रहा है. इसी मुद्दे पर झारखंड सरकार विशेष सत्र आयोजित कर केंद्र सरकार को एक संदेश देना चाहती है.

## सड़क हादसे के बाद ट्रक में फंसे तीन लोग, पुलिस ने क्रेन की मदद से किया रेस्क्यू

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के शांति नगर के पास बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित बंद दुकान में जा घुसा. टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा दुकान के अंदर बुरी तरह फंस गया. हादसे में ट्रक चालक समेत तीन लोग वाहन के अंदर फंस गए. पुलिस ने क्रेन की मदद से तीनों को बाहर निकाला, हादसे में चालक को गंभीर चोट आई है. हादसे के बाद टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे. स्थानीय लोगों ने ट्रक में फंसे तीनों लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण उन्हें निकालना संभव नहीं





हो सका. सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया. पुलिसकर्मियों ने भी काफी प्रयास किया, लेकिन ट्रक दुकान के अंदर फंसा होने के कारण घायलों को बाहर निकालने में सफलता नहीं मिली. इसके बाद पुलिस ने क्रेन मंगाई.

क्रेन की मदद से ट्रक को दुकान से बाहर खींचा गया, जिसके बाद पुलिस ने तीनों घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला. रेस्क्यू अभियान के दौरान सदर पुलिस की टीम लगातार मौके पर मौजूद रही. सभी घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि घटना बुधवार रात करीब एक बजे की है. अनियंत्रित मिनी ट्रक बंद दुकान में जा घुसा था, जिसमें चालक समेत तीन लोग फंस गए थे. पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर क्रेन की मदद से सभी को ट्रक से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा.

# ग्रामीणों के बीच पहुंचे आलमगीर आलम, एसआईआर के साथ सुनीं क्षेत्र की समस्याएं

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**हस्तीपाड़ा में जनसंवाद के दौरान सड़क, बिजली, पानी और आवागमन के मुद्दे उठे**



**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा प्रखंड के हस्तीपाड़ा पंचायत अंतर्गत धर्मपुर पुल के समीप गुरुवार को पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने ग्रामीणों के साथ जनसंवाद किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। स्थानीय कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री का बुके, माला और साल ओढ़ाकर स्वागत किया।जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने सड़क की जर्जर स्थिति, नाली, पेयजल, बिजली के जर्जर तार, आवागमन सहित कई बुनियादी समस्याओं की जानकारी दी। पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याओं को विस्तार से सुना और संबंधित विभाग एवं अधिकारियों के समक्ष मामले को उठाकर समाधान की दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। आलमगीर आलम ने ग्रामीणों को एसआईआर नोटिस के महत्व, मतदाता सूची में नाम के सत्यापन तथा आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं को एसआईआरसे संबंधित नोटिस मिला है, वे नोटिस में दिए निर्देश के अनुसार निर्धारित समय पर संबंधित पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि नाम, पता, जन्मतिथि सहित मतदाता सूची में दर्ज विवरण की जांच कर लें और किसी प्रकार की त्रुटि होने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुधार के लिए आवेदन करें। एसआईआर से संबंधित किसी भी तरह की परेशानी या भ्रम की स्थिति में संबंधित इछड अथवा BLA-2 से संपर्क कर सही जानकारी लेने की अपील की गई। जनसंवाद के दौरान कई ग्रामीणों ने अपने व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर की समस्याएं भी पूर्व मंत्री के सामने रखीं। आलमगीर आलम ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि जनता से सीधा संवाद करने से क्षेत्र की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण विषय पर लोगों को सही जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी है, ताकि योग्य मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसी क्रम में ग्रामीणों के आग्रह पर पूर्व मंत्री ने अगलोई पंचायत की जर्जर सड़क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क की स्थिति देखी और स्थानीय लोगों से समस्या की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित स्तर पर आवश्यक पहल कर सड़क की समस्या के समाधान का प्रयास करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, मोफक्कर हुसैन, मो. नसीरुद्दीन, अब्दुल कादिर, मो. सफातुल्लाह, मोरसलिम खान, मो. अख्तरूल, नवीद अंजुम, दिलदार, हेमातूर रहमान, मेहफूज, सुकुर, मंसूर रहमान, परवेज, शेखावत, शकील अहमद, शकील, नेहाल अख्तर, शारिक रब्बानी, आलमगीर मंसूरी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## साहिबगंज-मनिहारी गंगा पुल निर्माण में देरी के खिलाफ आजसू का धरना



**साहिबगंज।** साहिबगंज-मनिहारी के बीच गंगा पुल निर्माण कार्य में हो रही देरी पर आजसू ने गुरुवार को पुल निर्माण स्थल पर एक दिवसीय धारणा दिया। वही आजसू जिला अध्यक्ष चतुरानंद पाण्डेय ने बताया कि गंगा पुल निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर साहिबगंज-मनिहारी गंगा पुल निर्माण कार्य में हो रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि साहिबगंज और मनिहारी को जोड़ने वाला यह गंगा पुल क्षेत्र के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है, जिसके पूर्ण होने से साहिबगंज, मनिहारी तथा आसपास के क्षेत्रों में आवागमन, व्यापार, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी। हालांकि निर्माण कार्य अपेक्षित गति से नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण आम जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि निर्माण कार्य में लगातार हो रही देरी को लेकर स्थानीय जनता में काफी आक्रोश और निराशा है। जनता लंबे समय से इस परियोजना के शीघ्र पूर्ण होने की प्रतीक्षा कर रही है, लेकिन ऐसी स्थिति में संबंधित निर्माण एजेंसी एवं अधिकारियों की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा कराए जाने की आवश्यकता जताई गई है। पार्टी ने केंद्र सरकार से अपील किया कि संबंधित विभाग एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक निर्देश देकर कार्य को गुणवत्ता के साथ यथाशीघ्र पूर्ण कराने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि साहिबगंज और मनिहारी की जनता को इस महत्वपूर्ण परियोजना का लाभ शीघ्र मिल सके। मौके पर दर्जनों आजसू कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खनन एवं खनिज संशोधन विधेयक के विरोध में राजद का धरना-प्रदर्शन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता



**साहिबगंज।** खनन एवं खनिज संशोधन विधेयक 2026 के विरोध में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) साहिबगंज जिला कमेटी की ओर से गुरुवार को रेलवे स्टेशन चौक के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राजद जिलाध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने किया।इस दौरान राजद कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विधेयक को वापस लेने की मांग की।धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राजद जिलाध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने कहा कि केंद्र सरकार खनिज संपदा से जुड़े कानूनों में संशोधन कर देश के प्राकृतिक संसाधनों को निजी हाथों में सौंपने की दिशा में आगे बढ़ रही है।उन्होंने कहा कि झारखंड सहित देश के आदिवासी एवं खनन प्रभावित क्षेत्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार को इस विधेयक पर पुनर्विचार करना चाहिए। राजद जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी जनहित और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के मुद्दे पर लगातार आवाज उठाती रहेगी।वहीं,युवा राजद जिलाध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम हुसैन ने विधेयक को ह्लकाला कानूनह्व बताते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार सरकारी संस्थानों को पूंजीपतियों के हाथों सौंपने के बाद अब देश के खनिज संसाधनों पर भी निजी हितों को बढ़ावा देने की तैयारी कर रही है।उन्होंने कहा कि राजद इस विधेयक का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखेगा।सद्दाम हुसैन ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार विधेयक को वापस नहीं लेती है,तो राष्ट्रीय जनता दल सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगा।उन्होंने कहा कि धरना-प्रदर्शन के माध्यम से पार्टी ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई है।कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को मांग पत्र भी सौंपा जाएगा।इस मौके पर राजद जित्ता अध्यक्ष सत्यनारायण यादव,सचिव मुन्ना यादव,युवा जिला मो सद्दाम हुसैन,नगर अध्यक्ष दिनेश पासवान,मो०आबुल हुसैन,रामावतार सिंह,मामलेत शेख,जलपा हेमब्रम ।, राजकुमार पासवान बिनोद ठाकुर,भीम नारायण यादवअशोक मंडल, प्रकाश कुमार ,तनवीर आलम,दिलीप प्रामाणिक,बालदेव मंडल,अशरफ अली,प्रमोद कुमार यादव,अशोक यादव,रिंकू शेख सहित कई कार्यकर्ता

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर तीनपहाड़ पहुंची दिल्ली पुलिस, छापेमारी में नहीं मिला आरोपी



झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**तीनपहाड़/साहिबगंज।** पॉक्सो एक्ट के एक मामले में आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर गुरुवार को दिल्ली के कीर्तिनगर थाना की पुलिस साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ थाना पहुंची।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली के कीर्तिनगर में काम करने गई साहिबगंज जिले की एक आदिम जनजाति की नाबालिग लड़की ने कीर्तिनगर थाना में तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के अयोध्या गांव निवासी हुसैन नामक युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पॉक्सो सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कराया था।

उसी मामले में आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर दिल्ली के कीर्तिनगर थाना के हेड कांस्टेबल रविन्द्र कुमार गुरुवार को तीनपहाड़ थाना पुलिस के सहयोग से आरोपी के घर पर छापेमारी करने पहुंचे। हालांकि छापेमारी के दौरान युवक घर पर मौजूद नहीं मिला, जिसके बाद पुलिस टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा।

## घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ व सामान ले जाने का आरोप, महिला ने थाने में दर्ज कराया केस

**साहिबगंज।** जिले के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की रहने वाली बुलबुल देवी ने घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और सामान लूटने का आरोप लगाते हुए जिरवाबाड़ी थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। महिला ने आवेदन में राजेंद्र रविदास पर गंभीर आरोप लगाए हैं।पीड़िता के अनुसार, राजेंद्र रविदास उसके घर में घुसा और उसके साथ मारपीट करते हुए घर के सामान में तोड़फोड़ की तथा कई सामान लेकर चला गया। विरोध करने पर उसके और उसकी बेटी के साथ अभद्र गाली-गलौज करते हुए जान बुलबुल देवी ने यह भी आरोप लगाया कि राजेंद्र रविदास पिछले करीब आठ वर्षों से शादी का झूठा भरोसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। अब आरोपी ने कथित तौर पर उसे घर से जबरन निकाल दिया और घर के कागजात, बैटरी, इन्वर्टर, कान की सोने की बाली समेत अन्य सामान लेकर चला गया।मामले में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी ने बताया कि महिला का आवेदन प्राप्त हुआ है। इस संबंध में थाना कांड संख्या 190/26 दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर आरोपी के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।

## तीनपहाड़ पुलिस की कार्रवाई, बभनगामा से वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**तीनपहाड़/साहिबगंज।** तीनपहाड़ थाना पुलिस ने फरार वारंटी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार शाम थाना क्षेत्र के बभनगामा गांव में छापेमारी कर एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी गौरव भगत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान बभनगामा निवासी राजा रजक उर्फ अमिल (25) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आरोपी के खिलाफ लंबे समय से माननीय न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत किया गया था और वह फरार चल रहा था।गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बुधवार शाम उसके घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर गुरुवार को उसे न्यायिक हिरासत में राजमहल भेज दिया गया।

## दुगार्पूजा पर कोलकाता-बनारस के बीच चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**देवघर।** आगामी दुगार्पूजा, दीपावली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कोलकाता और बनारस के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन के परिचालन से झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के यात्रियों को त्योहार के दौरान आवागमन में सुविधा मिलेगी।रेलवे के अनुसार 05048 बनारसझ्रकोलकाता पूजा स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को 06 अक्टूबर से 24 नवंबर 2026 तक कुल आठ फेरे लगाएगी। यह ट्रेन बनारस से सुबह 10.45 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 6.15 बजे कोलकाता पहुंचेगी।वहीं, 05047 कोलकाताझ्रबनारस पूजा स्पेशल प्रत्येक बुधवार को 7 अक्टूबर से 25 नवंबर 2026 तक कुल आठ फेरे लगाएगी। ट्रेन कोलकाता से सुबह 8.25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 4.15 बजे बनारस पहुंचेगी।दोनों दिशाओं में परिचालन के दौरान ट्रेन दुगार्पुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर ठहरेगी। ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे।त्योहारों के दौरान घर लौटने वाले यात्रियों के लिए यह स्पेशल ट्रेन महत्वपूर्ण साबित हो सकती है, खासकर देवघर और मधुपुर क्षेत्र के यात्रियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

## राजमहल सिविल कोर्ट के आदेश पर तीनपहाड़ में रैयत को दिलाया गया जमीन पर कब्जा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।





**तीनपहाड़/साहिबगंज।** राजमहल सिविल कोर्ट के वरीय सिविल जज डिवीजन-III की अदालत के आदेश के बाद प्रशासन की ओर से संबंधित रैयत को जमीन पर कब्जा दिलाया गया।यह मामला एक्जीक्यूशन केस संख्या 25/2023 एवं मूल वाद संख्या 78/2014 से संबंधित है। अदालती दस्तावेज के अनुसार इस मामले में जैगुन निस्सा, पति स्व. हाजी हकीक शेख, निवासी तीनपहाड़ वादी हैं, जबकि अनवार अली, अख्तर अली, टिंकू अली, रिंकू अली, चांदनी बीबी, अनिस अली, हसीम अली, अमीक अली सहित अन्य लोग प्रतिवादी बनाए गए थे।अदालत की ओर से जारी आदेश में संबंधित बेलीफ को डिक्रीधारी को संबंधित संपत्ति का कब्जा दिलाने का निर्देश दिया गया था। आदेश के अनुपालन में प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई करते हुए रैयत को जमीन पर कब्जा दिलाया गया।दस्तावेज में संबंधित भूमि का विवरण जिला साहिबगंज, अंचल राजमहल, थाना राजमहल, मौजा तीनपहाड़, जेबी नंबर-02 एवं प्लॉट नंबर-54 के रूप में दर्ज है। भूमि की चौहद्दी में उत्तर दिशा में मस्जिद तथा दक्षिण दिशा में यूसुफ मियां का उल्लेख है।

प्रशासन की यह कार्रवाई अदालत के आदेश के अनुपालन में की गई है।

## करमा पूजा में छेड़खानी के बाद फायरिंग, दो गिरफ्तार; देशी कट्टा व खोखा बरामद



**साहिबगंज।** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के तेलियाडीह करमटोला गांव में करमा पूजा के दौरान महिलाओं से कथित छेड़खानी और गाली-गलौज के बाद फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने दो प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा और एक खोखा बरामद किया गया है।पुलिस के अनुसार, 22 सितंबर की रात करीब 9:30 बजे गांव की महिलाएं करमा पूजा कर रही थीं। इसी दौरान करण रिखीयासन, ग्राम ज्योतिमोड़, थाना जिरवाबाड़ी और रामकुमार राय उर्फ रामा, ग्राम चुनाचक, थाना महागामा, जिला गोड्डा, कथित रूप से महिलाओं के साथ गाली-गलौज एवं छेड़खानी करने लगे। आरोप है कि इसी दौरान करण रिखीयासन ने जूते में छिपाकर रखे देशी कट्टे से फायरिंग की और मौके से फरार हो गया।घटना के संबंध में मोनिका देवी के आवेदन पर मिजाचौकी थाना कांड संख्या 80/26, दिनांक 23 सितंबर 2026 को बीएनएस की संबंधित धाराओं एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

**एसपी के निर्देश पर गठित हुई छापामारी टीम**

घटना के बाद एसपी साहिबगंज के निर्देश पर एसडीपीओ सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम गठित की गई। टीम ने 23 सितंबर की रात कार्रवाई करते हुए दोनों प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

1. करण रिखीयासन, पिता स्व. मन्नु रिखीयासन, ग्राम ज्योतिमोड़, थाना जिरवाबाड़ी, साहिबगंज।
2. रामकुमार राय उर्फ रामा, पिता शिवनाथ राय, ग्राम चुनाचक, थाना महागामा, जिला गोड्डा।बरामदगीः एक देशी कट्टा एवं एक खोखा।

छापामारी टीम में एसडीपीओ सुशील कुमार सिंह, थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव, प्रवीण कुमार प्रभाकर, विक्रम कुमार बाउरी, कृष्ण कुमार सिंह, प्रभाष कुमार यादव, बिरेन्द्र नाथ भोक्ता एवं बेरगा सिंह हेम्ब्रम शामिल थे।

# स्टेशन पर उतरते ही भागा हसन चिकना, दो दर्जन पुलिसकर्मियों ने घेरकर दबोचा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची से कथित रूप से चोरी के सोने की डिलीवरी कर लौटने की सूचना पर ईटाहार पुलिस की बरहरवा स्टेशन में कार्रवाई**



**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को उस समय अचानक अफरा-तफरी मच गई, जब ट्रेन से उतरते ही एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पहले से घेराबंदी कर तैनात पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के ईटाहार थाना क्षेत्र निवासी हसन चिकना के रूप में बताई जा रही है। ईटाहार पुलिस के अनुसार वह चोरी के सोने से जुड़े एक मामले में वांछित था। बताया जाता है कि हसन चिकना रांची से कथित रूप से चोरी के सोने की डिलीवरी करने के बाद ट्रेन से लौट रहा था। उसके बरहरवा स्टेशन पर उतरने की सूचना ईटाहार पुलिस को पहले ही मिल गई थी। इसके बाद उत्तर दिनाजपुर पुलिस की टीम बरहरवा पहुंची और स्थानीय जीआरपी के सहयोग से स्टेशन परिसर में गुप्त रूप से घेराबंदी कर दी गई।

**सादे लिबास में चारों तरफ तैनात थी पुलिस**

पुलिस की कार्रवाई को गोपनीय रखने के लिए टीम के अधिकांश जवानों को सादे लिबास में स्टेशन के अलग-अलग हिस्सों में तैनात किया गया था। इंस्पेक्टर अभिषेक साह के नेतृत्व में करीब दो दर्जन पुलिस पदाधिकारी और जवान आरोपी के स्टेशन पहुंचने का इंतजार कर रहे थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार जैसे ही हसन चिकना ट्रेन से उतरकर स्टेशन परिसर में आगे बढ़ा, उसे पुलिस की मौजूदगी का शक हो गया। इसके बाद वह अचानक तेज गति से भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने तत्काल उसका पीछा किया और स्टेशन परिसर में ही उसे घेरकर पकड़ लिया।

**5 से 7 किलो सोना बरामद होने की चर्चा**

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के पास से बड़ी मात्रा में सोना बरामद किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस सूत्रों के हवाले से करीब 5 से 7 किलो सोना बरामद होने की जानकारी दी जा रही है। हालांकि, बरामद सोने की वास्तविक मात्रा, शुद्धता और अन्य सामान के संबंध में पुलिस की ओर से अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। गिरफ्तारी के बाद ईटाहार पुलिस आरोपी को बरहरवा जीआरपी थाना लेकर पहुंची। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे अपने साथ पश्चिम बंगाल ले जाया गया।

**ईटाहार थाना कांड संख्या 339/26 में था वांछित**

बरहरवा जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार हसन चिकना ईटाहार थाना कांड संख्या 339/26 में वांछित था। इसी मामले में उसकी तलाश की जा रही थी। सूचना मिलने के बाद ईटाहार पुलिस ने बरहरवा पहुंचकर कार्रवाई की और स्थानीय जीआरपी से सहयोग लिया।

**कई राज्यों में चोरी के मामलों से जुड़ा होने का दावा**

पुलिस सूत्रों के अनुसार हसन चिकना का नाम देश के अलग-अलग राज्यों में सोना चोरी से जुड़े मामलों में सामने आ चुका है। बताया गया है कि वह पूर्व में कई मामलों में जेल भी जा चुका है। झारखंड के बोकारो में भारतीय स्टेट बैंक में हुई चोरी के मामले में भी उसके आरोपी होने की जानकारी पुलिस की ओर से दी गई है। हालांकि, इन पुराने मामलों में उसकी भूमिका और वर्तमान कानूनी स्थिति संबंधित केस रिकॉर्ड एवं न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर ही स्पष्ट होगी।

**सोने की डिलीवरी से जुड़े नेटवर्क की जांच**

गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि रांची से कथित रूप से लाया गया सोना कहां से मिला था और उसे किस व्यक्ति तक पहुंचाया जाना था। साथ ही पुलिस आरोपी के संपर्क में रहने वाले अन्य लोगों तथा चोरी के सोने की खरीद-बिक्री से जुड़े नेटवर्क की भी जानकारी जुटा रही है।

पूछताछ के दौरान अंतरराज्यीय चोरी गिरोह के नेटवर्क, पूर्व की घटनाओं और सोने की कथित डिलीवरी से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग मिलने की संभावना जताई जा रही है।

# उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर विशेष रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ; 147 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**जिंदगी बचाने के लिए जरूरी है रक्तदान : उपायुक्त**

**ब्लड बैंक, पाकुड़ सहित सभी प्रखंडों के सीएचसी में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर**

**पदाधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों एवं आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा; उपायुक्त ने रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र देकर किया उत्साहवर्धन**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़ :** जिला प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को रक्त अधिकोष (ब्लड बैंक), पाकुड़ सहित जिले के सभी प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्त अधिकोष, पाकुड़ में आयोजित मुख्य शिविर का शुभारंभ उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पदाधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों तथा आम नागरिकों ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान कर मानव सेवा एवं सामाजिक दायित्व का परिचय दिया। मुख्य शिविर में कुल 147 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।इस अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि ह्लरक्तदान महादान है, क्योंकि रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान बेहद जरूरी है। सभी स्वस्थ एवं योग्य व्यक्तियों को आगे आकर स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए।ह्व उपायुक्त ने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। गंभीर बीमारी, दुर्घटना, प्रसव, थैलेसीमिया, एनीमिया अथवा अन्य आपात स्वास्थ्य परिस्थितियों में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो, इसके लिए ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त यूनिट का उपलब्ध रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अब प्रत्येक माह जिला एवं प्रखंड स्तर पर नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य अधिकाधिक रक्त संग्रहित करना तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है।उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके मानवीय एवं सामाजिक योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रक्तदाता समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके द्वारा किया गया यह पुनीत कार्य किसी जरूरतमंद के जीवन में नई उम्मीद ला सकता है।कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद एवं अंचलाधिकारी, पाकुड़ समेत अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों, समाजसेवियों, इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों तथा पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा में अपना योगदान दिया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान करते हुए आमजनों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया।उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा सितंबर माह में 24 एवं 28 सितंबर को विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से जिले में पर्याप्त रक्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ आमजनों को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है।

## जन औषधि केंद्र पर महंगी दवाओं की बिक्री के आरोप, नगर पंचायत अध्यक्ष ने जांच की मांग की



**हुसैनाबाद/पलामू।** अनुमंडलीय अस्पताल, हुसैनाबाद परिसर स्थित जन औषधि केंद्र को लेकर सोशल मीडिया पर प्रसारित शिकायतों और आरोपों की जांच की मांग की गई है। इस संबंध में हुसैनाबाद नगर पंचायत के अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने 24 सितंबर 2026 को पलामू उपायुक्त को पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक जांच कराने का आग्रह किया है।पत्र में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित पोस्ट में आरोप लगाया गया है कि जन औषधि केंद्र पर गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को निर्धारित सस्ती जन औषधियों के स्थान पर अन्य महंगी ब्रांडेड दवाओं की बिक्री अथवा आपूर्ति की जा रही है। साथ ही, जन औषधि केंद्र के संचालन एवं अस्पताल परिसर में इससे संबंधित व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं।नगर पंचायत अध्यक्ष ने पत्र में कहा है कि मामला सीधे तौर पर गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवा उपलब्ध कराने से जुड़ा है। ऐसे में जनहित को ध्यान में रखते हुए आरोपों की वास्तविकता सामने आना आवश्यक है।उन्होंने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि अनुमंडलीय अस्पताल परिसर स्थित जन औषधि केंद्र की जांच के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया जाए। जांच के दौरान केंद्र की अनुमति/स्वीकृति, दवा स्टॉक, बिक्री रजिस्टर, बिल-कैश मेमो तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही दवाओं की जांच कराने की मांग की गई है।पत्र में सोशल मीडिया पर लगाए गए आरोपों की भी जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने तथा जांच के बाद प्राप्त तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। साथ ही, मामले की जानकारी के लिए पत्र की प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी, हुसैनाबाद तथा सिविल सर्जन, पलामू को भी भेजी गई है।

## उप विकास आयुक्त ने किया जेआरडीए की भूमि का स्थलीय निरीक्षण

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**सभी भूखंडों के शत-प्रतिशत सत्यापन के दिए निर्देश**

**धनबाद**।उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने गुरुवार को झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकरण (जेआरडीए) के अधीन विभिन्न क्षेत्रों में स्थित भू-संपत्तियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को पुनर्वास योजनाओं की प्रगति और भूमि प्रबंधन को लेकर स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए। उप विकास आयुक्त ने जेआरडीए अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाली सभी भूमियों का अविलंब राजस्व अभिलेखों से मिलान कर भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिन्हित भूखंडों की सुरक्षा की स्थिति का जायजा लिया और स्पष्ट किया कि पुनर्वास हेतु आरक्षित भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा नहीं हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि से जुड़ी सभी प्रशासनिक औपचारिकताओं को तय समय सीमा के भीतर पूरा करें, ताकि अग्नि व भू-धंसान प्रभावित क्षेत्रों से लोगों के सुरक्षित पुनर्वास की प्रक्रिया निर्बाध गति से आगे बढ़ सके।निरीक्षण के दौरान झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकरण तथा जिला प्रशासन के संबंधित पदाधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

## पाकुड़िया में प्रोजेक्ट जागृति के तहत हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**रक्तदाताओं का उत्साह देखने योग्य, जिला प्रशासन की पहल पर लोगों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग**

**विनोद कुमार साह@ झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़िया**ःपाकुड़ जिले के पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिला प्रशासन द्वारा 'प्रोजेक्ट जागृति' के तहत एक विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मानव सेवा के इस पावन कार्य में अपना योगदान दिया। शिविर का शुभारंभ स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों एवं अधिकारियों की देखरेख में किया गया। रक्तदान करने आए युवाओं में भारी उत्साह देखा गया, जहां कई लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से घोषणा की गई कि सभी उत्कृष्ट एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले रक्तदाताओं को जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।
शिविर में मौजूद अधिकारियों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और आपके द्वारा दान की गई रक्त की एक बूंद किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकती है। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा टीम, स्वास्थ्य कर्मी एवं स्थानीय गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे और शिविर को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दिया।

## जमशेदपुर में दर्दनाक सड़क हादसा,मंत्री दीपिका की बेटी तृषा समेत तीन लोगों की मौत



**गोड्डा**ःजिले के महगामा विधानसभा की विधायक दीपिका पाण्डेय सिंह की छोटी बेटी तृषा सिंह ने 24 सितंबर की अहले सुबह करीब 3 बजे स्वीट चार पहिया वाहन से ट्रक में टकराकर उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव निकालने के लिए गैस कटर से काटकर शव को निकाला।हालांकि तब तक चारों लोगों की मौत हो चुकी थी।मामले की पुलिस ने पड़ताल करते हुए ट्रक और स्विफ्ट को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है।इधर घटना की सूचना मिलते ही मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह अपने निजी आवास खिरौंधी में बेहोश होकर गिर गई।हालांकि खिरौंधी गांव से मिली जानकारी के अनुसार मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह बार बार बेहोश हो रही थी।और बेहोशी के होते होते ही जमशेदपुर पहुंची।इधर घटना को लेकर मंत्री दीपिका के गांव खिरौंधी में भी कई लोग के आंख से आंसू छलके है।हालांकि सूत्रों के मुताबिक मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह की बेटी की अंतिम संस्कार रांची के धुर्वा स्थित सीठियो श्मशान घाट में किया जाएगा।

## बसेतकुंडी में पोषण माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम, स्वस्थ खान-पान और स्वच्छता का दिया संदेश

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़।** पोषण माह के तहत 24 सितंबर को बसेतकुंडी गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र एवं लोक कल्याण सेवा संस्थान के संयुक्त प्रयास से आयोजित हुआ। इसमें गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरियों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी गई। बताया गया कि गर्भावस्था एवं प्रसव के बाद महिलाओं के लिए पौष्टिक भोजन बेहद जरूरी है। इसी तरह बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों को शामिल करना आवश्यक हैजागरूकता कार्यक्रम में मौसमी फलों, हरी पत्तेदार सब्जियों, दाल, अनाज सहित अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों के नियमित सेवन के फायदे बताए गए। लोगों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री को अपने दैनिक भोजन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि परिवार को संतुलित आहार मिल सके और कुपोषण की समस्या को कम किया जा सके। इस दौरान स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली को लेकर भी जागरूक किया गया। भोजन से पहले और शौचालय के बाद साबुन से हाथ धोने, आसपास साफ-सफाई रखने, स्वच्छ पेयजल का इस्तेमाल करने तथा बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई।कार्यक्रम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और माताओं को बच्चों के खान-पान, देखभाल एवं स्वास्थ्य संबंधी जरूरी बातों की जानकारी देते हुए नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजकों ने कहा कि पोषण को लेकर जागरूकता बढ़ाकर ही स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज की दिशा में मजबूत कदम उठाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों से पौष्टिक आहार, स्वच्छता और स्वस्थ आदतों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया।

## अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की मासिक समीक्षा, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**हुसैनाबाद ,पलामूः** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. शशि भूषण ने की। इस दौरान मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीबी नियंत्रण कार्यक्रम समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।डॉ. शशि भूषण ने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार करने और उन्हें समय पर आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) तथा बच्चों के नियमित टीकाकरण में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर विशेष जोर दिया।बैठक में अस्पताल में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को 24 घंटे तत्पर रखने का निर्देश दिया गया। उपाधीक्षक ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।बैठक में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम), प्रखंड लेखा प्रबंधक (बीएएम), प्रखंड डाटा प्रबंधक (बीडीएम), विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों की सीएचओ, एएनएम, स्वास्थ्य कर्मी एवं अस्पताल के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## स्वास्थ्य ही सेवा: गणपुरा आयुष्मान आरोग्य मंदिर के डॉक्टर सरदारमल जाट ने पाकुड़िया स्वास्थ्य केंद्र में किया रक्तदान



**पाकुड़िया** स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित रक्तदान शिविर में गणपुरा आयुष्मान आरोग्य मंदिर के डॉक्टर सरदारमल जाटले ने रक्तदान कर समाज के सामने एक अनूठी और प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। रक्तदान शिविर के दौरान उन्होंने न केवल स्वयं आगे आकर रक्तदान किया, बल्कि वहां मौजूद अन्य लोगों और स्वास्थ्यकर्मियों को भी इस महादान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों और स्थानीय अधिकारियों ने डॉक्टर जाटले के इस मानवीय प्रयास की जमकर सराहना की। डॉक्टर सरदारमल जाटले ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं है, क्योंकि हमारे द्वारा किया गया एक यूनिट रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकता है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे बिना किसी झिझक के नियमित रूप से रक्तदान शिविरों में हिस्सा लें और समाज कल्याण के इस कार्य में अपना योगदान दें।

# लूटपाट के पांच आरोपित गिरफ्तार, 70 हजार नकद और थार बरामद

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**चतरा।** पत्थलगडा थाना क्षेत्र के ललन कुमार से नारकोटिक्स विभाग का स्टॉफ बताकर लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है।डीएसपी मुख्यालय सुनिल कुमार सिंह ने बताया कि 07 सितंबर 2026 को ललन कुमार ने आवेदन देकर अज्ञात अपराधकर्मियों ने नारकोटिक्स विभाग का स्टॉफ बताकर धोखाधड़ी करने की शिकायत की थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर एसपी के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया।पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और स्थानीय इनपुट के आधार पर कार्रवाई करते हुए रंजू कुमार, अभिषेक कुमार, प्रिंस कुमार यादव, अविनाश कुमार और बजरंगी कुमार उर्फ रंगा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर थाना जोरी क्षेत्र से आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। इनके पास से ठगी की रकम में इस्तेमाल किया गया काले रंग का थार वाहन (रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच02बीके 0166) और कुल 70 हजार रुपये नकद बरामद किया गया।गिरफ्तार आरोपितों में रंजू कुमार गया जिले के धनगाईं थाना क्षेत्र के महुआगाईं गांव, अभिषेक कुमार धनगाईं थाना क्षेत्र के सौखिया गांव, प्रिंस कुमार यादव बाराचट्टी थाना क्षेत्र के पिपराही गांव, अविनाश कुमार हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के केंदली कला तथा बजरंगी कुमार उर्फ रंगा चौपारण थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया गया है। पुलिस ने सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।छापामारी दल में वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह, प्रतापपुर थाना प्रभारी आलोक रंजन, इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, सब इंस्पेक्टर शिवा यादव, तकनीकी शाखा के आरक्षी विरेंद्र यादव और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## रोजगार की तलाश में पंजाब गए युवक की ट्रेन से गिरकर मौत



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**खूंटी।** परिवार की गरीबी दूर करने और पत्नी-बच्चों को बेहतर जिंदगी देने का सपना लेकर पंजाब कमाने गए खूंटी जिले के एक और मजदूर की घर लौटने से पहले ही दर्दनाक मौत हो गई। तोरपा प्रखंड के डोड़मा महुआटोली निवासी जयमसीह भेंगरा (38) की गुरुवार को गढ़वा के समीप ट्रेन से गिरने से मौके पर ही मौत हो गई।बताया जा रहा है कि जयमसीह सफर के दौरान ट्रेन के दरवाजे के पास खड़ा होकर मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था, उसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। फिलहाल उसके शव को गढ़वा के पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है, जहां शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। घटना की सूचना मिलते ही परिजन शव लाने के लिए गढ़वा रवाना हो गए हैं।भेंगरा इसी वर्ष जून महीने में रोजी-रोटी की तलाश में पंजाब गया था। घर की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय होने के कारण उसे परिवार का भरण-पोषण करने के लिए पलायन करना पड़ा था। करीब तीन महीने तक वहां मजदूरी करने के बाद वह खुशी-खुशी अपने घर लौट रहा थाघटना के बाद पुलिस ने जयमसीह की मौत की सूचना उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही पूरे गांव और परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही तोरपा के उप प्रमुख संतोष कुमार कर तत्काल मृतक के घर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने तत्काल शव वाहन (एमबुलेंस) की व्यवस्था कर परिजनों को गढ़वा के लिए रवाना किया, ताकि पोस्टमार्टम के बाद शव को गांव लाया जा सके।

## जय श्रीराम समिति के शपथ ग्रहण समारोह को ले बैठक आयोजित

**लोहरदगाः** जय श्रीराम समिति, जिला लोहरदगा की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को बजरंग करूवा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला संरक्षक, जिला पदाधिकारी एवं समिति के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 14 अक्टूबर को आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि 14 अक्टूबर को आयोजित होने वाला शपथ ग्रहण समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। समारोह में समिति के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह संगठन के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। इसके माध्यम से नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारियों एवं दायित्वों का संकल्प लेंगे। साथ ही आने वाले दिनों में संगठन के सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा कार्यों को और गति देने की दिशा में कार्ययोजना तैयार की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे बजरंग करूवा ने कहा कि जय श्रीराम समिति की सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा गतिविधियों से लोगों के बीच संगठन की पहचान मजबूत हुई है। उन्होंने सभी सनातनी बंधुओं से 14 अक्टूबर को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने बताया कि संगठन की अगली महत्वपूर्ण बैठक 30 सितंबर को आयोजित होगी। इसमें जिले एवं सभी प्रखंडों के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, संगठन विस्तार एवं विभिन्न गतिविधियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश तथा कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण समारोह को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, लक्ष्मी भगत, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, कन्हैया करूवा, बजरंग करूवा, शैलेश कुमार कुशवाहा, ओम महतो, विक्की कसेरा, उपेंद्र कुशवाहा, मनोज राम, गुड्डू साहू समेत समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे

# जरूरतमंद मरीजों के लिए पाकुड़ पुलिस ने बढ़ाया मदद का हाथ, 22 पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़।** जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने और रक्त की कमी के कारण किसी मरीज को परेशानी न हो, इस उद्देश्य से मंगलवार, 24 सितंबर 2026 को पाकुड़ जिले में विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन, पाकुड़ के तत्वावधान में आयोजित इस अभियान के तहत पुराने सदर अस्पताल, पाकुड़ सहित जिले के सभी प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में रक्तदान शिविर लगाया गया। अभियान में पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए मानवता की मिसाल पेश की।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने रक्तदान अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान कुल 22 पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने रक्तदान किया। पुलिसकर्मियों के इस प्रयास का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ आम लोगों को भी स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना रहा।

पुलिस विभाग की ओर से जारी संदेश में कहा गया कि रक्तदान किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। सड़क दुर्घटना, प्रसव, गंभीर बीमारी, ऑपरेशन अथवा अन्य चिकित्सकीय परिस्थितियों में मरीजों को तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ सकती है। ऐसे समय में रक्त की उपलब्धता मरीज और उसके परिवार के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है। एक स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी अन्य व्यक्ति के जीवन में उम्मीद की किरण बन सकता है। उन्होंने आम लोगों से भी स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की।

अधिकारियों ने बताया कि रक्तदान को लेकर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना भी इस अभियान का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। पुलिस पदाधिकारियों ने स्वयं रक्तदान कर समाज के अन्य लोगों को भी इस मानवीय कार्य के लिए प्रेरित किया। अभियान के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि समाज के सक्षम और स्वस्थ लोग नियमित रूप से रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद कर सकते हैं।

पुलिस विभाग की ओर से लोगों से अपील की गई कि 28 सितंबर को आयोजित विशेष रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोग आगे आकर स्वेच्छा से रक्तदान करें और जरूरतमंद मरीजों की मदद में सहभागी बनें। विभाग ने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी परिवार के लिए उम्मीद की किरण बन सकता है और समय पर उपलब्ध रक्त कई बार किसी की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## पाकुड़ में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जांच में जुटी पुलिस




**पाकुड़।** नगर थाना क्षेत्र के छोटी अलीगंज में 25 वर्षीय नवविवाहिता गीता कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। गुरुवार को वह अपनी बुआ के घर में संदिग्ध अवस्था में मिली। परिजन उसे तत्काल सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।बताया जाता है कि गीता कुमारी की शादी इसी वर्ष दुमका में हुई थी। शादी के बाद वह ससुराल नहीं गई थी और मायके में रह रही थी। इन दिनों वह अपनी बुआ के घर पर थी। घटना के बाद परिवार में मातम का माहौल है।घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना के एसआई मिथुन रजक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ के माध्यम से घटना की परिस्थितियों की जानकारी जुटाई जा रही है। मौत के वास्तविक कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों के संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## भूली मोड गोली कांड का पुलिस ने किया खुलासा, ईस्ट बसुरिया में मुठभेड़ ,मुख्य शूटर समेत चार गिरफ्तार



**धनबाद।** वासेपुर के भूली मोड पर 21 सितंबर को हुई दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना के बाद धनबाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।गोली कांड में फहीम खान के भाई नसीम उर्फ सोनू खान समेत तीन लोग घायल हुए थे। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हमलावरों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को आरोपियों के बारे में सुराग मिला। इसके बाद बुधवार देर रात ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के एक बंद स्कूल के पास पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस के अनुसार दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई। जवाबी कार्रवाई में भूली मोड गोली कांड का मुख्य सूत्र चंदन ठाकुर घायल हो गया। भागने के दौरान बाइक सवार प्रिंस कुमार भी घायल हुआ। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले में कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार करने की जानकारी दी है। उनके पास से हथियार और गोली बरामद होने की भी बात सामने आई है। पुलिस गोलीकांड के पीछे की पूरी वजह और अन्य संबंधित आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है।

## 15 गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई, वितरित किए गए न्यूट्रिशन किट

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**झरिया/धनबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया सह चासनाला सिंदरी में गुरुवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड ( एच यू आर एल) के सीएसआर सहयोग से एचएलएफपीपीटी संस्था द्वारा संचालित ₹सेहत साथी कार्यक्रम₹ के तहत गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 15 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उन्हें न्यूट्रिशन किट वितरित किए गए। महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व ,संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वयं की देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुमार गौतम ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक भोजन, नियमित जांच और उचित देखभाल मां एवं शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अभिजीत सिंह ने समय पर जांच, स्वयं देखभाल और उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के प्रति जागरूक रहने की जानकारी दी। एचएलएफपीपीटी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि न्यूट्रिशन किट में भुना चना,गुड, दलिया, मूंगफली ,खजूर और छुहारा शामिल हैं। साथ ही महिलाओं को आयरन- कैल्शियम की गोलियों के सेवन एवं संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई। मौके पर ब्लॉक अकाउंट्स मैनेजर कल्याण सिंह, ब्लॉक डाटा मैनेजर अमरदीप कुमार, समीर कुमार, गणेश झा, एएनएम, सहिया साथी, सहिया, गर्भवती महिलाएं एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

## पाकुड़िया मोंगलाबाँध में अजीमुश्शान सीरत-ए-गौसे आजम कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**विनोद कुमार साहा@झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़िया।** प्रखंड के मोंगलाबाँध गांव स्थित मदरसा परिसर में बुधवार की रात नमाज-ए-ईशा के बाद अजीमुश्शान सीरत-ए-गौसे आजम व इस्लाह-ए-मुआशरा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने पहुंचकर शिरकत की। जलसे की सदारत मोंगलाबाँध जामा मस्जिद के खतीब व इमाम मौलाना शकील मिस्बाही ने की, जबकि निगरानी मदरसा बरकातिया दारुल केराअत के सदर मुदर्रिस मौलाना मुखलिसुर रहमान ने की।दुमका से पहुंचे शायर-ए-हिन्दुस्तान मौलाना कारी सुखनवर दुमकावी ने नात-ए-पाक पेश कर महफिल को रूहानी माहौल से सराबोर कर दिया।

मुख्य वक्ता मुफ्ती सफीउल्लाह मिस्बाही ने हजरत शेख अब्दुल कादिर जिलानी गौस-ए-आजम की सीरत और शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इबादत, सच्चाई, नेक अमल, सादगी, गरीबों की मदद और समाज में सुधार पर जोर दिया।उन्होंने ग्यारहवीं शरीफ की परंपरा और इसके धार्मिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अवसर पर कुरआन की तिलावत, फातिहा, दुआ, नात-मनकबत और लंगर आदि के माध्यम से ईसाले-सवाब किया जाता है तथा जरूरतमंदों की मदद का संदेश दिया जाता है।कार्यक्रम में कई उलमा-ए-दीन की मौजूदगी रही। आयोजन को सफल बनाने में यूथ कमिटी मोंगलाबाँध के सदस्यों सहित स्थानीय लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अंत में दुआ-ए-खैर और सलातो-सलाम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर हजारीबाग जिले के सभी विद्यालय 24 सितंबर को रहेंगे बंद

**केजी से 12वीं तक की कक्षाओं का पठन-पाठन स्थगित रखने का उपायुक्त ने दिया निर्देश**

**हजारीबागः** भारत मौसम विज्ञान विभाग एवं भारत मौसम विज्ञान केंद्र, झारखंड, रांची द्वारा जारी विशेष बुलेटिन में झारखंड के विभिन्न जिलों में भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन, हजारीबाग द्वारा आवश्यक एहतियाती कदम उठाए गए हैं।उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, हजारीबाग के निदेशानुसार आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा-34 के तहत हजारीबाग जिले में संचालित सभी सरकारी, गैर-सरकारी एवं निजी विद्यालयों में केजी से 12वीं कक्षा तक का पठन-पाठन कार्य दिनांक 24 सितंबर 2026 को स्थगित रहेगा। इस अवधि में जिले के सभी संबंधित विद्यालय बंद रहेंगे।जिला प्रशासन ने सभी विद्यालय प्रबंधन को उक्त आदेश का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से भी अपील की गई है कि खराब मौसम एवं भारी बारिश की स्थिति को देखते हुए अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें तथा मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करते हुए आवश्यक सावधानी बरतें।

## ब्रह्माकुमारीज केरेडारी में लोकप्रिय सांसद मनीष जायसवाल का किया गया आत्मीय स्वागत , भेंट की गई शिव स्मृति प्रतीक चिन्ह

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



मंगलवार शाम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केरेडारी में माननीय सांसद मनीष जायसवाल जी का सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर बीके सरिता दीदी ने आत्म स्मृति का तिलक और ओम शांति पट्टा पहनाकर तथा शिव स्मृति प्रतीक चिन्ह भेंट की गई। इस दौरान केरेडारी सेवाकेंद्र के द्वारा की जा रही सामाजिक सेवाओं जैसे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत लाखों लोगों को जागरूकता संदेश , रक्तदान अभियान , स्वच्छ भारत अभियान , नैतिक शिक्षा के द्वारा युवाओं को श्रेष्ठता की ओर ले जाने , इत्यादि से अवगत कराते हुए सरिता बहन ने बताया कि आज के चुनौती पूर्ण जिंदगी तनाव से बचने के लिए मेडिटेशन बहुत ही कारगार उपाय है। ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने ब्रह्माकुमारीज के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू , राजस्थान में होने वाले ग्लोबल समिट का निमंत्रण देते हुए चलने को प्रेरित भी किया। इस मौके पर अतिथि सांसद महोदय , सेवाकेंद्र संचालिका बीके सरिता दीदी सहित पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा जी, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह ,बीएसएनल सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार सिंह , बड़कागांव विधानसभा प्रतिनिधि पूनम साव , भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष केरेडारी मंडल बालगोविंद सोनी जी , ब्रह्माकुमारीज संस्थान से बीके योगेंद्र भाई , बीके भीम भाई , बीके जागेश्वर भाई , बीके पूनम बहन , बीके अंजलि बहन सहित अन्य साथी उपस्थित रहें।

## बलियापुर पेट्रोल पंप लूट कांडः दो गिरफ्तार, 80 हजार समेत नकली हथियार बरामद

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**बलियापुर /धनबाद।** बलियापुर थाना क्षेत्र स्थित बिरसा पेट्रोल पंप (समीप हीरक मोड) में रात के अंधेरे में हथियार के बल पर हुई लूट की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट की राशि करीब 80 हजार रुपए समेत नकली हथियार और मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। सिंदरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रकाश चंद्र महतो ने गुरुवार को बलियापुर थाने में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 23- 24 सितंबर की मध्य रात्रि करीब 12:00 अज्ञात अपराधियों ने पेट्रोल पंप में हथियार दिखाकर लूटपाट की और 80 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। इस संबंध में बलियापुर थाना कांड संख्या 161/ 2026 धारा 309(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर लगभग 18 घंटे में अमन (उम्र करीब 24 वर्ष ,निवासी गायडेहरा ,थाना गोविंदपुर) और (विपुल सिंह, उम्र करीब 23 वर्ष, निवासी बिरसा पेट्रोल पंप के पास) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अपराध कबूल किया। आरोपियों से लोहे- प्लास्टिक का नकली गन, हल्का नीला बरसाती, लूट की लगभग 80 हजार रुपए नगदी, काले रंग की होंडा एसपी शाइन मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन झारखंड 10 डीडी 9678) और इंडियन ऑयल का कैशबैक बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को अग्रतर कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। कार्रवाई में बलियापुर थाना प्रभारी पु०अ०नि० सत्यजीत कुमार, पु०अ०नि० शिव शंकर उरांव,पु०अ०नि० महेश्वर महतो, आरक्षी 1324 महेंद्र यादव और आरक्षी 1085 दिनेश रजवार शामिल रहे।

## देवरिया कला और बारियातु में अकीदत और एहतराम के साथ मनाई गई ग्यारहवीं शरीफ, दुआओं से गूंजा माहौल



**केरेडारी/हजारीबाग।** सूफी सिलसिले के पेशवा, गौस-ए-आजम, बड़े पीराने पीर हजरत शेख अब्दुल कादिर जिलानी रहमतुल्लाह अलैह की याद में मनाई जाने वाली अजीमुश्शान 11वीं शरीफ की तकरीब ग्राम पंचायत बारियातु के देवरिया कला एवं बारियातु गांव में इस साल भी बड़ी अकीदत, एहतराम और धूमधाम के साथ मनाई गई। हर साल की तरह इस साल भी अकीदतमंदों ने बड़ी ताद में शिरकत की। अल्लाह के वली की बारगाह में फातिहा ख्वानी, कुरान ख्वानी और नात-ओ-मनकबत का एहतेमाम किया गया। उलेमा-ए-कराम ने हजरत गौस-ए-आजम की जिंदगी, उनकी तालीमात और इंसानियत के लिए किए गए कारनामों पर रोशनी डाली। तकरीब के दौरान मुल्क में अमन-ओ-अमान, भाईचारे, खुशहाली और तरक्की के लिए खुसूसी दुआ मांगी गई। दुआ के बाद तबर्रुक भी तकसीम किया गया। इस मौके पर दोनों गांवों के सैकड़ों की तादाद में महिला, पुरुष, बुजुर्ग और नौजवान मौजूद रहे और पूरी तकरीब इंतहाई अदब और एहतराम के साथ मुकम्मल हुई।

देवरिया कला और बारियातु में अकीदत और एहतराम के साथ मनाई गई ग्यारहवीं शरीफ, दुआओं से गूंजा माहौल

केरेडारी/हजारीबाग। सूफी सिलसिले के पेशवा, गौस-ए-आजम, बड़े पीराने पीर हजरत शेख अब्दुल कादिर जिलानी रहमतुल्लाह अलैह की याद में मनाई जाने वाली अजीमुश्शान 11वीं शरीफ की तकरीब ग्राम पंचायत बारियातु के देवरिया कला एवं बारियातु गांव में इस साल भी बड़ी अकीदत, एहतराम और धूमधाम के साथ मनाई गई।हर साल की तरह इस साल भी अकीदतमंदों ने बड़ी ताद में शिरकत की। अल्लाह के वली की बारगाह में फातिहा ख्वानी, कुरान ख्वानी और नात-ओ-मनकबत का एहतेमाम किया गया। उलेमा-ए-कराम ने हजरत गौस-ए-आजम की जिंदगी, उनकी तालीमात और इंसानियत के लिए किए गए कारनामों पर रोशनी डाली।तकरीब के दौरान मुल्क में अमन-ओ-अमान, भाईचारे, खुशहाली और तरक्की के लिए खुसूसी दुआ मांगी गई। दुआ के बाद तबर्रुक भी तकसीम किया गया।इस मौके पर दोनों गांवों के सैकड़ों की तादाद में महिला, पुरुष, बुजुर्ग और नौजवान मौजूद रहे और पूरी तकरीब इंतहाई अदब और एहतराम के साथ मुकम्मल हुई।

# जरूरतमंद मरीजों के लिए पाकुड़ पुलिस ने बढ़ाया मदद का हाथ, 22 पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान

झारखंड उजाला प्रतिनिधि



पाकुड़। जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने और रक्त की कमी के कारण किसी मरीज को परेशानी न हो, इस उद्देश्य से मंगलवार, 24 सितंबर 2026 को पाकुड़ जिले में विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन, पाकुड़ के तत्वावधान में आयोजित इस अभियान के तहत पुराने सदर अस्पताल, पाकुड़ सहित जिले के सभी प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में रक्तदान शिविर लगाया गया। अभियान में पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए मानवता की मिसाल पेश की। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने रक्तदान अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान कुल 22 पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने रक्तदान किया। पुलिसकर्मियों के इस प्रयास का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ आम लोगों को भी स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना रहा। पुलिस विभाग की ओर से जारी संदेश में कहा गया कि रक्तदान किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। सड़क दुर्घटना, प्रसव, गंभीर बीमारी, ऑपरेशन अथवा अन्य चिकित्सकीय परिस्थितियों में मरीजों को तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ सकती है। ऐसे समय में रक्त की उपलब्धता मरीज और उसके परिवार के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है। एक स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी अन्य व्यक्ति के जीवन में उम्मीद की किरण बन सकता है। उन्होंने आम लोगों से भी स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। अधिकारियों ने बताया कि रक्तदान को लेकर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना भी इस अभियान का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। पुलिस पदाधिकारियों ने स्वयं रक्तदान कर समाज के अन्य लोगों को भी इस मानवीय कार्य के लिए प्रेरित किया। अभियान के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि समाज के सक्षम और स्वस्थ लोग नियमित रूप से रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद कर सकते हैं। पुलिस विभाग की ओर से लोगों से अपील की गई कि 28 सितंबर को आयोजित विशेष रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोग आगे आकर स्वेच्छा से रक्तदान करें और जरूरतमंद मरीजों की मदद में सहभागी बनें। विभाग ने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी परिवार के लिए उम्मीद की किरण बन सकता है और समय पर उपलब्ध रक्त कई बार किसी की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में आर्थिक विकास दर ने चौंकाया



स्मिता सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में सराहनीय विकास दर हासिल करने को केंद्र सरकार की योजनाओं की सफलता के रूप में भी देखा जा सकता है। केंद्र सरकार ने मेक इन इंडिया नामक योजना को तेजी से आगे बढ़ाया है और इसने भारत को कई क्षेत्रों में आत्म निर्भर बनाने का कार्य सफलतापूर्वक किया है। दिनांक 31 अगस्त 2026 को सायंकाल में केंद्र सरकार ने भारत के वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के आंकड़े जारी किए हैं। विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष सहित अन्य वैश्विक संस्थानों, एसोचेम, भारतीय रिजर्व बैंक आदि के अनुमानों को धत्ता बताते हुए अप्रेल-जून 2026 की तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है।

जबकि, उक्त संस्थानों ने उक्त अवधि में 6.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत के बीच की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। उक्त वृद्धि दर वैश्विक स्तर पर विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं के बीच हासिल हुई है, इसलिए भारत के लिए यह एक मील का पत्थर साबित होगी। रूस-यूक्रेन युद्ध तो बहुत लम्बे समय से चल रहा है, ईरान-अमेरिका/इजराईल युद्ध भी इस तिमाही में जारी रहा, जिसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिली थी। एक समय तो कच्चे तेल की कीमतें 120 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गई थीं। ज्ञातव्य हो कि भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। ईरान द्वारा स्ट्रेट ओफ होर्मुज को बंद करने के पश्चात इस मार्ग से गुजरने वाले तेल के जहाजों को रोक दिया गया था एवं कच्चे तेल की आपूर्ति पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ा था। परंतु, भारत ने इस दयनीय स्थिति को बहुत ही सूझ बूझ के साथ सम्भाला और अन्य कई देशों से तेल एवं गैस का आयात जारी रखा, जिससे भारत में न तो तेल की आपूर्ति कम हुई और न ही भारत में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई।

जबकि अन्य कई देशों में तो पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। इतिहास भारत के युवाओं (जेन-जी) को इस बात को समझना होगा कि भारत आज आर्थिक विकास के जिस दौर से गुजर रहा है, वह बहुत ही संवेदनशील है। यदि देश में किसी भी प्रकार की अराजकता फैलायी जाती है तो आर्थिक विकास की पटरी से भारत डीरेल हो सकता है। आगे आने वाले 10 वर्षों तक भारत यदि विकास दर की इसी ट्रेजेक्टरी में अपने आप को बनाए रखने में सफल होता है तो भारत के वर्ष 1947 में विकसित राष्ट्र बनने के सपने को साकार होने से कोई रोक नहीं सकता है। अर्थ के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में अप्रेल-जून 2026 तिमाही में सराहनीय वृद्धि दर हासिल की गई है।



सकल मूल्य संवर्धन में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही है जो अप्रेल-जून 2025 की तिमाही में 7 प्रतिशत की रही थी। विनिर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर पिछले वर्ष की तिमाही में 8.3 प्रतिशत की रही थी जो इस वर्ष की तिमाही में बढ़कर 9.2 प्रतिशत की हो गई है। इसी प्रकार सेवा के क्षेत्र में भी आर्थिक विकास दर इस वर्ष की प्रथम तिमाही में बढ़कर 10 प्रतिशत पर पहुंच गई जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 8 प्रतिशत रही थी। भारत की अर्थव्यवस्था उपभोग आधारित है, अतः निजी उपभोग में इस वर्ष की तिमाही में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 6.8 प्रतिशत रही थी।

सकल स्थिर पूंजी निर्माण में भी अतुलनीय 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में केवल 5.8 प्रतिशत की रही थी। इसी प्रकार, रोजगार निर्मित करने वाले क्षेत्रों में भी विकास दर प्रभावशाली रही है। वित्तीय क्षेत्र में वृद्धि दर 12.1 प्रतिशत की दर्ज हुई है तो व्यापार, होटल, यातायात एवं संचार के क्षेत्र में 8.5 प्रतिशत की विकास दर हासिल की गई है। साथ ही गैस एवं विजली उत्पादन में भी वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत की रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में सराहनीय विकास दर हासिल करने को केंद्र सरकार की योजनाओं की सफलता के रूप में भी देखा जा सकता है। केंद्र सरकार ने मेक इन इंडिया नामक योजना को तेजी से आगे बढ़ाया है और इसने भारत को कई क्षेत्रों में आत्म निर्भर बनाने का कार्य सफलतापूर्वक किया है।

विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डिजिटल भुगतान, फिन टेक, इंजिनीयरिंग डिजाइन, व्यापार परामर्श, वैश्विक ग्लोबल योग्यता सेंटर, आदि क्षेत्रों में भारत आज पूरे विश्व में लीड कर रहा है। मेक इन इंडिया योजना ने भारतीय नागरिकों में जोश भरा और भारत की प्रतिभा का डंका पूरे विश्व में बज गया है। दूसरे, भारत में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना को भी लागू किया गया। इस योजना ने भारत को उपभोक्ता बाजार से निकालकर मजबूत वैश्विक विनिर्माण हब में बदल दिया है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 14 प्रमुख क्षेत्रों में करीब 2.3 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है, 16.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कुल उत्पादन हुआ है एवं 12 लाख से अधिक रोजगार के नए अवसर निर्मित हुए। इसके उपरांत प्रारम्भ हुई प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के अंतर्गत सड़क, रेल, बंदरगाह, एयरपोर्ट और लाजिस्टिक को पहली बार इंटीग्रेटेड तरीके से जोड़ने की कोशिश की गई।

समर्पित मालवाहक गलियारों का निर्माण तो इस दृष्टि से मील का पत्थर साबित हुए हैं। नए एक्सप्रेस वे ने माल ढुलाई का समय घटाया। लागत को कम किया और भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया। 86,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निर्यात इस सफलता की कहानी को दशार्ता है। निर्यात में अतुलनीय वृद्धि दर उस समय पर हासिल की गई है जब अमेरिका की टैरिफ नीति ने पूरे विश्व को परेशान किया हुआ है। साथ ही, रूस यूक्रेन युद्ध, ईरान इजराईल-अमेरिका युद्ध, इजराईल हमास युद्ध एवं वैश्विक स्तर पर अस्थिरता का बने रहना भी शामिल है। इन परिस्थितियों के बीच भारत ने उत्पादों एवं सेवा के क्षेत्र में निर्यात का रिकार्ड बनाया है। जबकि कई देशों की अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती बनी हुई है। भारत के कुल निर्यात में सेवा क्षेत्र की कुल हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। यदि भारत को चीन जैसी विनिर्माण क्षेत्र की ताकत बनाना है तो भारत को हाई वैल्यू मैन्युफेक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, मशीनरी, और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के क्षेत्र को और अधिक मजबूत करना होगा। घरेलू उत्पाद बढ़ाकर न केवल उत्पादों के आयात को कम किये जाने का प्रयास किया जा रहा है बल्कि वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेसरी भी बढ़ाई जा रही है। भारत में हाल ही में आई मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक क्रांति का भी इसमें बहुत बड़ा योगदान है। वर्ष 2014 में भारत में केवल 2 मोबाइल उत्पादन इकाईयां कार्यरत थीं। आज भारत मोबाइल निर्माण के क्षेत्र में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा निमार्ता देश बन गया है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि, नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** दोस्तों और भाइयों से सहयोग मिलेगा. नए काम शुरू होंगे और सोचे हुए काम भी पूरे होंगे. काम भी पूरे हो सकते हैं. संपत्ति के कामकाज पर ध्यान देंगे. आपका पराक्रम बढ़ सकता है. सौदेबाजी में बहुत अच्छी सफलता भी मिलने के योग हैं. आपका दिन परिवार, निजी जीवन और पैसों के मामले में ही बीत सकता है. जरूरी कामों की योजना बन सकती है. अपनी जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान दें. पार्टनर के लिए समय निकालें. सेहत के मामले में सावधानी जरूर रखें.

**वृषभ राशि :-** आज भागीदारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है. इस कारण आप बेचैन और अनिश्चित हो सकते है. आर्थिक पक्ष अस्थिर हो सकता है. व्यापारी वर्ग को सार्वजनिक समर्थन हासिल करने के लिए अथक प्रयास करने की आवश्यकता हैं. आपके आलोचक और शत्रु आपके लिए समस्याएं पैदा करेंगे, वह आप पर हावी हो सकते हैं. किन्तु आप कूटनीति के प्रयोग से उन्हें चुप करा सकते हैं.

**मिथुन राशि :-** आज अचल संपत्ति में लाभ के योग आपकी राशि में दिखाई देते हैं. आज का दिन प्यार मामलों के मामले में बहुत खास होगा. भाई-बहनों के साथ तर्क आपको काफी उदास कर सकता है और आप असहाय महसूस कर सकते हैं. परिवार में किसी को सुधारने का जिम्मा आप खुद उठा सकते हैं. रिश्तों के बीच आपसी समझ बढ़ाने के लिये भी दिन अच्छा है. आपको किसी प्रॉपर्टी से मुनाफा हो सकता है. आज आपको विवाह प्रस्ताव भी मिल सकते हैं?.

**कर्क राशि :-** नए काम और नई बिजनेस डील सामने आ सकती है.परेशानियों से निपटने के लिए दिन अच्छा रहेगा. कोई नया ऑफर भी मिल सकता है. सोचे हुए काम शुरू कर दें, आपके काम जल्दी ही पूरे हो जाएंगे.रोजमर्रा के काम पूरे होने में कोई रुकावट नहीं आएगी. आप आगे भीबढ़ेंगे. महत्वपूर्ण मीटिंग और काम करने के लिए दिन शुभ है. समस्याएं भी जल्दी ही खत्म हो जाएंगी.

**सिंह राशि :-** यह आपके लिए बाधाओं और मुश्किल से निपटने के लिए एक कठिन समय है. आज कार्यस्थल पर दूसरों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने से बचें. अपने लक्ष्यों को प्राथमिकताओं दें. दूसरों से उपहार प्राप्त करने का यह अच्छा समय है. लंबे समय से लंबित अदालती मामले आपके पक्ष में सुलझेंगे. जो लोग नौकरी की तलाश कर रहे हैं, उन्हें मौका मिलेगा. पारिवारिक एवं सामाजिक संदर्भ में आप किसी भी गलती के लिए सवालों के घेरे में आएंगे.

**कन्या राशि :-** नए ग्राहकों से बात करने के लिए बेहतरीन दिन है. आज कुछ ऐसा दिन है जब चीजें उस तरह नहीं होंगी, जैसी आप चाहते हैं. प्रेमियों के मध्य कुछ मनमुटाव हो सकता है. आप नया वाहन खरीद सकते हैं. खर्च की मात्रा बढ़ने से आर्थिक तंगी का अनुभव हो सकता है. इष्टदेव की आराधना करें. शारीरिक परिश्रम की अधिकता रहेगी. आज पारिवारिक समस्याओं को लेकर भी आप परेशान हो सकते हैं लेकिन ध्यान रखें किसी भी परेशानी का हल करने में सक्षम हैं.

**तुला राशि :-** दिन आपके लिए अच्छा है. आप परिस्थितियों का फायदा उठाकर अपने काम पूरे कर सकते हैं. कामकाज में भी आपका मन लगेगा.आज आपको अचानक कुछ अच्छे अवसर मिल सकते हैं. आप उनका फायदा उठाने के लिए तैयार रहें. अचानक मन में बदलाव आ सकते हैंजो कि आपके लिए फायदेमंद रहेंगे. जीवनसाथी से संबंधों में अनुकूलता रहेगी. दिन आपके लिए अच्छा है. पार्टनर से सरप्राइज मिलने के योग हैं. आपकी सेहत अच्छी रहेगी.

**वृश्चिक राशि :-** आप सभी गतिविधियों में चमकेंगे और आज भाग्य आपका साथ देगा. नौकरीपेशा जातकों के लिए कोई विशेष कार्य सफलता प्रदान कर सकता हैं. विदेशी संपर्क वाले लोगों को कुछ अचानक लाभ मिलेगा और यात्रा भी हो सकती है. आय अच्छी रहेगी और स्वरोजगार में लिप्त जातक एक आकर्षक सौदे को अंतिम रूप प्रदान कर सकते हैं. पारिवारिक सदस्यों के मध्य सामंजस्य रहेगा और पारिवारिक उत्सव आपको व्यस्त रखेंगे.

**धनु राशि :-** आपके खर्चे बजट को बिगाड़ सकते हैं और इसलिए कई योजनाएँ बीच में अटक सकती हैं. आर्थिक निवेश और लेन-देन से बचें, नुकसान होने संभावना है. कमाई घट सकती है और धन अवरुद्ध हो सकता है. प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे. आज आपकी राशि में वाहन सुख दिखाई देता है आज खर्च की आशंकाएं आपके साथ हैं इसलिए खर्च करते समय आपको थोड़ा सावधानी बरतनी चाहिए. संबंधो में भावनाओ की प्रधानता रहेगी.

**मकर राशि :-** आज आपको दिनभर सावधान रहना होगा. कुछ लोग अपने स्वार्थ के कारण आपके ही लिए परेशानी खड़ी करने की कोशिश करेंगे, सावधान रहें. आपके मन में उथल-पुथल हो सकती है. पुरानी बातों में आज आप उलझे हुए रहेंगे. किसी समस्या का समाधान हाथों-हाथ नहींहोगा. कुछ खास काम आज अधूरे रह सकते हैं. काम में आपका मन नहीं लगेगा. बिजनेस में नए एग्रीमेंट अभी न करें तो ही अच्छा है. सेहत के मामले में दिन ठीक-ठाक रहेगा.

**कुम्भ राशि :-** आपका रचनात्मक कौशल आज चरम पर होगा और आप इसका उपयोग अपने सभी कामों में करेंगे. रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोग अच्छा करेंगे और अच्छा लाभ भी प्राप्त करेंगे. आप बैठकों, प्रस्तुतियों, प्रदर्शनियों और सम्मेलनों में लोकप्रिय रहेंगे. आप अपने घर को ठीक करने की योजना बनाएंगे और कुछ कलाकृतियों की खरीदारी भी करेंगे. आज आपकी सहभागिता बढ़ेगी और आप अपने दोस्तों या परिवार के साथ एक छोटी यात्रा कर सकते हैं.

**मीन राशि :-** आज कोई भी बड़ा कदम उठाने से पहले आपको उससे जुड़े जोखिम के उपर भी विचार करना चाहिए. कार्य स्थल पर किसी से झगड़े और टकराव से बचने की कोशिश करें. आगे बढ़ने का दौर है. जो काम आपको दिया जाएगा, उसे आप निपटा लेंगे. आप जो भी करेंगे, उसके साथ कुछ एक्स्ट्रा जिम्मेदारी भी रहेगी. प्रेम संबंधों में सावधानी बरतें. आप अपने दिनभर के कामों की एक लिस्ट तैयार कर लें. परिवार की कुछ जिम्मेदारियां जीवनसाथी को सौंप सकते हैं.

## दुखद हिंसा

कश्मीर में आतंकी हमलों का नया दौर दुखद ही नहीं, शर्मनाक भी है। बाहरी लोगों और विशेष रूप से बिहारवासियों को जिस तरह से निशाना बनाया गया है, उससे चिंता का दायरा बहुत बढ़ जाता है। मजदूरों और छोटे-मोटे धंधे करने वाले लोगों को मारने से किसका गौरव बढ़ रहा है? गरीबों की हत्या को आखिर किस आधार पर जायज ठहराया जा सकता है? कौन सा मजहब या कौन से राज्य की संस्कृति ऐसी हत्याओं का पक्ष ले सकती है? एक संदिग्ध संगठन ने प्रवासी मजदूरों पर हुए ताजा हमलों की जिम्मेदारी ली है और जो बहाना बनाया गया है, वह निंदनीय व हास्यास्पद है। इंसानियत पर धब्बा साबित हुए आतंकी चाहते हैं कि प्रवासी कश्मीर छोड़ जाएं, मानो कश्मीर उनकी व्यक्तिगत जायदाद हो? यह भी कहा गया है कि चूंकि बिहार में मुस्लिमों की हत्या हुई है, उसी का बदला लिया जा रहा है। बिहार या इतने बड़े देश में कहीं भी मुस्लिमों को निशाना बनाने जैसी कोई घटना नहीं है, इक्का-दुक्का हिंसक घटनाएं जो सामान्य रूप से होती आई हैं, उनमें पुलिस यथोचित कार्रवाई कर रही है। यह नहीं कहा जा सकता कि कश्मीर से बाहर देश में कहीं भी धार्मिक आधार पर विद्वेष की हवा चल रही हो। फिर भी अगर मजहब ही हत्या का आधार है, तो फिर सहारनपुर के सगीर अहमद को क्यों मारा गया? अपनी कुत्सित सुविधा के अनुसार, कभी बाहरी लोगों को, तो कभी गैर-मुस्लिमों को निशाना बनाना हर लिहाज से नाकाबिले बर्दाश्त है।

इन वारदात को अंजाम देकर आखिर कहां मुंह छिपाएंगे आतंकी? उन्हें ठिकाने लगाए बिना भारत में न्यायप्रियता स्थापित नहीं हो सकती। उनके कुतर्कों का जवाब सजा से ही देना चाहिए। कश्मीर में इस महीने मारे गए सभी 11 नागरिकों को न्याय मिलना चाहिए। अब सदी बदल चुकी है, आतंकवाद को भारत में कतई कामयाबी नहीं मिलने वाली। जो लोग हिम्मत करके कश्मीर पहुंचे हैं, जो लोग वहां अर्थव्यवस्था को बल प्रदान कर रहे हैं, उनके साथ नाइंसाफी दरअसल कश्मीर के साथ नाइंसाफी है। कश्मीर के लोगों को स्वयं ऐसी हिंसा का विरोध करना चाहिए। मानवीय और तार्किक आधार पर सोचना चाहिए। कश्मीर के दुश्मन हैं वे लोग, जो बाहरी या मजहबी आधार पर हिंसा कर रहे हैं। उनका चेहरा आज से तीस साल पहले छिप गया था, लेकिन अब नहीं छिपना चाहिए। भारत में हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह ऐसी हिंसा या सांप्रदायिकता के खिलाफ सावधान रहे। जो लोग कश्मीर में अमन चाहते हैं, उनके लिए यह परीक्षा की घड़ी है। यह अच्छी बात है कि बिहार सरकार अब कश्मीर में मारे जा रहे बिहारवासियों के परिजनों के साथ खड़ी हो गई है। हर राज्य को अपने नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान के प्रति सचेत रहना ही चाहिए। अगर बिहारवासी को कहीं सताया जा रहा है, तो इसकी चिंता बिहार के लोगों के साथ-साथ सरकार को भी होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड के लोगों का इस देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान है, इनके हित में देश में नई सजगता आनी चाहिए। कश्मीर में जो मजदूर मारे गए, उन्हें बिहार सरकार ही अकेले मुआवजा क्यों दे, क्या केंद्र सरकार को भी आगे नहीं आना चाहिए? कश्मीर में पूरी राजनीतिक बिरादरी को एकजुट होकर आगे आना होगा, ताकि हिंसा के नए दौर को समय रहते समाप्त किया जा सके और कश्मीरियत के दामन पर और दाग न लगे।

## पुणे के डीजे वाले बाबू




पुणे की जनता गणेशोत्सव में होनेवाले शोर-शराबे के खिलाफ सड़कों पर उतर आई है। गणेशोत्सव की उज्ज्वल परंपराडीजे के कानफोड़ू शोर में नष्ट हो रही है।डीजे पर प्रतिबंध के लिए पुणेवासियों द्वारा शुरू किया गया आंदोलन महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में भी फैल सकता है। पुणेवासियों ने तो बस शुरूआत की है। जिस तरह लाउडस्पीकर से होने वाली अजान/बांग से सबको तकलीफ होती है, ठीक वैसी ही तकलीफ गणेशोत्सव में डीजे के धमाकेदार शोर से भी होती है।गणेशोत्सव भक्ति का है या इस शोर-शराबे और ध्वनि प्रदूषण का?, यह सवाल पुणे के लोगों ने पूछा है। रविवार को पुणे के डेक्कन इलाके स्थित गुडलक चौक और अभिनव चौक में प्रदर्शन हुआ, जिसमें हजारों पुणेवासी स्वतःस्फूर्त रूप से एकत्र हुए। गुडलक चौक नेजंतर-मंतर के आंदोलन जैसा रूप ले लिया। डीजे के धमाकों से पुणेवासियों के कान के पर्दे खराब हो चुके हैं और यह कानफोड़ू शोर कोई हिंदुत्व या सार्वजनिक गणेशोत्सव नहीं है। लोकमान्य तिलक ने राष्ट्रीय एकता के उद्देश्य से सार्वजनिक गणेशोत्सव की शुरूआत की थी। सामाजिक सुधार, राष्ट्रीय जागृति और लोकरंजन, मनोरंजन के माध्यम से शिक्षा जैसे सार्वजनिक गणेशोत्सव के उद्देश्य आगे बढ़ते रहे। सार्वजनिक उत्सवों में समय के साथ बदलाव होते रहे, लेकिन इसकी पवित्रता को कभी कम नहीं होने दिया गया। महाराष्ट्र के

### सांस्कृतिक जीवन पर

निःसंदेह इस उत्सव ने अपनी छाप छोड़ी है। जन-जागृति और मनोरंजन की तरह ही कई सार्वजनिक मंडल दानपेटी में जमा राशि से जनसेवा करते हैं। गणेशोत्सव का मंच कभी कई कलाकारों के लिए एक अधिकारपूर्वक मिलनेवाला मंच हुआ करता था। क्या अब वह वैसा रहा है? भक्ति गीत, व्याख्यान, नाट्य प्रस्तुतियां, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, फैंसी ड्रेस और संगीत कुर्सी जैसे कार्यक्रम गणेशोत्सव के दौरान होते थे। उनकी जगह अबडीजे वाले बाबुओं ने ले ली है और मंडलों के बीच कानफोड़ू आवाजों की स्पधाएं शुरू हो गई हैं। चंदे के लिए जबरदस्ती करना, कर्ण कर्कश स्वर में गाने बजाना और मंच पर बाहरी कलाकारों के अश्लील ठुमके लगवाना सार्वजनिक गणेशोत्सव की परंपरा नहीं है। अब तो मुंबई-पुणे के बड़े उद्योगपति प्रमुख सार्वजनिक उत्सवों में करोड़ों का दान देकर त्योहारों पर अपना वर्चस्व स्थापित कर रहे हैं। पुणे के गणेशोत्सव का पिछले कुछ समय का चित्र विकृत रहा है। इस दौरान पुणे अधिक व्यस्त और भीड़भाड़ वाला होता है। पुणे में रिश्तेदारों का तांता लगा रहता है। विदेश में रहने वाले पुणेवासी भी अपने शहर उत्सव के लिए आते हैं। वे मंडलों के विभिन्न पंडालों में जाते हैं, जहां वे धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल चाहते हैं। उत्सव के चलते शहर में यातायात ठप हो जाता है, उसे भी बर्दाश्त कर लिया जाता है; लेकिन जब पुणेवासी कहते हैं किडीजे वाले बाबुओं का यह अत्याचार बंद करो, तो उनकी आवाज सुनी जानी चाहिए।

### गुडलक चौक में बुलंद आवाज

गुडलक चौक पर इकट्ठे हुए सैकड़ों पुणेवासियों ने नारे लगाएःडीजे बंद करो, पुणे की संस्कृति बचाओ। शोर नहीं चाहिए, आरती सुनने दो। पुणेवासियों के इस आंदोलन को कलहिंदुत्व विरोधी ठहरा दिया जाएगा। गुडलक चौक पर जमा हुए लोगों कोदिमागी नक्सल बताकर दुष्प्रचार किया जाएगा, क्योंकि इन दिनों हिंदुत्व और संस्कृति को विकृत मोड़ देने का काम जोर-शोर से चल रहा है। गुडलक चौक के डीजे-विरोधी आंदोलन को विदेशी धन मिलने की बयानबाजी करने में भी ये लोग पीछे नहीं हटेंगे। महाराष्ट्र के समाज सुधारक और प्रगतिशील नेता पुणे में ही जन्मे और उन्होंने सामाजिक आंदोलनों को दिशा दी। तिलक द्वारा शुरू किया गया सार्वजनिक गणेशोत्सव सामाजिक एकजुटता का ही एक आंदोलन था। अब इस आंदोलन का रूपककर्कश डीजे में बदल गया है। फिर भी, अच्छी बात यह है कि पुणे के गणेशोत्सव की पारंपरिक और सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने के लिए पुण्यनगरी के दो सौ से अधिक गणेश मंडलों ने इस साल के गणेशोत्सव को पूरी तरहडीजे-मुक्त रखने और पारंपरिक ढोल-ताशे, बैंड तथा मराठी सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने की घोषणा की है। इनका नेतृत्व श्रीमंत भाऊसाहेब रंगारी गणपति मंडल कर रहा है, जो निःसंदेह प्रशंसा का पात्र है। यह इस बात का प्रमाण है कि डीजे वाले बाबुओं के खिलाफ पुणेवासियों की आवाज बुलंद है!

## राजनीति सनातन विरोध की बजाय आममुद्दों पर केंद्रित हो

यह भी सत्य है कि अनेक विपक्षी दल स्वयं को सनातन विरोधी नहीं, बल्कि सामाजिक कुरीतियों, जातिवाद और भेदभाव के विरोधी बताते हैं। उनका तर्क है कि वे सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की बात करते हैं। यह दृष्टि लोकतंत्र में स्वीकार्य है, क्योंकि हर परंपरा में आत्मसमीक्षा और सुधार की आवश्यकता होती है। भारतीय राजनीति के वर्तमान परिदृश्य में एक ऐसा विमर्श लगातार उभर रहा है, जिसने राजनीतिक बहस को विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक न्याय जैसे मूल प्रश्नों से हटाकर धार्मिक पहचान और आस्था के इर्द-गिर्द खड़ा कर दिया है। यह विमर्श है-सनातन समर्थन बनाम सनातन विरोध। आज देश में एक ओर सनातन संस्कृति को भारतीय जीवन का शाश्वत आधार मानने वाली शक्तियां हैं, तो दूसरी ओर कुछ राजनीतिक वक्तव्य और प्रवृत्तियां ऐसी दिखती हैं जिन्हें जनमानस सनातन विरोध के रूप में देखता है। प्रश्न यह नहीं कि किसी विचारधारा से सहमति या असहमति क्यों है, बल्कि प्रश्न यह है कि क्या राजनीति का केंद्र धर्म होना चाहिए या जनजीवन के वास्तविक मुद्दे? भारत का लोकतंत्र धर्मनिरपेक्ष संविधान पर आधारित है, जहां राज्य का कार्य किसी धर्म का पक्ष या विरोध नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। राजनीतिक दलों का दायित्व भी यही होना चाहिए कि वे जनता की समस्याओं, विकास और राष्ट्रीय एकता को प्राथमिकता दें। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में धार्मिक विमर्श राजनीति का बड़ा केंद्र बन गया है।

सनातन केवल एक धार्मिक शब्द नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की सांस्कृतिक चेतना, जीवन-दर्शन और मूल्य परंपरा का प्रतीक है। ह्लसत्यं वद, धर्मं चरह्व, ह्लवसुधैव कुटुम्बकम्ह्व, ह्लसर्वे भवन्तु सुखिनःह्व जैसे सूत्र इसी सनातन दृष्टि के अंग हैं। इसलिए जब कोई राजनीतिक वक्तव्य सनातन को लेकर अपमानजनक या आक्रामक भाषा का उपयोग करता है, तो उसका प्रभाव केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और भावनात्मक स्तर पर भी पड़ता है। तमिलनाडु में द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म की तुलना बीमारी से करने वाला वक्तव्य इसी कारण व्यापक विवाद का कारण बना। विपक्ष के अनेक दलों ने उससे दूरी बनाने का प्रयास किया, क्योंकि यह स्पष्ट था कि भारत जैसे देश में करोड़ों लोगों की आस्था को आहत करने वाला कथन राजनीतिक रूप से भी असहज स्थिति उत्पन्न करेगा। यहां यह समझना आवश्यक है कि द्रविड़ आंदोलन की अपनी ऐतिहासिक और सामाजिक पृष्ठभूमि रही है। उसका मूल संघर्ष सामाजिक विषमताओं और जातीय वर्चस्व के विरुद्ध था। लेकिन जब सामाजिक सुधार का विमर्श पूरे धर्म या संस्कृति के विरोध जैसा प्रतीत होने लगे, तब वह जनस्वीकृति खो देता है।

यह भी सत्य है कि अनेक विपक्षी दल स्वयं को सनातन विरोधी नहीं, बल्कि सामाजिक कुरीतियों, जातिवाद और भेदभाव के विरोधी बताते हैं। उनका तर्क है कि वे सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की बात करते हैं। यह दृष्टि लोकतंत्र में स्वीकार्य है, क्योंकि हर परंपरा में आत्मसमीक्षा और सुधार की आवश्यकता होती है। स्वयं भारतीय दर्शन में भी संवाद, बहस और आत्मचिंतन की परंपरा रही है। बुद्ध, महावीर, कबीर, नानक, दयानंद और गांधी-सभी ने समाज की विसंगतियों पर प्रश्न उठाए, लेकिन उन्होंने समाज को तोड़ने नहीं, सुधारने का मार्ग चुना। समस्या तब उत्पन्न होती है जब राजनीतिक भाषा संतुलन खो देती है। जब आलोचना सुधार की जगह अस्वीकार की भाषा बन जाती है, तब वह समाज में ध्रुवीकरण को जन्म देती है। भारत जैसे बहुलतावादी देश में यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं कही जा सकती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारतीय राजनीति में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और हिंदुत्व का विमर्श अधिक प्रभावी होकर उभरा है।



# बिक्रम में सोन नहर से मिले दो शव, जयराम चौहान की हुई पहचान; हत्या की आशंका पर सड़क जाम



**पटना (एजेंसी)** सोन नहर से दो शव बरामद होने से क्षेत्र में दहशत है. एक शव की पहचान जयराम चौहान के रूप में हुई, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है. पुलिस जांच कर रही है. सोन कैनाल की नहर से गुरुवार की सुबह अलग-अलग जगहों से दो शव बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी. एक शव की पहचान बिक्रम नगर पंचायत के वार्ड संख्या 7 स्थित नोनिया टोला निवासी जयराम चौहान (40) के रूप में हुई है. जयराम मंगलवार की देर रात से लापता थे. वहीं, दूसरा शव असपुरा गांव के समीप से बरामद किया गया है, जिसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है. उसका चेहरा क्षत-विक्षत बताया जा रहा है. दो शव मिलने की सूचना पर आसपास के गांवों के लोग भी मौके पर पहुंच गये. सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दोनों शवों को नहर से बाहर निकलवाया और कब्जे में लेकर जांच शुरू की. मंगलवार रात से लापता थे जयराम चौहान जानकारी के अनुसार, जयराम चौहान मंगलवार की देर रात अपने घर से गंगाचक जाने के लिए निकले थे. इसके बाद वह वापस नहीं लौटे. काफी खोजबीन के बाद भी जब उनका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने बिक्रम थाने में लिखित सूचना दी. इसके बाद पुलिस ने उनकी तलाश शुरू की. बुधवार को बिक्रम पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने सोन नहर में जयराम की तलाश को लेकर सर्च अभियान चलाया था. टीम ने नहर में काफी देर तक खोजबीन की, लेकिन उस दिन जयराम का पता नहीं चल सका.बिहार में बैंक हड़ताल से पहले फ्क का फैसला, रविवार को भी खुलेंगी बैंक शाखाएं, 28 सितंबर से पहले निपटा लें जरूरी काम गुरुवार की सुबह महजपुरा गांव के समीप नहर में फिर तलाशी अभियान चलाया गया. इसी दौरान एक शव बरामद हुआ. शव की पहचान जयराम चौहान के रूप में होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गयी. परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया. असपुरा के पास मिला दूसरा शव पुलिस ने गुरुवार की सुबह ही असपुरा गांव के समीप से एक और शव बरामद किया. दूसरे शव की अभी पहचान नहीं हो सकी है. पुलिस के अनुसार, शव का चेहरा क्षत-विक्षत है, जिसके कारण पहचान में परेशानी हो रही है. पुलिस दूसरे शव की पहचान कराने के लिए प्रयास कर रही है. एक ही सुबह सोन नहर से दो शव मिलने के बाद आसपास के इलाके में भी लोगों की भीड़ जुट गयी.हत्या की आशंका पर बिहटा-बिक्रम मुख्य मार्ग जाम जयराम चौहान के परिजनों ने उनकी हत्या किये जाने की आशंका जतायी है. शव मिलने के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने बिहटा-बिक्रम मुख्य मार्ग को कुछ देर के लिए जाम कर दिया. सड़क जाम की सूचना मिलने पर बिक्रम पुलिस मौके पर पहुंची.पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और मामले की जांच का आश्वासन दिया. इसके बाद लोगों ने सड़क से जाम हटा लिया और यातायात सामान्य हो गया. एम्स भेजे गये दोनों शव बिक्रम पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की. इसके बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए पटना स्थित एम्स भेज दिया गया. पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी. फिलहाल जयराम चौहान की मौत के कारणों का पता लगाने के साथ दूसरे शव की पहचान करने का प्रयास भी जारी है.

# अनिल यादव को गोली लगने पर अस्पताल पहुंचे प्रशांत किशोर, बोले- भगवान से प्रार्थना है कि वे ठीक हो जाएं




**पटना (एजेंसी)** अनिल कुमार यादव को गोली लगने की घटना पर प्रशांत किशोर ने अस्पताल पहुंचकर उनका हाल जाना. उन्होंने सरकार की कानून-व्यवस्था पर कड़े सवाल उठाए. : राजधानी पटना में पूर्व वार्ड पार्षद के पति अनिल कुमार यादव को गोली मारे जाने की घटना के बाद जन सुराज के संस्थापक और बांकीपुर विधायक प्रशांत किशोर अस्पताल पहुंचे. उन्होंने अनिल यादव के स्वास्थ्य की जानकारी ली और घटना पर चिंता जताते हुए सरकार पर निशाना साधा. पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र में बुधवार को अनिल यादव पर चार-पांच राउंड फायरिंग की सूचना सामने आयी है. घटना में घायल अनिल यादव को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अस्पताल पहुंचकर अनिल यादव का जाना हाल प्रशांत किशोर ने कहा कि अनिल यादव जी को चार गोलियां लगी हैं. उन्होंने उनके जल्द ठीक होने की कामना करते हुए कहा कि भगवान से प्रार्थना है कि वे स्वस्थ होकर वापस लौटें. सरकार की कानून-व्यवस्था पर उठाये सवाल घटना को लेकर प्रशांत किशोर ने बिहार सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने मुख्यमंत्री और गृह मंत्री सम्राट चौधरी से सवाल करते हुए कहा कि अगर राजधानी में इस तरह गोलीबारी की घटना होती है तो इसे जंगलराज नहीं कहा जाए तो क्या कहा जाए. प्रशांत किशोर ने सरकार से राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर जवाब देने की मांग की. उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब पटना में अनिल यादव पर फायरिंग की घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है. अपार्टमेंट के ऑफिस में हुई फायरिंग रिपोर्टों के अनुसार, बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के चकराम रोड स्थित एक अपार्टमेंट के ऑफिस में अनिल यादव बैठे थे, तभी अपराधियों ने वहां पहुंचकर उन पर फायरिंग की. घटना में उन्हें कई गोलियां लगीं. वारदात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद होने की बात सामने आयी है. पुलिस मामले की जांच कर रही है और हमलावरों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं.

# बिहटा थाने के 35 एएसआई को मिला प्रमोशन, अब संभालेंगे एसआई की जिम्मेदारी



**पटना (एजेंसी)** बिहटा थाने के 35 अरक प्रमोट होकर रक बने हैं। अब नई जिम्मेदारियों के साथ कानून-व्यवस्था में निभाएंगे अहम भूमिका। बिहार पुलिस मुख्यालय के आदेश पर बिहटा थाने में तैनात 35 सहायक पुलिस अवर निरीक्षकों (एएसआई) को पुलिस अवर निरीक्षक (एसआई) के पद पर पदोन्नति मिली है. बुधवार को पदोन्नति की जानकारी मिलने के बाद थाना परिसर में खुशी का माहौल रहा. अब एसआई के रूप में संभालेंगे जिम्मेदारी पदोन्नति के बाद सभी पुलिस पदाधिकारी एसआई के रूप में अपनी नयी जिम्मेदारी संभालेंगे. इसके साथ ही विभिन्न मामलों की जांच, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस कार्रवाई में उनकी भूमिका बढ़ेगी. पदोन्नति से थाने के कामकाज में भी सहयोग मिलने की उम्मीद है. डीएसपी समेत अधिकारियों ने दी बधाई इस मौके पर दानापुर डीएसपी-2 अमरेंद्र कुमार झा, बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार और सर्किल इंस्पेक्टर विपिन कुमार ने पदोन्नत सभी पुलिस पदाधिकारियों को बधाई दी. डीएसपी-2 अमरेंद्र कुमार झा ने सभी को नयी जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पदोन्नति के साथ अधिकारियों की जिम्मेदारी भी बढ़ती है. इससे पुलिस बल की कार्यक्षमता बढ़ाने और क्षेत्र में पुलिसिंग को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी.

# पटना में सुबह से बारिश का दौर जारी, ठंडी हवाओं से बदला मौसम;जाने अपने जिले का हाल



**पटना (एजेंसी)** पटना में झमाझम बारिश ने गर्मी से राहत दी. मानसून की वापसी के बाद मौसम सुहाना हुआ, लेकिन जलभराव से परेशानी. जानें आगे के मौसम का हाल. पटना आज सुबह से ही झमाझम बारिश हो रही है. मानसून जाते-जाते एक बार फिर से मेहरबान हो गया है. लगातार हो रही बारिश ने पटना का मौसम बेहद सुहाना बन गया है. जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है. सुबह की शुरूआत ही ठंडी हवाओं और बारिश की फुहारों के साथ हुई, जिसने पूरे शहर को एक नई ताजगी से भर दिया. पटना समेत 19 जिलों में येलो अलर्ट मौसम विभाग ने पटना, बांका, नालंदा, नवादा, गया, जमुई, औरंगाबाद, मुंगेर, बक्सर, भोजपुर और रोहतास समेत 19 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है. इन इलाकों में बारिश के साथ गरज-चमक हो सकती है. तेज हवा चलने की भी संभावना है. मौसम विभाग ने बिहार के कुछ जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. इसमें गोपालगंज, सीवान, सारण, शिवहर, सीतामढ़ी, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, और सुपौल समेत 19 जिलों में इन जिलों में भारी से अत्यंत भारी बारिश होने की आशंका है. इसके साथ ही गरज-चमक के साथ तेज हवाएं भी चल सकती हैं. तीन दिनों में गिरेगा तापमान मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है. हालांकि, अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में खास बदलाव नहीं होगा. इसके बाद पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में खास बदलाव की संभावना नहीं है. सड़कों पर जलभराव से जनजीवन पर प्रभाव इस सुहाने मौसम के साथ कुछ परेशानियां भी सामने आई हैं. शहर की सड़कों पर कई जगहों पर जलभराव की स्थिति देखी जा रही है. बारिश का पानी नालियों से ओवरफ्लो होकर सड़कों पर फैल गया है, जिससे आम लोगों को आवागमन में थोड़ी मुश्किल हो रही है. ऑफिस जाने वाले लोग, स्कूल-कॉलेज के छात्र और रोजमर्रा के काम से बाहर निकलने वाले लोगों को थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है. प्रकृति का तोहफाः गर्मी से मिली राहत पिछले कुछ हफ्तों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोग बेहाल थे. ऐसे में यह बारिश किसी तोहफे से कम नहीं है.". मौसम और भी खुशनुमा होने की उम्मीद है. इस बदलाव से न केवल इंसानों को, बल्कि पेड़-पौधों और मिट्टी को भी नई जान मिली है. खेतों के लिए भी यह बारिश बहुत फायदेमंद मानी जा रही है.

## संक्षिप्त डायरी

### बिहार में 3 दिन भारी बारिश का अलर्ट, 25 से 27 सितंबर तक आंधी और वज्रपात की चेतावनी



**पटना (एजेंसी)** बिहार में बुधवार की दोपहर से अचानक मौसम का मिजाज बदल गया. पटना समेत कई जिलों में झमाझम बारिश हुई. इस बीच मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है. इस दौरान कई जिलों में भयंकर बारिश हो सकती है. बिहार में एक बार फिर अचानक मौसम का मिजाज बदल गया है. मौसम विभाग ने 25 और 26 सितंबर को राज्य में भारी बारिश के साथ गरज-चमक और वज्रपात की चेतावनी जारी की है. 27 सितंबर को भी आंधी-गरज और बिजली गिरने का खतरा बना रहेगा. ऐसे में लोगों को खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी गई है. किस दिन किस जिले में होगी भारी बारिश? मौसम पूवार्नुमान की माने तो, 25, 26 और 27 सितंबर को अलग-अलग जिलों में भारी बारिश हो सकती है. इस दौरान कुछ जिलों में तापमान में गिरावट भी दर्ज की जा सकती है. 25 सितंबर- इस दिन पूरे बिहार में येलो अलर्ट जारी किया गया है. इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है. साथ ही पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर और गोपालगंज में भारी बारिश की चेतावनी है. बाकी के जिलों में भी हल्की बारिश हो सकती है. 26 सितंबर- इस दिन बिहार के पूर्वी हिस्से और सीमांचल के कुछ जिलों को छोड़कर बाकी के सभी जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. इस दौरान पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान और सारण भयंकर बारिश की चेतावनी जारी की गई है. 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का भी अलर्ट जारी किया गया है. 27 सितंबर- इस दिन दो जिलों पूर्वी चंपारण और पश्चिम चंपारण में पूरे दिन मौसम बिगड़ा रह सकता है और भारी बारिश हो सकती है. इसके अलावा सीतामढ़ी, शिवहर, गोपालगंज, सीवान, औरंगाबाद, भोजपुर, बक्सर, दरभंगा, मधुबनी, कैमूर, समस्तीपुर समेत अन्य जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. बिहार में मौसम बिगड़ने की वजह बिहार में अचानक मौसम में बदलाव की वजह बंगाल की खाड़ी में बना डीप डिप्रेशन बताया जा रहा है. मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, डीप डिप्रेशन की वजह से देश के पूर्वी हिस्से में परेशानी बढ़ गई है. बिहार के अलावा कई राज्यों में जमकर बारिश हो रही है. बिहार से जुड़ी अन्य ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें आईएमडी की माने तो, 23 सितंबर की सुबह यह सिस्टम पश्चिम-मध्य और इसके करीब उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में आंध्र प्रदेश के कलिंगपट्टनम से लगभग 60 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में मौजूद था. लेकिन फिर यह सिस्टम पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा. इसके बाद आंध्र प्रदेश और ओडिशा तट के पास तक पहुंचा. इस वजह से बिहार में 23 सितंबर से बारिश का दौर शुरू हुआ. मौसम विभाग ने अब संभावना जताई है कि अगले तीन दिनों तक बिहार में तेज हवा के साथ भयंकर बारिश हो सकती है. यह भी संभावना जताई गई है कि लगातार बारिश की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है. लगभग 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में कमी हो सकती है. ऐसे मौसम में किसानों से खासकर सावधानी बरतने और बिगड़े मौसम के दौरान खुले में काम नहीं करने की अपील की है.

# नेशनल रियलिटी शोज में दिखा बिहार का दबदबा, जानें कौन से स्टार्स मचा रहे हैं धमाल



**पटना (एजेंसी)** बिहार के कलाकार नेशनल रियलिटी शोज में छाए हैं. बिग बॉस और राइज एंड फॉल 2 में तेज प्रताप यादव, आम्रपाली दुबे, मनीष कश्यप का जलवा. जानिए कौन बना टीआरपी किंग. टीवी व ओटीटी के नेशनल रियलिटी शोज में इन दिनों बिहार के कलाकारों का दबदबा देखने को मिल रहा है. बिग बॉस 20 में जहां भोजपुरी क्वीन आम्रपाली दुबे अपनी रणनीति से छाई हुई हैं, वहीं बीजेपी सांसद मनोज तिवारी की बेटी रीति भी खूब सुर्खियां बटोर रही हैं. दूसरी ओर, जल्द शुरू हो रहे राइज एंड फॉल 2 में पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, यूट्यूबर मनीष कश्यप व अभिनेत्री काजल राघवानी जैसे बड़े नाम उतरने जा रहे हैं. हालांकि, एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि नेशनल शोज मेकर्स टीआरपी भुनाने के लिए बिहार के दिग्गजों को बुलाते तो जरूर हैं, लेकिन जब खिताब देने की बात आती है तो ये स्टार्स विनर बनने से चूक जाते हैं. इसके बावजूद दर्शकों के दिल पर उनका राज बरकरार रहता है. राइज एंड फॉलमें पावर गेम खेलेंगे तेज प्रताप व मनीष कश्यप 26 सितंबर से शुरू हो रहे रियलिटी शो राइज एंड फॉल 2 को लेकर बिहार में जबरदस्त उत्साह है. शो में जेजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव और चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप अपना दमखम दिखाएंगे. मनीष कश्यप सोशल मीडिया के जरिए जनता से वोट मांगते दिख रहे हैं ताकि वे पेंटहाउस में रहकर रूलर बन सकें. उनके साथ भोजपुरी स्टार काजल राघवानी भी शो का हिस्सा बन रही हैं. वीरेंद्र सहवाग द्वारा होस्ट किए जाने वाले इस शो में पेंटहाउस और बेसमेंट के बीच सत्ता की दिलचस्प जंग दिखेगी. पिछले साल ह्यराइज एंड फॉलह्ल के पहले सीजन में पावर स्टार कहे जाने वाले पवन सिंह ने बतौर स्पेशल गेस्ट शिरकत की थी. शो में उनके गानों, देसी अंदाज व मासूमियत ने दर्शकों का दिल जीत लिया और शो टीआरपी के मामले में देश में नंबर-वन बन गया. इसके बाद फैंस ने पवन सिंह को टीआरपी किंग का टैग दिया. वहीं, भोजपुरी बवाल में भी उन्होंने खूब धमाल मचाया. पवन सिंह के साथ निरहुआ, आम्रपाली दुबे, काजल राघवानी व तेज प्रताप यादव को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला. ह्यबिग बॉस 20ह्ल में आम्रपाली का चल रहा दिमाग इन दिनों चल रहे बिग बॉस 20 में आम्रपाली दुबे अपने मास्टरमाइंड प्लान और बेबाक अंदाज से गेम को कंट्रोल करती नजर आ रही हैं. उन्होंने अपने दिमाग से घर वालों के बीच बहुमत ले ली है. रविवार के शो में आम्रपाली व माही के बीच प्रतियोगिता हुई. इसमें अच्छे तरह से घर चलाने वाले में आम्रपाली को 10 लोगों में चाभी देकर सपोर्ट किया. वहीं, रीति अपने गानों व तीखे तेवरों से सुर्खियों में बनी हुई हैं. दोनों की मौजूदगी से शो में लगातार बिहार का फ्लेवर बना हुआ है. खेसारी लाल ने ह्यबैटलग्राउंड सीजन 2 में दिखाया फिटनेस का दम सिर्फ एंटरटेनमेंट ही नहीं, बल्कि एक्शन व फिटनेस रियलिटी शो बैटलग्राउंड सीजन 2 में भी बिहार का डंका बजा. भोजपुरी ट्रेंडिंग स्टार कहे जाने वाले खेसारी लाल यादव ने इस शो में अपनी टीम भोजपुरी भोकाल्स का नेतृत्व किया था.

# छेड़खानी वीडियो वायरल होने के बाद एक्शन में आई समस्तीपुर पुलिस



**पटना (एजेंसी)** समस्तीपुर में युवती से छेड़खानी का वीडियो वायरल होने पर पुलिस एक्शन में आई. 6 घंटे में 4 आरोपी गिरफ्तार. एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले के बारे में बताया. समस्तीपुर छेड़खानी मामलाः समस्तीपुर जिले के कपूरींग्राम थाना क्षेत्र में युवती से कथित छेड़खानी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो जगतसिंहपुर में बांध किनारे का बताया जा रहा है. वीडियो में एक लड़की के साथ कई युवक छेड़खानी करते दिख रहे हैं. . एसपी अरविंद प्रताप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि एसपी अरविंद प्रताप ने बताया कि सोशल मीडिया पेट्रोलिंग के दौरान वीडियो पुलिस के संज्ञान में आया. जांच में घटना स्थल कपूरीं ग्राम थाना क्षेत्र के जगत सिंहपुर बांध के पास सड़क पर मिला. घटना की जानकारी के करीब 6 घंटे के अंदर पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. गिरफ्तार चार अभियुक्तों में से एक पहले भी शराब से संबंधित मामले में जेल जा चुका है. 15 सितंबर की है घटना- एसपी एसपी ने कहा, आरोपियों में से एक के मोबाइल में वीडियो भी मिला है. पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने वीडियो किसी व्यक्ति को भेजा था, जिसके बाद यह धीरे-धीरे वायरल हुआ. पुलिस ने आरोपी के मोबाइल को जब्त कर सीजर लिस्ट में शामिल कर लिया है

# बिहार में बैंक हड़ताल से पहले RBI का फैसला, रविवार को भी खुलेंगी बैंक शाखाएं




**पटना (एजेंसी)** फ्क के निदेर्शानुसार, बैंक हड़ताल से पहले ग्राहकों को राहत. 27 सितंबर को रविवार को भी बैंक शाखाएं खुलेंगी. हड़ताल से पहले जरूरी बैंकिंग काम निपटाने का सुनहरा मौका.अगर आपका काम भी बैंक हड़ताल के कारण पूरा होने में परेशानी हो रही है, तो अब आपको इस तरह राहत मिलने वाली है. सितंबर के आखिरी दिनों में प्रस्तावित तीन दिवसीय बैंक हड़ताल को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (फ्क) ने अहम फैसला लिया है. आरबीआई का कहना है कि बैंक हड़ताल होने के कारण आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और हो सकता है. ऐसे में बैंक ग्राहकों के लिए फ्क ने फैसला लिया है कि 27 सितंबर यानी रविवार को भी बैंक शाखाएं खुली रहेंगी. फ्क ने इसके लिए निर्देश दिया है. आरबीआई के इस फैसले के बाद बिहार समेत देशभर में रविवार को बैंक शाखाएं सामान्य रूप से संचालित रहेंगी. इसका मकसद हड़ताल शुरू होने से पहले ग्राहकों को अपने जरूरी बैंकिंग काम निपटाने के लिए अतिरिक्त मौका देना है. 27 सितंबर को रविवार के दिन खुलेंगे बैंक आरबीआई के निर्देश के मुताबिक 27 सितंबर को रविवार होने के बावजूद बैंक शाखाओं में कामकाज जारी रहेगा. ऐसे में जिन ग्राहकों को नकद जमा करने, पैसे निकालने, चेक से जुड़े काम या बैंक की दूसरी जरूरी सेवाओं के लिए शाखा जाना है, वह रविवार को बैंकिंग सेवाओं का लाभ ले सकते हैं. बिहार के अलग-अलग जिलों में बड़ी संख्या में ग्राहक बैंक शाखाओं पर निर्भर हैं. खासकर ग्रामीण और छोटे शहरों में कई जरूरी काम अब भी सीधे बैंक शाखा जाकर ही पूरे किए जाते हैं. ऐसे ग्राहकों के लिए रविवार को बैंक खुलने से हड़ताल से पहले काम निपटाने का अतिरिक्त अवसर मिलेगा. 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित है हड़ताल बैंकों की प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल 28 से 30 सितंबर तक बताई गई है. लगातार तीन दिनों तक बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए आरबीआई ने 27 सितंबर को विशेष व्यवस्था की है. इससे ग्राहकों को हड़ताल शुरू होने से पहले जरूरी लेनदेन और अन्य बैंकिंग कार्य पूरे करने का मौका मिलेगा. आरबीआई की ओर से इस संबंध में इंडियन बैंक्स एसोसिएशन और प्रमुख बैंकों को पत्र भेजा गया है. आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक शिवाजी राधाकृष्णन की ओर से जारी निर्देश में रविवार को बैंक शाखाओं में कान जारी रखने का आदेश दिया है. एटीएम लिंक शाखा-करेंसी चेस्ट भी रहेंगे चालू आरबीआई के निर्देश में बैंकों को विशेष परिचालन के दौरान संबंधित कानूनी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने को भी कहा गया है. रविवार को बैंक शाखाओं के संचालन के साथ एटीएम लिंक शाखाओं और करेंसी चेस्ट के खुले रहने से नकदी से जुड़ी जरूरतों को भी पूरा करने में मदद मिल सकती है. हालांकि, ग्राहकों को यह ध्यान रखना होगा कि 27 सितंबर को बैंक खुलने की व्यवस्था आरबीआई के विशेष निर्देश के तहत की गई है. इसलिए किसी खास बैंकिंग सेवा के लिए शाखा जाने से पहले संबंधित बैंक से स्थानीय स्तर पर समय और उपलब्ध सेवा की जानकारी लेना बेहतर रहेगा. जरूरी काम है तो हड़ताल से पहले निपटा लें प्रस्तावित हड़ताल के दौरान बैंक कर्मचारियों की सेवाएं प्रभावित होने पर शाखाओं में सामान्य कामकाज पर असर पड़ सकता है. ऐसे में जिन ग्राहकों का बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम लंबित है, वे 27 सितंबर को मिलने वाले अतिरिक्त बैंकिंग दिवस का इस्तेमाल कर सकते हैं.

# एआई के संभावित खतरों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया : वेम्बु

चेन्नई

प्रौद्योगिकी कंपनी जोहो के सह-संस्थापक श्रीधर वेम्बु ने बुधवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के संभावित खतरों को लेकर जताई जा रही आशंकाओं को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है और एआई के विकास पर वैश्विक स्तर पर रोक लगने की संभावना नहीं है।

- भारत को एआई के क्षेत्र में स्वतंत्र दृष्टिकोण अपनाना चाहिए

वेम्बु ने भारत से रणनीतिक विकल्प खुले रखने और विभिन्न क्षेत्रों में बुनियादी अनुसंधान एवं विकास में बड़े पैमाने पर निवेश करने का आग्रह किया। वेम्बु ने कहा कि भारत को एआई के क्षेत्र में स्वतंत्र दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और साझेदारियों का लाभ उठाना चाहिए, लेकिन अमेरिका और चीन के बीच उभरती प्रौद्योगिकी प्रतिस्पर्धा में किसी एक पक्ष से बंधने से बचना चाहिए।

## जोहो के सह-संस्थापक ने वैश्विक रोक को अव्यावहारिक बताया

### सरकारें प्रौद्योगिकी के विकास में पीछे रहेंगी

विनियमन के बारे में वेम्बु ने कहा कि सरकारें संभवतः प्रौद्योगिकी के विकास से पीछे रहेंगी, जैसा कि पहले की प्रौद्योगिकियों के मामले में भी हुआ है। उन्होंने एआई के विकास की तुलना वाहन उद्योग के शुरुआती दौर से की, जब कारों का इस्तेमाल व्यापक होने के बाद लाइसेंस, गति सीमा और सड़क सुरक्षा से जुड़े नियम बनाए गए थे।

### अपने विकल्प खुले रखना चाहिए

जोहो के मुख्य वैज्ञानिक एवं सह-संस्थापक वेम्बु ने कहा, /"हमें सभी के साथ मित्रवत रहना चाहिए, किसी का दुश्मन नहीं बनना चाहिए और अपने विकल्प खुले रखने चाहिए। उन्होंने बुनियादी अनुसंधान एवं विकास में व्यापक निवेश की जरूरत बताई और दीर्घकालिक वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी क्षमताओं तथा वैश्विक कंपनियों द्वारा अत्याधुनिक एआई मॉडल के विकास और इस्तेमाल पर खर्च की जा रही बड़ी रकम के बीच अंतर बताया।



### एआई मॉडल विकास के लिए बड़े निवेश की जरूरत नहीं

*सह-संस्थापक ने कहा कि बुनियादी क्षमताएं विकसित करने के लिए अत्याधुनिक एआई मॉडल के विकास जितने बड़े निवेश की जरूरत नहीं होती। उन्होंने कहा, /"इस पर 10 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च करने की जरूरत नहीं है और यह 10-20 करोड़ अमेरिकी डॉलर में किया जा सकता है।/" वेम्बु ने कहा कि वह उन आशंकाओं से सहमत नहीं हैं कि एआई अनिवार्य रूप से मानवता का विनाश कर देगा।*

### रोक लगाने की मांग खारिज की

वेम्बु ने कहा कि इसका अर्थ यह है कि एआई के लिए नियामकीय व्यवस्था संभवतः प्रौद्योगिकी के साथ-साथ विकसित होगी, जरूरी नहीं कि उससे पहले तैयार हो। वेम्बु ने एआई के विकास पर दुनियाभर में रोक लगाने की मांग को भी खारिज किया।

### कर्मचारियों को कौशल अपने पास रखना चाहिए

जोहो के सह संस्थापक ने कहा कि कर्मचारियों को महत्वपूर्ण कौशल अपने पास बनाए रखने चाहिए, न कि उन्हें एआई तंत्र के हवाले कर देना चाहिए। इस मुद्दे का शिक्षा और कार्यबल विकास पर व्यापक असर हो सकता है। एआई अल्पावधि में उत्पादकता बढ़ा सकता है।

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी ने 3,394 करोड़ का लाभांश किया भुगतान




नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने शेयरधारकों को 3,393.83 करोड़ रुपये के अंतिम लाभांश का भुगतान किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि इसके साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 में कुल लाभांश भुगतान 8,727 करोड़ रुपये हो गया है।

### जिंदल सुप्रीम का शेयर 38 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध





नई दिल्ली। प्लास्टिक पाइप और इससे जुड़े उत्पाद बनाने वाली कंपनी जिंदल सुप्रीम इंडिया लिमिटेड का शेयर बुधवार को 93 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब 38 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 121.90 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 31 प्रतिशत अधिक है।

### फाइजर नकली दवाओं के जांच में दें रहा सहयोग




नई दिल्ली। कर्नाटक खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की ओर से नकली दवाओं के प्रसार के खिलाफ की गई कार्रवाई पर दवा कंपनी फाइजर इंडिया ने कहा है कि मरीजों की सुरक्षा और उत्पादों की गुणवत्ता उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नकली दवाओं के कथित वितरण और बिक्री के मामले में 16 खुदरा तथा थोक दवा विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द किए गए हैं।

### हीरो मोटर्स पहले दिन 17 फीसदी चढ़कर सूचीबद्ध




नई दिल्ली। वाहन कलपुर्जा बनाने वाली कंपनी हीरो मोटर्स का शेयर कारोबार के पहले दिन बुधवार को कमजोर शुरुआत से उबरकर 17 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई में कंपनी का शेयर 82.10 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो 84 रुपये के निर्गम मूल्य से 2.26 प्रतिशत कम है। हालांकि बाद में शेयर 17.27 प्रतिशत बढ़कर 98.51 रुपये पर बंद हुआ।

### एसएस रिटेल का शेयर 80 फीसदी उछलकर सूचीबद्ध




नई दिल्ली। विभिन्न ब्रांड के मोबाइल फोन बेचने वाली एसएस रिटेल लिमिटेड का शेयर बुधवार को कारोबार के पहले दिन 424 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 51 प्रतिशत बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। अंत में 80 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई में शेयर 639.10 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 50.73 प्रतिशत अधिक है। यह 80.87 प्रतिशत बढ़कर 766.90 रुपये तक पहुंचा। अंत में शेयर 80.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 765.15 रुपये पर बंद हुआ।

## जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर करीब सात प्रतिशत किया

# एसएंडपी, फिच समेत चार एजेंसियों ने भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाया

नई दिल्ली

वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी और फिच, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) तथा आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने बुधवार को भारत की वित्त वर्ष 2026-27 की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर करीब सात प्रतिशत कर दिया है। एजेंसियों ने अप्रैल-जून तिमाही में अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन और घरेलू मांग में मजबूती को इसका आधार बताया। इसके अलावा, एसएंडपी और फिच ने कहा कि मुद्रास्फीति का दबाव भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को चालू साल में नीतिगत दर रेपो को कम-से-कम 0.25 प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रेरित कर सकता है।

### मजबूत औद्योगिक गतिविधियों ने वृद्धि की गति दी

एसएंडपी ने कहा कि मजबूत औद्योगिक गतिविधियों, स्वस्थ खपत, वस्तुओं के मजबूत निर्यात और सरकारी निवेश में तेजी जैसे कारकों ने आर्थिक वृद्धि को गति दी है। एसएंडपी ने कहा, "इसी कारण हमने 31 मार्च, 2027 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान पहले के 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत किया गया है।"

### खाड़ी युद्ध के बीच भारत की अर्थव्यवस्था मजबूतः फिच

*फिच ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है कि "2026 की पहली छमाही में अमेरिकी-ईरान युद्ध से लगे झटके के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती दिखाई है।" फिच के अनुसार, शेष वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि की गति धीमी पड़ने की संभावना है। इसके कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अक्टूबर की मौद्रिक नीति बैठक में ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकता है।*

- अप्रैल-जून तिमाही में अर्थव्यवस्था का मजबूत प्रदर्शन रहा
- घरेलू मांग में मजबूती को इसका आधार बताय गया
- मुद्रास्फीति का दबाव नीतिगत दर बढ़ाने प्रेरिक कर सकता है




### दूसरे छमाही में वृद्धि की रफ्तार कम हो सकती हैः एसएंडपी

हालांकि, उसने कहा कि वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में वृद्धि की रफ्तार कम हो सकती है, क्योंकि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को युक्तिसंगत बनाये जाने और आयकर में कटौती से मिलने वाला लाभ कम हो जाएगा। एसएंडपी ने कहा, "हमारा अनुमान है कि परिस्थितियां ऊंची ब्याज दरों के पक्ष में जाएंगी। इसके समर्थन में मजबूत वृद्धि, लगातार मुद्रास्फीति का दबाव, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और मौसम संबंधी जोखिम शामिल हैं।"

### फिच ने मुद्रास्फीति 5.5 रहने का लगाया अनुमान

फिच ने इस साल दिसंबर में मुद्रास्फीति 5.5 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान लगाया है। फिच ने अपनी 'वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट' में कहा कि ऊर्जा कीमतों में झटके के बावजूद वैश्विक वृद्धि मजबूत बनी हुई है, लेकिन वास्तविक ब्याज दरें बढ़ रही हैं। एजेंसी ने वैश्विक जीडीपी वृद्धि का अनुमान 0.20 प्रतिशत बढ़ाकर 2.6 प्रतिशत कर दिया है।

### आईसीडी ने भारत की वृद्धि दर 7.1 फीसदी की

*आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने मजबूत घरेलू मांग और सरकारी नीतियों को देखते हुए वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 0.80 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है। इसके पहले जून में ओईसीडी ने चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।*

### वृद्धि को मजबूत निवेश मांग मिल रहीः एडीबी

*वहीं एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने भी बुधवार को चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान जुलाई में लगाए गए 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया। एडीबी ने कहा कि वृद्धि को मजबूत निवेश मांग, लचीले उपभोग और विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्रों में ठोस वृद्धि से समर्थन मिल रहा है।*

# पेट्रोलियम कंपनियों को रोजाना 530 करोड़ रुपए का नुकसान

नई दिल्ली



- पेट्रोल की बिक्री पर प्रति लीटर आठ रुपए का नुकसान
- डीजल की बिक्री पर भी नौ रुपए प्रति लीटर की हानि
- एलपीजी सिलेंडर पर 300 रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के बीच घरेलू ईंधन कीमतों में बदलाव नहीं होने से पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर बढ़ते नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने यह बात कही है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड को पेट्रोल की बिक्री पर करीब आठ रुपये प्रति लीटर और डीजल पर नौ रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है। वहीं, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) पर सितंबर में प्रति सिलेंडर करीब 300 रुपये का नुकसान हो रहा है। इक्रा ने कहा, /"इन स्तर पर पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को रोजाना करीब 530 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति में व्यवधान के बीच हाल के सप्ताहों में कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हुई है।


"पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने और प्रमुख तेल आपूर्ति मार्गों में व्यवधान से कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है।/"

### पहली तिमाही में सिलेंडर पर 500 रु. का नुकसान हुआ था

इक्रा के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में प्रत्येक घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर करीब 500 रुपये का नुकसान हुआ था, जो सितंबर में घटकर करीब 300 रुपये प्रति सिलेंडर रह गया।

## ये गांव है प्रकृति की इंजीनियरिंग का बेजोड़ नमूना

# नीचे नदी-सुरंग, ऊपर पुल मणि की तरह चमकता सूरज



नई दिल्ली। नीचे कल-कल बहती सरस्वती नदी और बीच में रहस्यमयी सुरंग, ऊपर चट्टान से बना पुल, पास में बना मंदिर, शायद ही आपने प्रकृति के ऐसे अजूबे के बारे में सुना हो। प्रकृति से बड़ा कोई इंजीनियर नहीं। पुल से ऊपर जाती सीढ़ियां, जहां से सूरज मणि की तरह की चमकता नजर आता है। सीढ़ियां के ऊपर एक ऐसी दुनिया है जिसकी सिर्फ लोग कल्पना ही कर सकते हैं। यहां पर विशाल मैदान-पर्वत पहाड़ और सिर्फ बादल नजर आते हैं। पूरे देश से लोग इस गांव को देखने आते हैं। यह गांव धरती का स्वर्ग कहलाता है। **भीम पुल से शुरू होता है स्वर्गारोहिणी मार्गः** भीम पुल से स्वर्गारोहिणी मार्ग शुरू होता है। यहां से 5 किलोमीटर की दूरी पर रहस्यमयी वसुधारा झरना है। इस झरने के बारे में कहा जाता है कि इसका पानी पापी इंसान के ऊपर नहीं पड़ता. स्वर्गारोहिणी मार्ग पर जैसे ही आगे बढ़ते हैं तो सबसे पहले द्रोपदी का मंदिर आता है। मान्यता के मुताबिक, स्वर्ग जाते समय द्रौपदी की ही मृत्यु हुई थी। स्वर्गारोहिणी मार्ग पर जिस ओर से सूरज निकलता है, वहां पर कई जगह अंधेरा भी नजर आता है।

### भीम ने द्रौपदी के पार जाने के लिए बनाया था पुल

उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम के पास देश के प्रथम गांव माणा बसा हुआ है। यह चमोली जिले में आता है। बद्रीनाथ से लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित है। यहां पर सरस्वती नदी के ऊपर एक विशाल चट्टान से बना प्राकृतिक पुल है जिसे 'भीम पुल' कहा जाता है। मान्यता है कि इसे भीम ने द्रौपदी के पार जाने के लिए बनाया था। पुल के आसपास मंदिर-दुकानें हैं।

# भारत का अनोखा फूल, खिलने में लगते हैं 12 साल

तिरुवनंतपुरम।भारत को विविधताओं का देश कहा जाता है और इसकी वजह सिर्फ यहां की अलग-अलग भाषाएं और संस्कृतियां नहीं हैं। कश्मीर की बर्फीली वादियों से लेकर कन्याकुमारी के समुद्री किनारों तक प्रकृति ने हर इलाके को अपने अलग रंग से सजाया है। कहीं ऊंचे पहाड़ हैं, कहीं घने जंगल, कहीं रेगिस्तान तो कहीं ऐसी घाटियां हैं, जहां पहुंचकर लगता है जैसे प्रकृति ने खुद कोई खूबसूरत तस्वीर बना दी हो। इन्हीं कुदरती नजारों के बीच केरल की पहाड़ियों में एक ऐसा फूल खिलता है, जिसका इंतजार लोगों को पूरे 12 साल तक करना पड़ता है। नाम है नीलकुरिंजी।

### केरलम की पहाड़ियों में मिलता है ये फूल

केरलम को 'ईश्वर का अपना देश'कहा जाता है। यहां समुद्र, झरने, जंगल और पहाड़ मिलकर इसे बेहद खूबसूरत बनाते हैं। इसी राज्य में बसा है मुन्नार, जो समुद्र तल से करीब 1600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। मुन्नार चाय, कॉफी और मसालों के बागानों के लिए जाना जाता है। यहां की ठंडी हवा, हरियाली और पहाड़ियों का नजारा हर साल बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करता है। लेकिन, मुन्नार की पहचान सिर्फ इन चीजों तक ही नहीं है। यहां एक ऐसा फूल भी खिलता है, जो इस जगह को बाकी हिल स्टेशनों से अलग बना देता है। यह फूल है नीलकुरिंजी, जो अपनी दुर्लभता और खूबसूरती के लिए जाना जाता है।




### खिलता है तो बदल जाता है पूरा नजारा

नीलकुरिंजी की सबसे खास बात इसका खिलने का चक्र है। यह फूल करीब 12 साल में एक बार खिलता है। यानी अगर किसी ने इसे एक बार देखा, तो अगली बार उसी नजारे को देखने के लिए उसे लगभग 12 साल इंतजार करना पड़ सकता है। केरलम में इसे आमतौर पर 'कुरिंजी'कहा जाता है। यह स्ट्रोबिलैंथिस समूह से जुड़ा पौधा है। इस समूह की भारत में कई प्रजातियां पाई जाती हैं और सभी के फूल खिलने का समय एक जैसा नहीं होता। कुछ प्रजातियां कुछ साल के अंतराल पर खिलती हैं, जबकि कुछ को इससे भी ज्यादा समय लगता है। नीलकुरिंजी का लंबा अंतराल ही इसे इतना खास बनाता है।

### नीलकुरिंजी के लिए बनाया गया खास संरक्षित क्षेत्र

नीलकुरिंजी का प्राकृतिक आवास लगातार कम होने की वजह से इसके संरक्षण की जरूरत महसूस की गई। इसी उद्देश्य से केरल में कुरिंजीमाला सैंक्चुअरी बनाया गया। साल 2006 में करीब 32 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को नीलकुरिंजी के संरक्षण के लिए सुरक्षित किया गया था। यह इलाका मुन्नार से करीब 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां नीलकुरिंजी की विभिन्न प्रजातियों और उनके प्राकृतिक वातावरण को सुरक्षित रखने की कोशिश की जाती है। इसके संरक्षण में स्थानीय पर्यावरण कार्यकर्ताओं और कई अभियानों की भी भूमिका रही है।

## वो गांव, जहां हर घर में बनते हैं खिलौने, दुनियाभर में इसकी धूम

बेंगलुरु। प्लास्टिक और डिजिटल गैजेट्स के आधुनिक युग में कर्नाटक का एक छोटा सा कस्बा आज भी भारत की प्राचीन हस्तशिल्प परंपरा की मशाल को रोशन किए हुए है। बेंगलुरु से मैसूर राजमार्ग पर लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चन्नपटना को दुनिया भर में 'खिलौनों का शहर'के नाम से जाना जाता है। लगभग तीन शताब्दियों पुरानी इस अद्भुत कला को यहां की भावी पीढ़ियों ने न केवल सहेज कर रखा है, बल्कि इसे गांव के हर दूसरे घर की प्राथमिक आजीविका का जरिया भी बना दिया है। 2006 में चन्नपटना के लकड़ी के खिलौनों को भौगोलिक संकेत यानी जीआई टैग प्रदान किया गया था, जिसने इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान दिलाई। चन्नपटना की इस बेमिसाल क्राफ्ट कला का इतिहास 18वीं सदी में मैसूर के शासक टीपू सुल्तान के शासनकाल से जुड़ता है। ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार, टीपू सुल्तान फारसी कला और हस्तशिल्प के मुरीद थे। उन्होंने अपने दौर में फारस (आधुनिक ईरान) से कुशल कारीगरों को आमंत्रित किया था, ताकि वे स्थानीय कारीगरों को लकड़ी पर लैक्वेयर (लाख) की कोटिंग करने और उस पर बारीक नक्काशी का शिल्प सिखा सकें। उस्ताद बावास मिया को इस पारंपरिक लकड़ी कला को चन्नपटना में स्थापित करने और स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करने का श्रेय दिया जाता है। आज इस कस्बे में 1500 से भी अधिक पंजीकृत कारीगर दिन-रात इन पारंपरिक खिलौनों के निर्माण में जुटे हुए हैं। स्थानीय कला को वैश्विक बाजार से जोड़ने और कारीगरों की आजीविका को आधुनिक आधार देने के लिए कर्नाटक सरकार द्वारा 'चन्नपटना क्राफ्ट्स पार्क' की स्थापना की गई है। इस पार्क में 15 से अधिक आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट यूनिट्स का एक सुसंगठित क्लस्टर मौजूद है, जो कारीगरों को बेहतर डिजाइनिंग, लेथ मशीनों और अंतरराष्ट्रीय निर्यात के अवसर मुहैया कराता है।

## अदाणी परिवार की संपत्ति 13 फीसदी बढ़कर 9.23 लाख करोड़ हुई

# गौतम अदाणी फिर बने सबसे अमीर भारतीय : हुरुन

नई दिल्ली

गौतम अदाणी एवं परिवार ने मुकेश अंबानी एवं परिवार को पीछे छोड़ते हुए भारत के सबसे अमीर लोगों की सूची में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। एम3एम हुरुन इंडिया की नवीनतम सूची में यह जानकारी दी गई है।

- दोनों अमीर परिवारों के बीच संपत्ति का अंतर 59,400 करोड़ रुपए

अमीर भारतीयों पर जारी 2026 की सूची के मुताबिक, अदाणी परिवार की संपत्ति 13 प्रतिशत बढ़कर 9.23 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जबकि अंबानी परिवार की संपत्ति 10 प्रतिशत घटकर 8.63 लाख करोड़ रुपये रह गई है। इस तरह दोनों अमीर परिवारों के बीच संपत्ति का अंतर 59,400 करोड़ रुपये रहा।

### अंबानी परिवार की संपत्ति घटकर 8.63 लाख करोड़

*वहीं, अंबानी परिवार की संपत्ति 2017 के 2.58 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 10.15 लाख करोड़ रुपये हुई, लेकिन इसके बाद लगातार दो वर्षों में घटकर 8.63 लाख करोड़ रुपये रह गई। भारत में कम-से-कम 1,000 करोड़ रुपये की संपत्ति वाले लोगों की संख्या बढ़कर 1,810 हो गई है, जो एक साल पहले की तुलना में 128 अधिक है।*

**वेदांता के अग्रवाल नौवें स्थान परः** वेदांता के अनिल अग्रवाल और परिवार 2.08 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए, जबकि टोरेंट फार्मास्युटिकल्स से जुड़े समीर मेहता और परिवार 1.89 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ पहली बार शीर्ष 10 में शामिल हुए।



### कुमार मंगलम बिड़ला छठे स्थान पर

एचसीएल की रोशनी नादर मल्होत्रा और परिवार 2.79 लाख करोड़ रुपये के साथ पांचवें स्थान पर रहा और वह देश की सबसे अमीर महिला बनी रहीं। कुमार मंगलम बिड़ला और परिवार 2.69 लाख करोड़ रुपये के साथ छठे, सन फार्मा के दिलीप सांघवी 2.65 लाख करोड़ रुपये के साथ सातवें और विप्रो के अजीम प्रेमजी और परिवार 2.63 लाख करोड़ रुपये के साथ आठवें स्थान पर रहे।

### अदाणी की संपत्ति 2024 में 11.62 लाख करोड़ पहुंची थी

अदाणी परिवार 2022 में शीर्ष पर रहा, 2023 में दूसरे स्थान पर खिसका, 2024 में फिर पहले स्थान पर पहुंचा, 2025 में दूसरे स्थान पर रहा और अब 2026 में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। सूची के मुताबिक, अदाणी परिवार की संपत्ति 2024 में 11.62 लाख करोड़ रुपये के शिखर पर पहुंची थी, जो 2025 में घटकर 8.15 लाख करोड़ रुपये रह गई लेकिन अब बढ़कर 9.23 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

### लक्ष्मी मित्तल तीसरे स्थान पर पहुंचे

इस्पात उद्यमी लक्ष्मी निवास मित्तल और परिवार 93 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3.39 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए। हुरुन के अनुसार, यूरोप में इस्पात की ऊंची कीमतों और व्यापार संरक्षण से उनकी संपत्ति में बढ़ोतरी हुई। सीरम इंस्टिट्यूट के साइरस पूनावाला और परिवार 3.03 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर रहे।

### 1266 लोगों ने खुद के दम पर बनाई संपत्ति

इस क्षेत्र से 19 लोग सूची में शामिल हुए, जिनकी कुल संपत्ति 3.07 लाख करोड़ रुपये है। बेंगलुरु की क्यूपीआईएआई के संस्थापक नागेंद्र नागराजा 1,700 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सूची में शामिल होने वाले पहले क्वांटम कंप्यूटिंग उद्यमी बने। सूची में उद्यमियों की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत है। कुल 1,266 लोग खुद के दम पर संपत्ति बनाने वाले हैं।

### रोशनी नादर बनी सबसे अमीर महिला

रोशनी नादर मल्होत्रा और परिवार 2.79 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ देश की सबसे अमीर महिला बनी हुई हैं। इस सूची में भारत से बाहर रहने वाले 156 लोग भी शामिल हैं, जिनमें 90 अमेरिका और 31 संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहते हैं। क्यूपिड के आदित्य कुमार हलवासिया की संपत्ति में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। उनकी संपत्ति 859 प्रतिशत उछलकर 18,800 करोड़ रुपये हो गई।

### साल भर में अरबपतियों की संख्या 391 हुई

इन धनवान भारतीयों की कुल संपत्ति 12.8 प्रतिशत बढ़कर 187.5 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो करीब 1.96 लाख करोड़ डॉलर के बराबर है। हुरुन के मुताबिक, देश में डॉलर के हिसाब से अरबपतियों की संख्या साल भर में 27 बढ़कर रिकॉर्ड 391 हो गई है। पांच साल पहले यह संख्या 237 थी। इस सूची में पहली बार कृत्रिम मेधा (एआई) को अलग क्षेत्र के रूप में शामिल किया गया है।

# रोहित मेरी सोच जानते हैं, मैं उनकी सोच जानता हूं

## रोहित के साथ रिश्ते पर गंभीर ने तोड़ी चुप्पीः अनबन की खबरों पर पहली बार दिया बयान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने रोहित शर्मा के साथ अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि रोहित के साथ उनका रिश्ता सिर्फ कप्तान और कोच का नहीं रहा है। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को जानते हैं और साथ खेलने के कारण एक-दूसरे की सोच को भी अच्छी तरह समझते हैं। गंभीर और रोहित एक बार फिर भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में साथ नजर आएंगे। भारत अपने घरेलू सत्र की शुरुआत रविवार को तिरुवनंतपुरम में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले से करेगा।

गंभीर ने कहा कि रोहित के साथ उनका जुड़ाव उस समय से है, जब वह खुद टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी थे। उन्होंने कहा, 'रोहित और मेरा रिश्ता सिर्फ कप्तान और कोच का नहीं था। जब रोहित टीम में आए थे, तब मैं एक वरिष्ठ खिलाड़ी था। इसलिए रोहित और मेरा रिश्ता उसी समय से है। रोहित मुझे तब से जानते हैं। इसलिए जब आप साथ खेल चुके होते हैं तो चीजें बहुत आसान हो जाती हैं। वह मेरी सोच जानते हैं और मैं उनकी सोच जानता हूं।'

गंभीर ने कहा कि कप्तान और कोच की सोच अलग हो सकती है, लेकिन अंतिम फैसला टीम के हित में होना सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'कल मेरी सोच कुछ और हो सकती है, कप्तान की सोच कुछ और हो सकती है, लेकिन आखिर में अगर जो फैसला लिया जाए वह टीम के हित में है, तो इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता।'

### चार कप्तानों के साथ काम करने का अनुभव

जुलाई 2024 में भारतीय टीम के मुख्य कोच का पद संभालने के बाद गंभीर ने चार कप्तानों के साथ काम किया है। इनमें रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल शामिल हैं। गंभीर ने चारों के रवैये की सराहना करते हुए कहा कि सभी ने टीम को खुद से ऊपर रखा।

उन्होंने कहा, 'मैंने चार कप्तानों के साथ काम किया है- रोहित, सूर्या, अब शुभमन और श्रेयस। जिन भी कप्तानों के साथ मैंने काम किया, सभी का पहला इरादा हमेशा टीम को प्राथमिकता देना रहा। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे ऐसे चार लोगों के साथ काम करने का मौका मिला, जिन्होंने हमेशा खुद से पहले टीम को रखा।'

### श्रेयस और शुभमन की भी तारीफ

गंभीर ने कहा कि विचारधारा, सोच और खेल को देखने का नजरिया अलग हो सकता है, लेकिन इरादा सही होना जरूरी है। उन्होंने श्रेयस अय्यर के साथ अपने पुराने संबंध का भी जिक्र किया। गंभीर ने बताया कि वह श्रेयस के साथ केकेआर में काम कर चुके हैं और 2018 में दिल्ली की कप्तानी उन्हें सौंपते समय भी उनकी नेतृत्व क्षमता देखी थी। उन्होंने कहा, 'मैंने श्रेयस के साथ केकेआर में काम किया है। उससे पहले, जब 2018 में मैंने दिल्ली के लिए श्रेयस को कप्तानी सौंपी थी, तो मुझे लगा था कि उनमें लीडरशिप के गुण हैं। अब, मुझे उनके साथ फिर से काम करने का मौका मिला है। शुभमन अभी युवा हैं।' शुभमन गिल को लेकर गंभीर ने कहा कि इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों में कप्तानी संभालना उनके लिए बड़ी चुनौती थी। उन्होंने कहा, 'अगर आपको इंग्लैंड के दौरे पर पांच टेस्ट मैचों में कप्तानी दी जाती है और किसी को गहरे पानी में धकेल दिया जाता है तो या तो आप बहुत अच्छी तरह तैरकर बाहर निकलेंगे या डूब जाएंगे।

# रोनाल्डो पुर्तगाल के लिए कब तक खेलेंगे! भविष्य पर दिया बड़ा बयान

**लिस्बन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुर्तगाल के साथ अपने अंतरराष्ट्रीय भविष्य को लेकर स्थिति साफ कर दी है। 41 वर्षीय स्टार फुटबॉलर ने कहा कि जब तक राष्ट्रीय टीम को उनकी जरूरत है, वह खेलते रहेंगे। हालांकि, जिस दिन उन्हें लगेगा कि वह टीम के लिए योगदान नहीं दे पा रहे हैं या टीम उन्हें नहीं चाहती, वह सबसे पहले खुद टीम छोड़ देंगे।

रोनाल्डो ने जुलाई में फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ-16 में पुर्तगाल के स्पेन से बाहर होने के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय भविष्य की पुष्टि नहीं की थी। हालांकि, नए मुख्य कोच जॉर्ज जीसस की पहली पुर्तगाल टीम में उन्हें शामिल किए जाने से साफ हो गया कि वह अभी राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध हैं।



### 'जब नहीं चाहेंगे, सबसे पहले मैं चला जाऊंगा'

वेल्स के खिलाफ मुकाबले से पहले रोनाल्डो ने अपने भविष्य को लेकर कहा, 'जब भी वे कहेंगे कि वे मुझे राष्ट्रीय टीम में नहीं चाहते, मैं सबसे पहले जाने वाला व्यक्ति बनूंगा। जब मुझे लगेगा कि मैं टीम में कुछ नहीं जोड़ रहा हूं या माहौल खराब कर रहा हूं, तो मैं सबसे पहले चला जाऊंगा। मैं अपना सूटकेस उठाऊंगा और चला जाऊंगा।'

उन्होंने आगे कहा, 'पुर्तगाल के लोग मुझ पर भरोसा करते हैं। इसी वजह से मैं अभी यहां हूं। सिर्फ आंकड़ों को देखिए, मुझे यकीन है कि आप कुछ गणना कर सकते हैं। मैं अभी भी अच्छा कर रहा हूं। जिस दिन उन्हें मुझ पर भरोसा नहीं रहेगा, कोई समस्या नहीं है, मैं चला जाऊंगा। मैं हमेशा इस महासंघ का नंबर एक प्रशंसक रहूंगा।'

### विश्व कप के बाद संन्यास पर किया था विचार

रोनाल्डो ने माना कि विश्व कप से बाहर होने के बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से हटने के बारे में विचार किया था। हालांकि, पुर्तगाल के राष्ट्रपति पेड्रो प्रोएंका और कोच जॉर्ज जीसस के साथ बातचीत के बाद उन्होंने खेलना जारी रखने का फैसला किया। उन्होंने कहा, 'हां, मैंने ऐसा किया था। बेशक, मैं हमेशा अपने फैसलों, अपने भविष्य और वर्तमान के बारे में सोचता रहता हूं। मैं सोचने वाला इंसान हूं, आपको सोचना पड़ता है। इसी वजह से आप मुझे अब यहां देख रहे हैं। इसका मतलब है कि मैं जारी रखूंगा।' रोनाल्डो ने यह भी कहा कि वह सिर्फ गोल करने के लिए नहीं, बल्कि युवा खिलाड़ियों की मदद करके भी टीम में योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे अब भी विश्वास है कि मैं राष्ट्रीय टीम को वह हासिल करने में मदद कर सकता हूं जो वह चाहती है। मुझे लगता है कि मैं राष्ट्रीय टीम को अपना समर्थन दे सकता हूं, सिर्फ गोल के जरिए नहीं, बल्कि मैदान के बाहर भी।'

# मुक्केबाज परवीन पदक पक्का करने से एक जीत दूर, क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

**नागोया।** भारतीय मुक्केबाजों के लिए एशियन गेम्स का पांचवां दिन मिलाजुला रहा। परवीन ने महिला 65 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने के मजबूत कदम बढ़ाए, वहीं साक्षी और सुमित को अपने-अपने बाउट में हार का सामना करना पड़ा। परवीन को तजाकिस्तान की मलिका नोजिमोवा से वॉकओवर मिला जिससे वह अगले दौर में पहुंच गईं। परवीन पदक पक्का करने से एक कदम दूर हैं। मुक्केबाजी में सेमीफाइनल में पहुंचने पर पदक पक्का हो जाता है।

भारतीय मुक्केबाज साक्षी चौधरी महिलाओं के 51 किलो वर्ग में कजाखस्तान की अलुआ बाल्कीबेकोवा से प्री क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गईं। हरियाणा की 26 वर्ष की साक्षी ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था लेकिन यहां वह लय कायम नहीं रख सकीं। पहले दौर के बाद कजाखस्तान की मुक्केबाज 3-2 से आगे थी। दूसरे दौर में साक्षी ने आक्रामकता दिखाई लेकिन बाल्कीबेकोवा ने 3-2 से फिर बढ़त बनाई। आखिरी दौर में साक्षी वापसी करने में नाकाम रही।

चोट के कारण बाहर हुए सुमित

इससे पहले सुमित पुरुषों के 70 किलो प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इराक के अल सारे अली के खिलाफ चोट के कारण बाहर हो गए। हरियाणा के 23 वर्ष के सुमित पहले दो दौर में आगे थे, लेकिन



तीसरे दौर में एक मुक्के से बचने के प्रयास में उन्हें घुटने में चोट लगी और वह गिर गए। इसके बाद वह आगे खेल नहीं सके और रैफरी ने मुकाबला रोककर विरोधी को विजेता घोषित कर दिया। सुमित ने पहले मुकाबले में थाईलैंड के बुंजोंग सिनसिरी को 5-0 से हराया था।

# भारतीय हॉकी टीम की द. कोरिया पर सबसे बड़ी जीत

**आइची नागोया।** पुरुष हॉकी में पूल-ए के मैच में भारतीय हॉकी टीम ने दक्षिण कोरिया को 8-2 से हरा दिया। भारत ने कोरिया पर हाफटाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली थी। भारत के लिए शिलानंद लाकरा ने चौथे मिनट, सुखजीत सिंह ने नौवें मिनट में गोल दागे। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दाग भारत को 3-0 से आगे कर दिया। इसके एक मिनट बाद अभिषेक ने गोल दागा। फिर दिलप्रीत सिंह ने 26वें मिनट में गोल दाग भारत को 5-0 से आगे कर दिया।



तीसरे क्वार्टर में भारत ने दो और गोल दागे, जबकि कोरिया की ओर से भी पहला गोल हुआ। भारत की ओर से दिलप्रीत ने 32वें मिनट में अपना दूसरा गोल और अभिषेक ने 38वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा। दक्षिण कोरिया की ओर से एकमात्र गोल किम जैहो ने 42वें मिनट में किया। तीसरे क्वार्टर तक भारत 7-1 से आगे थे।फिर चौथे क्वार्टर में दक्षिण कोरिया की ओर से किम योंगबोक ने 52वें मिनट में गोल दाग स्कोर 7-2 कर दिया। वहीं, रजिंदर सिंह ने 60वें मिनट में गोल दागा और स्कोर 8-2 कर दिया। आखिर तक यही स्कोरलाइन रहा और भारत ने जीत हासिल की। अब पूल स्टेज में ही भारत का सामना जापान से होगा। भारत की नजरें एशियन गेम्स में गोल्ड जीतकर 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के डायरेक्ट क्वालिफिकेशन हासिल करने पर हैं।

# कराटे में 100 खिलाड़ियों ने दिखाया दम, 10 ने जीते पदक

हाथरस। हाथरस के मेला श्रीदाऊजी महाराज के उपलक्ष्य में वर्ल्ड बुडो शोटोर्यू कराटे महासंघ के बैनर तले सातवीं श्री दाऊजी ओपन कराटे कप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते।

उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता कुंवर रत्नेश रत्न ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन लाते हैं। जो खिलाड़ी जीते हैं, उन्हें बधाई और जो हारे हैं, वे निराश न होकर और अधिक मेहनत करें। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनुराग अग्निहोत्री एडवोकेट और उप जिला क्रीड़ा अधिकारी काशी नरेश यादव उपस्थित रहे। संचालन पूर्व डीजीसी क्रिमिनल एडवोकेट वतन सिंह ने किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. रामबाबू हरित रहे।


प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामवीर सिंह भैयाजी, जिला पंचायत सदस्य प्रभा सिंह, अश्वनी सिंह, एडवोकेट रतन सिंह और महासंघ के अध्यक्ष व मुख्य प्रशिक्षक शिहान एमएस सामुराई ने संयुक्त रूप से विजयी प्रतिभागियों को पदक पहनाकर पुरस्कृत किया। अतिथियों को भी स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में हाथरस के विनायक इंटरनेशनल स्कूल, बीएलएस इंटरनेशनल स्कूल, कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, सेठ हरचरनदास कन्या इंटर कॉलेज, अलीगढ़ के आरसीएमडी इंटरनेशनल स्कूल के अलावा आगरा, मथुरा, टूंडला और अलीगढ़ के विभिन्न विद्यालयों के 100 बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान रेफरी पैनल के चीफ नितिन सोलंकी, विजेंद्र माहौर, रूबी कुमारी, जज हिमेश डेविड, विशाल ढकराल, सुबह सिंह और दीपक राज व सलमान आदि मौजूद रहे।

# स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने होंगी अनाहत और तन्वी, चार भारतीयों को भी मिली जीत

**नागोया** अनाहत सिंह, तन्वी खन्ना, अभय सिंह और वीर चोटरानी ने एशियन गेम्स की स्क्वाश स्पर्धा के एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि जोशना चिनप्पा और वेलावन सेंथिलकुमार की जोड़ी मिश्रित युगल के अंतिम आठ में पहुंची। जूनियर विश्व चैंपियन और पदक की दावेदार अनाहत ने महिला एकल में सिंगापुर की वाई इयिन औ येओंग को महज 19 मिनट में 3-0 (11-4, 11-5, 11-7) से हराकर अभियान की शुरुआत की।

सेमीफाइनल में पहुंचने पर तय नहीं होगा पदक

इसके बाद तन्वी ने भी सिंगापुर की वाई यान औ येओंग को 39 मिनट में 3-1 (5-11, 11-4, 11-5, 13-11) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इन नतीजों के साथ महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में अनाहत और तन्वी के बीच मुकाबला



तय हो गया है। पिछले एशियन गेम्स के विपरीत इस बार स्क्वाश की एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों का पदक पक्का नहीं होगा। कांस्य पदक के लिए सेमीफाइनल में हारने वाले दोनों खिलाड़ियों के बीच तीसरे-चौथे स्थान का मुकाबला खेला जाएगा।

अभय सिंह का दमदार प्रदर्शन

पुरुष एकल में अभय सिंह ने दमदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका के रविंदु लक्सिरी को 25 मिनट में 3-0 (11-5, 11-6, 11-0) से शिकस्त दी। क्वार्टर फाइनल में अभय का सामना मेजबान जापान के रयोउनोसुके से होगा। चोटरानी को मलयेशिया के संजय जीवा के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। उन्होंने एक घंटे नौ मिनट चले रोमांचक मुकाबले में 3-2 (11-9, 8-11, 11-6, 15-17, 11-6) से जीत दर्ज कर अंतिम आठ में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में उनकी भिड़ंत पाकिस्तान के इरफान मुहम्मद से होगी।

इससे पहले दिन में अनुभवी जोशना चिनप्पा और वेलावन सेंथिलकुमार ने हमवतन सूरज चंद और शमीना रियाज को सीधे गेम में हराकर मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी भारतीय जोड़ी ने ऑल-इंडियन मुकाबले में 11-7, 11-10 से जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी अब शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के डेविड पेलिनो और जेमीका अरिबाडो की जोड़ी से भिड़ेगी।

# आज ही के दिन भारत बना था विश्व विजेता

## 2007 टी20 विश्व कप में पाकिस्तान को दी थी मात, जानें उस मैच का रोमांच



**नई दिल्ली।** 24 सितंबर 2007 का दिन, दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग का वांडरर्स स्टेडियम एक ऐतिहासिक मैच का गवाह बना। टी20 विश्व कप इतिहास का पहला फाइनल और आमने-सामने थे क्रिकेट की दुनिया के दो घोर विरोधी भारत और पाकिस्तान। इस मैच के विजेता को सिर्फ विश्व चैंपियन नहीं बनना था, बल्कि टी20 क्रिकेट के पहले विश्व चैंपियन के रूप में अपना नाम इतिहास में दर्ज कराना था। यह इतिहास रचा महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली भारतीय टीम ने। भारतीय टीम ने पाकिस्तान को हराकर पहले टी20 विश्व कप की चैंपियन होने का गौरव हासिल किया था। भारत का पाकिस्तान को हराना कोई नई बात नहीं है। भारत से हारना पाकिस्तान की आदत में शुमार हो चुका है। लेकिन, 19 साल पहले मिली यह जीत भारतीय क्रिकेट इतिहास के चंद सबसे यादगार लम्हों में से एक है। युवा कप्तान धोनी के साथ युवा खिलाड़ियों से भरी टीम ने खिताबी जीत के बाद जब तिरंगा लहराया तो करोड़ों भारतीय क्रिकेट फैंस का सीना गर्व से चौड़ा हो गया।यह वह समय था, जब टी20 क्रिकेट धीरे-धीरे अपने पांव जमा रहा था। भारतीय टीम को इस प्रारूप की कमजोर टीम माना जा रहा था और चैंपियन बनने की संभावना न के बराबर जताई जा रही थी, लेकिन धोनी की कप्तानी वाली टीम ने युवा जोश के साथ होश दिखाया और खिताबी जीत हासिल की। इस जीत ने टी20 क्रिकेट और उसके रोमांच को शीर्ष स्तर पर पहुंचा दिया था।

### गंभीर की यादगार पारी

मैच की बात करें तो भारतीय टीम के कप्तान धोनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था। टीम इंडिया के लिए पारी की शुरुआत गौतम गंभीर और युसूफ पठान ने की थी। पठान आठ गेंदों पर 15 रन बनाकर आउट हो गए। गंभीर टिके रहे और 54 गेंदों पर 2 छक्के और 8 चौकों की मदद से 75 रनों की यादगार पारी खेलकर टीम का स्कोर पांच विकेट पर 157 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। छठे नंबर पर आकर रोहित शर्मा ने भी 16 गेंदों पर 30 रनों की बेहद अहम पारी खेली थी।158 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी पाकिस्तानी टीम 19.3 ओवर में 152 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम ने पांच रन से जीत हासिल कर पहला टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम कर इतिहास रच दिया। टीम इंडिया के लिए आर. पी. सिंह और इरफान पठान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट लिए थे। जोगिंदर शर्मा ने दो और एस. श्रीसंत ने 1 विकेट लिया था। मैच अंत तक रोमांचक बना रहा था और इसका फैसला आखिरी ओवर में जाकर हुआ। भारतीय टीम को जीत के लिए एक विकेट चाहिए था और पाकिस्तान को जीत के लिए 13 रन चाहिए थे। पाकिस्तान का स्कोर नौ विकेट पर 145 रन था। भारतीय टीम की जीत की राह का रोड़ा मिस्बाह उल हक थे, जो पाकिस्तान को जीत के करीब लाए थे।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में 74000 पेज का आरोप पत्र दाखिल, चंपत राय और अनिल मिश्रा बने गवाह

**अयोध्या, एजेंसी।**
श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावा चोरी मामले में विवेचक पुलिस क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बुधवार को आठ आरोपियों के खिलाफ लगभग 74000 पन्नों का आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम रजत वर्मा की अदालत में दाखिल किया. आरोप पत्र पांच लोहे के बक्सों में पेश किया गया. इसमें विवेचना के दौरान 101 परचे काटे गए और अभियोजन पक्ष की ओर से 133 गवाहों की सूची दाखिल की गई है. अदालत ने आरोप पत्र पर संज्ञान भी ले लिया. विवेचना के दौरान पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आवासीय मकान में घुसकर चोरी तथा मालिक के घर से नौकर द्वारा चोरी से संबंधित धाराएं हटा दी हैं. वहीं आरोपी सुभाष श्रीवास्तव के खिलाफ चोरी का माल रखने से संबंधित धारा 317(2) बीएनएस भी आरोप पत्र में शामिल नहीं की गई है. अन्य सात आरोपियों के खिलाफ धारा 316(5), 317(2), 317(5), 61(2) बीएनएस तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(ए) और 13(2) के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया है. सुभाष श्रीवास्तव के खिलाफ धारा 316(5), 317(5), 61(2) बीएनएस तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(ए) और 13(2) में आरोप पत्र दाखिल हुआ है. मामले की रिपोर्ट श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन ने रामजन्मभूमि थाने में दर्ज कराई थी. इसमें अनुकूल मिश्रा, करुणेश पांडेय, मनीष कुमार यादव, लवकुश मिश्रा, रमाशंकर मिश्रा, अविनाश शुक्ला, रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू और सुभाष श्रीवास्तव को आरोपी बनाया गया था. पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपियों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की और बरामदगी की. आरोपियों की ओर से दाखिल आपत्तियों पर सुनवाई के बाद अदालत ने सामान्य आशय से संबंधित धारा हटा दी थी.




**आरोप पत्र में 133 गवाहों की सूची**

आरोप पत्र में बार एसोसिएशन की ओर से दो जुलाई को दिए गए प्रार्थना पत्र और शपथ पत्रों को केस डायरी के परचा संख्या 92 से 95 में शामिल किया गया है. अभियोजन की कहानी को पुष्ट करने के लिए 133 गवाहों में गोपाल राव, डॉ. अनिल मिश्रा, चंपत राय और कृष्ण मोहन के नाम भी शामिल हैं.

**आरोप पत्र के अवलोकन को लेकर अधिवक्ताओं का हंगामा**

आरोप पत्र दाखिल होने की जानकारी पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र अन्य अधिवक्ताओं के साथ अदालत पहुंचे. उन्होंने आरोप पत्र का अवलोकन करने की मांग की, लेकिन शुरूआत में अनुमति नहीं मिलने पर अधिवक्ताओं ने विरोध जताया. इसके बाद बार एसोसिएशन की आपात बैठक हुई. बैठक में तय हुआ कि प्रकरण के लिए गठित अधिवक्ताओं की कमेटी अदालत में जाकर आरोप पत्र का अवलोकन करेगी. कमेटी के सदस्यों ने बाद में आरोप पत्र का अवलोकन किया, जिसके बाद स्थिति शांत हुई. इसके बाद करीब 3:30 बजे मामले में बहस हुई. वरिष्ठ अधिवक्ता प्रियनाथ सिंह, कृपाल चंद्र खरे और सौरभ मिश्रा ने बहस के दौरान आरोप लगाया कि बरामद रकम कृष्ण मोहन के लॉकर में रखी गई थी. उनका कहना था कि चार जून को बरामदगी के बाद रकम 26 जून तक लॉकर में रही. अधिवक्ताओं ने एसआईटी द्वारा पूर्व में की गई 81 लाख रुपये की बरामदगी का भी मुद्दा उठाया और कहा कि विवेचना में इस रकम के संबंध में स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है. अधिवक्ताओं ने यह भी तर्क दिया कि जिन लोगों के कब्जे से कथित चोरी की रकम बरामद हुई, उन्हें गवाह बनाया गया है. उन्होंने चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा, गोपाल राव और कृष्ण मोहन की भूमिका से जुड़े बिंदुओं पर अग्रिम विवेचना की मांग अदालत से की. आरोप पत्र दाखिल किए जाने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा. पुलिस की ओर से आरोप पत्र दाखिल किए जाने के साथ ही विवेचना समाप्त कर दी गई.

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा: फ्री एलपीजी पर घमासान, 12 की जगह 6 सिलेंडर का ऐलान

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में गुरुवार को फ्री एलपीजी सिलेंडर को लेकर ज़ोरदार हंगामा हुआ। फूड, सिविल सप्लाई और उपभोक्ता मंत्री सतीश शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने योग्य परिवारों को 6 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने की नीति को मंजूरी दे दी है। इस घोषणा पर विपक्ष ने तुरंत कड़ी आपत्ति जताकर आरोप लगाया कि उमर सरकार अपने वादे से मुकर गई है। नेता शर्मा ने याद दिलाया कि लगभग दो साल पहले सरकार ने हर घर के लिए 12 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा कि वादे की संख्या को घटाकर 6 करना लोगों के साथ मज़ाक और बड़ा धोखा है। सदन में विपक्ष ने झूठी सरकार और यह धोखा है जैसे नारे लगाए। शर्मा ने सरकार पर लोगों के सामने बेनकाब होने और अपने वादे पूरे न करने का आरोप लगाया। उन्होंने पूछा कि उमर सरकार के एक लाख नौकरियों के पहले के वादे का क्या हुआ। तीखी बहस के बाद भी, विपक्ष ने कार्यवाही के दौरान लगातार नारेबाजी जारी रखी, जिससे सदन में गहमागहमी बनी रही।

## गाड़ी टकराने पर अभिषेक बनर्जी ने पुलिसकर्मी को कराया सस्पेंड, कोर्ट ने किया बहाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। कलकत्ता हाईकोर्ट ने निलंबित चल रहे एक पुलिसकर्मी को करीब 6 साल सस्पेंड होने के बाद बहाल कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी की नाराजगी के चलते उन्हें हटाया गया था। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है। अभिषेक बनर्जी विदेश में आंख का इलाज कराने गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक मामला 2023 का है। तब पुलिस ड्राइवर अपनी कार निकाल रहे थे। उस दौरान गाड़ी अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास के गेट से टकरा गई थी। इसके बाद उन्हें काम से हटा दिया गया था। खबर है कि राज्य सरकार के फैसले को हाईकोर्ट ने पलट दिया। रिपोर्ट के मुताबिक हाई कोर्ट में जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस पार्थ प्रतिम रॉय की डिवीजन बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी। बेंच ने पुलिस विभाग को चार सप्ताह के अंदर नए आदेश जारी करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि पुलिसकर्मी ने गलती की थी, लेकिन गलती इतनी गंभीर नहीं थी कि उसे काम से ही हटा दिया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे भी कोई आरोप नहीं है कि हादसे में कोई घायल हो गया था। बेंच ने कहा कि इस मामले में कम सजा देने की भी गुंजाइश थी। रिपोर्ट के मुताबिक ड्राइवर का नाम धीरेंद्रनाथ महतो है और उन्होंने साल 2000 में एक ड्राइवर के तौर पर कोलकाता पुलिस में शुरुआत की थी। बाद में 2005 में उन्हें हार्ट अटैक आया और उन्हें हल्की और मध्यम स्तर की जिम्मेदारियां दी जाने लगी थीं।

## प्रियंका गांधी तीखा वार: लोकतांत्रिक प्रक्रिया से छेड़छाड़ देश के साथ गद्दारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी विवाद के बीच आयोग पर हमलावार है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ छेड़छाड़ करना देश के साथ गद्दारी के समान है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि मतदाता सूची में कथित हेरफेर और बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाया जाना, जो रिपोर्ट के अनुसार 13 करोड़ से अधिक हो सकता है, लोकतंत्र, संविधान और देश के खिलाफ एक आपराधिक कृत्य है। प्रियंका गांधी का यह बयान एक रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें दावा किया गया है कि दो चुनाव आयुक्तों, सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने बीते दस महीनों में आयोग के कुछ फैसलों पर करीब 14 बार आपत्तियां दर्ज कराई थीं, जिसमें एसआईआर से संबंधित फैसले भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि जो कोई भी चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रिया से छेड़छाड़ करता है, वह देश के साथ गद्दारी कर रहा है। प्रियंका ने सवाल उठाया कि अगर किसी चुनाव आयुक्त को इसकी जानकारी में कोई गैरकानूनी काम हुआ है, तब उस कानूनी सुरक्षा क्यों मिलनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त को इन कथित अनियमितताओं की जानकारी थी और उनके सहयोगी चुनाव आयुक्तों ने भी इस ओर ध्यान दिलाया था, लेकिन इसके बावजूद इन आपत्तियों को नजरअंदाज किया गया। प्रियंका गांधी ने मांग की कि यदि किसी चुनाव आयुक्त ने गैरकानूनी काम किया है, तब उसके खिलाफ भी अन्य मामलों की तरह आपराधिक कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाकर कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पहले जो बातें कही थीं, वे अब सही साबित हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की पूरी प्रक्रिया को दूषित किया गया है और दो चुनाव आयुक्तों ने असहमति व्यक्त की थी, जबकि आयोग असहमति न होने की बात कह रहा है। कांग्रेस सांसद मसूद ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर के कारण चुनाव प्रभावित होने का भी आरोप लगाया। हालांकि, इन आरोपों के जवाब में चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि बहु-सदस्यीय आयोग में लिखित टिप्पणियां, सुझाव और आपत्तियां आंतरिक विचार-विमर्श का सामान्य हिस्सा हैं। आयोग का कहना है कि एसआईआर समेत सभी प्रमुख फैसले पूर्ण आयोग की सर्वसम्मति से लिए गए हैं।

## मुस्लिमों के मुद्दे अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठाएंगे: जमीयत

नई दिल्ली (एजेंसी)। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने भारतीय मुसलमानों को कथित तौर पर निशाना बनने पर गहरी चिंता जताकर घोषणा की है कि संगठन इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार पर सीधा हमला कर कहा कि भारत में एक खास तबके को लगातार निशाना बनाया जा रहा है और अब वक्त आ गया है कि इन मामलों को वैश्विक मंच पर उठाया जाए। मौलाना मदनी ने अपने में जोर दिया कि आज की तारीख में दुनिया एक वैश्विक गांव बन चुकी है और भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण दोस्त बनाए हैं। उन्होंने कहा, हम उन दोस्तों को साथ लेने वाले हैं, ताकि भारत अपने रास्ते से भटके नहीं। मदनी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इन दोस्तों को शामिल करने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश सही दिशा में बना रहे और पटरी से न उतरे, जिस जगह पर भारत को रहना चाहिए। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मदनी ने मुल्क में लगातार खास तबके को निशाना बनाने का आरोप लगाकर पिछली घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले मॉब लिंचिंग की घटनाएं हुईं, फिर घरों पर बुलडोजर चलाए और अब मस्जिदों तथा दरगाहों को टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने संवैधानिक राहत के अवसरों को भी छीने जाने को अराजकता की ओर ले जाने वाला बताया, जिससे देश में बेचैनी और गुस्सा बढ़ रहा है। इस गंभीर स्थिति पर विचार करने के लिए जमीयत उलेमा-ए-हिंद की आपात बैठक बुलाई गई, जहां विस्तृत चर्चा हुई। मौलाना मदनी ने कहा कि केंद्र सरकार, प्रशासन की कथित मिलीभगत और देश की न्यायिक प्रणाली की विफलता ने इस हालात को जन्म दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सबसे बड़ी अल्पसंख्यक आबादी खुद को असहाय महसूस करती है, तब यह देश के लिए ठीक नहीं होगा। जमीयत ने संवैधानिक तरीकों से इस स्थिति से लड़ने का संकल्प लिया है। यह महत्वपूर्ण बैठ नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय की महमूदिया लाइब्रेरी में हुई। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना मदनी ने इसकी अध्यक्षता की, जिसमें दारुल उलूम देवबंद के मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी सहित देश के विभिन्न हिस्सों से कार्यसमिति के सदस्यों ने भाग लिया।

## आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल के परिजनों से राहुल गांधी ने की फोन पर बात

**-परिवार का किया समर्थन और न्याय दिलाने हर संभव मदद का दिलाया भरोसा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे के परिजनों से बातचीत की। छात्र साहिल ने पिछले हफ्ते आईआईटी पवई परिसर में आत्महत्या कर ली थी। महाराष्ट्र कांग्रेस ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि राहुल गांधी ने आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे के परिजनों से फोन पर बातचीत की है। राहुल ने पीड़ित परिवार को अपना समर्थन दिया और न्याय दिलाने में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस मामले को लेकर गुरुवार दोपहर में यूथ कांग्रेस प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेगी। इसमें साहिल वाकोडे मामले को लेकर आगे की रणनीति और आंदोलन की दिशा की घोषणा किए जाने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक साहिल की मौत के बाद उनके परिवार ने आईआईटी बॉम्बे प्रशासन और कुछ अधिकारियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले की जांच फिलहाल मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच कर रही है। बता दें छात्र साहिल ने परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए पकड़े जाने के बाद आत्महत्या कर ली थी। वह ऊर्जा विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग में द्वितीय वर्ष का छात्र था। संस्थान का कहना है कि वाकोडे ने परीक्षा के दौरान चैटजीपीटी से सवालों का जवाब पाने की कोशिश की। रिपोर्ट के मुताबिक परीक्षा प्रशिक्षक और विभाग के प्रमुख ने छात्र से इस मामले पर बातचीत की।

## अखिलेश भी मान रहे हैं भगवा ही जीतेगा, इसलिए पीडीए रथ भी भगवा रंग में है

**बीजेपी नेता दयाशंकर ने रायबरेली से पीडीए रथ यात्रा को लेकर साधा निशाना**

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री और बीजेपी नेता दयाशंकर सिंह ने रायबरेली से सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पीडीए रथ यात्रा को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के पीडीए के नारे पर सवाल उठते हुए कहा कि अखिलेश खुद पीडीए की परिभाषा को लेकर स्पष्ट नहीं हैं। समय-समय पर वह पीडीए की अलग-अलग व्याख्या करते हैं। दयाशंकर ने कहा कि कभी पीडीए को पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक बताया जाता है, तो कभी इसमें पंडित और आधी आबादी को शामिल किया जाता है। उन्होंने इसे अखिलेश यादव का जुमला बताया और कहा कि समाजवादी पार्टी की सोच पीडीए की नहीं, बल्कि परिवारवादी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दयाशंकर ने अखिलेश की रथयात्रा के भगवा रंग में होने पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भगवा रंग को लेकर प्रदेश की जनता में बढ़ते रुझान को देखते हुए अखिलेश ने अपने पीडीए रथ को भी भगवा रंग में बना दिया है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश की सत्ता में तीसरी बार योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीजेपी की वापसी होगी। उन्होंने कहा कि अखिलेश भी मानकर चल रहे हैं कि भगवा ही जीतेगा, इसलिए उनका रथ भी भगवा रंग में है।



बता दें अखिलेश यादव आज रायबरेली में पहली बार पीडीए रथ चलाकर विधानसभा चुनाव की तैयारी को गति देंगे। अपने सहयोगी दल कांग्रेस के गढ़ रायबरेली से इसकी शुरुआत कर सपा अलग संदेश देने का प्रयास भी करेगी। रायबरेली में 17 सितंबर को फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज में समाजवादी छात्र सभा और एबीवीपी कार्यकर्ताओं के बीच विवाद के बाद जिले में युवा राजनीति गरमाई है। ऐसे समय में सपा रथयात्रा कर अपना अलग संदेश देने का प्रयास करेगी। अखिलेश की इस यात्रा को रायबरेली में संगठन को सक्रिय करने की दृष्टि से भी अहम माना जा रहा है। सपा प्रमुख व अन्य नेता रथ से रायबरेली में सपा विधायक राहुल लोधी के आवास पहुंचेंगे। यहां वह करीब साढ़े तीन घंटे तक रहेंगे और कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे। अखिलेश पहली बार रथ की झलक दिखाने के साथ ही राजनीतिक संदेश भी देंगे। रथयात्रा की शुरुआत के लिए रायबरेली को चुनने के पीछे एक वजह इस जिले की तीन सीटों पर सपा विधायकों का जातीय समीकरण भी माना जा रहा है।

## लद्दाख के लिए वांगचुक की पदयात्रा, सीजेपी के बड़े नेता नदारद

**उपराज्यपाल ने वापस लिए 20 केस**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आंदोलन में 26 दिनों तक अनशन करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को बदले में वह व्यापक साथ नहीं मिला, जिसके लिए उन्होंने आवाज लगाई थी। सोनम वांगचुक की लद्दाख पदयात्रा में हिस्सा लेने के लिए सीजेपी का एक भी बड़ा नेता लद्दाख नहीं गया। अभिजीत दीपके, सौरभ दास या आशुतोष रांका जैसे नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर समर्थन की बात तो कही थी, लेकिन खुद वहां जाने से परहेज कर गए। लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा उपायों की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन के दौरान 24 सितंबर 2025 को केंद्र शासित प्रदेश में हिंसा हुई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी। इसकी पहली बरसी के उपलक्ष्य में जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने



बुधवार को लेह में एक प्रतीकात्मक पदयात्रा का नेतृत्व किया। 24 सितंबर को शहीद दिवस के रूप में मनाने का ऐलान किया गया है। इससे पहले सोनम वांगचुक ने 19 से 24 सितंबर तक पदयात्रा की घोषणा करते हुए कॉकरोचों (सीजेपी सदस्यों) से भी इसमें शामिल होने की अपील की थी। दिल्ली से बनाए एक वीडियो में वांगचुक ने जंतर-मंतर पर अपने अनशन की याद दिलाते हुए कहा था कि वह अब कॉकरोचों से मदद चाहते हैं। वांगचुक की अपील पर अभिजीत दीपके, सौरभ दास और आशुतोष रांका ने लद्दाख के समर्थन की बात सोशल मीडिया पर लिखी थी। हालांकि, इनमें से किसी नेता ने ना तो लद्दाख जाने की घोषणा की थी और ना ही इनकार किया था। बाद में वांगचुक ने खराब मौसम को देखते हुए चार दिन की यात्रा स्थगित कर दी और सिर्फ 23 सितंबर को एक दिन की पदयात्रा की घोषणा की। बुधवार को जब कुछ दर्जन यात्रियों के साथ वांगचुक लेह की ओर रवाना हुए तो उनके साथ लद्दाख के अलावा कुछ दूसरे प्रदेशों से आए लोग भी थे। हालांकि, सीजेपी नेता अभिजीत दीपके, सौरभ दास या आशुतोष रांका वहां नजर नहीं आए। पदयात्रा के दौरान एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए वांगचुक ने कहा कि उन्होंने एक बार अधिक से अधिक लोगों के आने की अपील की थी, लेकिन बाद में इस पर अधिक जोर नहीं दिया, जो आए उनका स्वागत किया गया है।

## जम्मू कश्मीर: विधानसभा अध्यक्ष ने नौकरशाहों के लिए नई वाहन नीति में देरी पर परिवहन मंत्री को लगाई फटकार

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने गुरुवार को नौकरशाहों के लिए नई वाहन नीति बनाने में हो रही देरी को लेकर परिवहन मंत्री सतीश शर्मा को फटकार लगाई और उन्हें इसे लागू करने के बारे में मौजूदा सत्र में बताने का निर्देश दिया। विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के विधायक रणबीर सिंह पठानिया ने सभी विभाग, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बोर्ड और स्वायत्त निकाय में एक अधिकारी-एक वाहन की सीमा लागू करने पर एक लिखित सवाल पूछा, ताकि एक से ज्यादा सरकारी गाड़ियां रखने पर रोक लगाई जा सके. यह फटकार तब लगी जब मंत्री, अधिकारियों को गाड़ी देने के तरीके को आसान बनाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में विधायक के पूरक सवाल का कोई ठोस जवाब नहीं दे सके. विधायक के यह कहने पर कि अधिकारियों को एक से अधिक सरकारी गाड़ियां दी गई हैं, मंत्री ने जवाब दिया कि सरकार अधिकारियों को दी गई गाड़ियों का स्वतंत्र ऑडिट करेगी. पठानिया ने कहा कि जिन अधिकारियों के पास एक से ज्यादा चार्ज हैं, उनके पास उतनी ही गाड़ियां हैं. जब मंत्री सदन को मना नहीं पाए, तो विधानसभा अध्यक्ष ने बीच में दखल दिया और मंत्री से विभाग की बनाई नई नीति के बारे में पूछा. राथर ने कहा कि पिछली गाड़ी आवंटन पॉलिसी जनवरी 2015 में लागू की गई थी. विधानसभा अध्यक्ष ने पूछा, आपने नई नीति को लागू करने में देरी क्यों की?



## बंगाल सरकार स्टूडेंट्स और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी के चलते 250 मदरसों को बंद करेगी

**कोलकाता, एजेंसी।**
आधारभूत संरचना की भारी कमी और छात्रों की घटती संख्या के चलते नबान्ना को राज्य के मदरसों को लेकर सख्त कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ा. साल के आखिर तक राज्य सरकार लगभग 300 और मदरसों को हमेशा के लिए बंद करने वाली है. कम से कम 250 सरकारी मान्यता वाले प्राइवेट मदरसे, जिनमें सही इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टूडेंट्स की कमी है, इस आने वाले दिसंबर तक बंद होने वाले हैं. एडमिनिस्ट्रेटिव सूत्रों ने पहले ही गड़बड़ियों के आरोप में सौ और मदरसों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. इन संस्थानों को पूजा की छुट्टियों से पहले अपना जवाब देने का निर्देश दिया गया है. एडमिनिस्ट्रेटिव सूत्रों के मुताबिक इस बात की पूरी संभावना है कि इन सौ



मदरसों में से कम से कम पचास मदरसे हमेशा के लिए बंद हो जाएंगे. कुल मिलाकर, दिसंबर तक लगभग तीन सौ मदरसे हमेशा के लिए बंद हो जाएंगे. मदरसा शिक्षा में पारदर्शिता लाने और इसकी गुणवत्ता सुधारने को लेकर प्रशासन का रवैया लंबे समय से सख्त रहा है. नबन्ना के सूत्रों ने साफ कहा है कि 'खारिजी' मदरसों को किसी भी हालत में राज्य में चलने नहीं दिया जाएगा. साथ ही सरकार से मान्यता प्राप्त प्राइवेट मदरसों, जिनमें पढ़ाने-लिखाने के लिए मिनिमम इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है, उन्हें अब बख्शा नहीं जाएगा. राज्य भर में 252 मदरसों को पूरी तरह से बंद करने के लिए पहले ही सख्त कदम उठाए जा चुके हैं. बंद किए गए मदरसों की लिस्ट में नॉर्थ बंगाल से लेकर साउथ बंगाल तक कई जिले शामिल हैं. ये मदरसे-जिनमें सही इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी थी. कूच बिहार, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, नॉर्थ और साउथ दिनाजपुर, और मालदा जैसे उत्तरी जिलों के साथ-साथ मुर्शिदाबाद, नादिया, नॉर्थ और साउथ 24 परगना, हावड़ा, हुगली, और ईस्ट और वेस्ट बर्धमान जैसे जिलों में बंद कर दिए गए हैं. एडमिनिस्ट्रेटिव सूत्रों के मुताबिक, 100 मदरसों के खिलाफ कई शिकायतें दर्ज की गई थीं, जिन्हें अब नए शो-कॉज नोटिस जारी किए गए हैं. मुख्य रूप से ये संस्थान कानून के अनुसार काम नहीं कर रहे थे. अधिकारियों को इंस्पेक्शन के दौरान कई गंभीर गड़बड़ियां मिली.

इसलिए, उन्हें पूजा त्योहारों से पहले जवाब देने के लिए कहा गया है. अगर संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी. हालांकि इतने सारे मदरसे एक साथ बंद होने के बावजूद सरकार छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए बहुत सावधानी से आगे बढ़ रही है. राज्य के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री क्षुदीराम टुडू ने इस मामले पर सरकार का रुख साफ किया है. उन्होंने यह भी बताया कि सरकार मदरसों को बीच में बंद करने के बजाय दिसंबर तक बंद करने का इंतजार क्यों कर रही है. बंगाल के माइनॉरिटी अफेयर्स मिनिस्टर ने कहा, 'एजुकेशन डिपार्टमेंट का एकेडमिक सेशन दिसंबर में खत्म हो रहा है. राज्य सरकार इसके बाद इन मदरसों को बंद करने का नोटिस जारी करने वाली है, क्योंकि इनमें स्टूडेंट्स की संख्या बहुत कम है. हालांकि इन्हें बीच में बंद करने से ड्रॉपआउट रेट बढ़ सकता है. इसीलिए प्रोसेस में देरी हो रही है.' यह डेडलाइन इसलिए तय की गई है ताकि जो कुछ स्टूडेंट्स वहां हैं, वे स्कूल न छोड़ें और एकेडमिक साल पूरा करने के बाद उन्हें दूसरे संस्थान में एडमिशन लेने का मौका मिले. राज्य भर में चल रहे मदरसों की असली स्थिति का पता लगाने के लिए, सरकारी अधिकारियों ने पहले एक बड़ा सर्वे किया था. सरकार ने यह बड़ा क्लीनअप ड्राइव मुख्य रूप से उस सर्वे रिपोर्ट के नतीजों के आधार पर शुरू किया है.



# गोविंदा के बेटे यशवर्द्धन की पहली फिल्म की रिलीज तारीख आई

**मुंबई।** गोविंदा के बेटे यशवर्द्धन आहूजा जल्द ही बॉलीवुड में अपनी धमाकेदार शुरुआत करने जा रहे हैं। उनकी पहली फिल्म का नाम 'हीरो की हॉररॉइन' है, जो हॉरर, कॉमेडी और रोमांस का एक बहुत ही दिलचस्प मिश्रण होगी। इस फिल्म में यशवर्द्धन के साथ लोकप्रिय अभिनेत्री नितंशी गोयल मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। दर्शकों के बीच रोमांच और हंसी का तड़का लगाने वाली यह बहुप्रतीक्षित फिल्म आगामी 7 जनवरी, 2027 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म में यशवर्द्धन आहूजा और नितंशी गोयल के अलावा जेमी लीवर, चंकी पांडे, बृजेंद्र काला, सुनीता आहूजा और सिमरत कौर रंधावा जैसे बेहतरीन कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



लाइफ Style

# आलिया
## ला रहीं अपनी पहली हॉरर फिल्म

सोहम शाह ने आलिया के फिल्म में होने की बात बताते हुए कहा है कि 'तुम्बाड़' की कहानी अब और आगे बढ़ रही है और इसका एक नया चैप्टर शुरू हो रहा है। इस फिल्म का निर्देशन आदेश प्रसाद कर रहे हैं।

आलिया भट्ट फिल्म 'तुम्बाड़ 2' के जरिए पहली बार हॉरर फिल्म में काम कर रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ सोहम शाह और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी नजर आएंगे। हाल ही में शूटिंग के सेट पर आलिया को एक धारीदार शर्ट और पोनीटेल वाले साधारण लुक में देखा गया है। खबर है कि फिल्म के कुछ सीन नदी के किनारे और एक पुराने किले में शूट किए गए हैं। सोहम शाह ने आलिया के फिल्म में होने की बात बताते हुए कहा है कि 'तुम्बाड़' की कहानी अब और आगे बढ़ रही है और इसका एक नया चैप्टर शुरू हो रहा है। इस फिल्म का निर्देशन आदेश प्रसाद कर रहे हैं।

ये सीक्वल पहली फिल्म के मुख्य विषयों जैसे लालच, डर और इंसानी स्वभाव को और गहराई से दिखाएगा। फिल्म की टीम ने मुंबई में लगभग 7-8 एकड़ में एक बहुत बड़ा सेट बनाया है, जो बिल्कुल किसी शहर जैसा दिखाई देता है। 'तुम्बाड़ 2' फिल्म 3 दिसंबर 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए सोहम शाह ने कहा, एक पापी अतीत, एक डरावना भविष्य। भूख बढ़ती है, लालच का सिलसिला जारी है... अपने कैलेंडर में ये तारीख याद रखें 3 दिसंबर, 2027.

हॉलीवुड मसाला




# जॉम्बी थ्रिलर... ने मचाया गदर

लॉस एंजिल्स। अगर आपको जॉम्बी थ्रिलर और सर्वाइवल मूवीज पसंद हैं तो, नेटफ्लिक्स पर एक्सटाइशन 2015 को आप एक बार देख सकते हैं। 1 घंटे 50 मिनट की इस फिल्म में आपको एक अलग ही हॉरर देखने को मिलेगा। फिल्म में दिखाते हैं कि लोगों के काटने से सब जॉम्बी बन जाते हैं इन्हीं सब के बीच में अपनी जान बचाते हुए 3 लोग बचते हैं। जो एक ही परिवार के होते हैं, लेकिन किसी वजह से वो एक-दूसरे के ऐसे पड़ोसी बन जाते हैं जो आपस में बात नहीं करते।




# 36 की उम्र में 'हीरोज' फेम एक्ट्रेस हेडन का निधन

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड इंडस्ट्री से एक बेहद दुखी खबर सामने आई है। टीवी सीरीज 'हीरोज' में अपनी जादुई एक्टिंग से घर-घर में पहचान बनाने वाली मशहूर अमेरिकी एक्ट्रेस हेडन पेनेटिएर का महज 36 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनका जन्मदिन 21 अगस्त को रहा और निधन 17 अगस्त को हो गया। हेडन ने बहुत छोटी उम्र में ही अभिनय की दुनिया में कदम रख दिया था. हालांकि, उन्हें ग्लोबली पहचान साल 2006 की सुपरहिट साइ-फाई सीरीज 'हीरोज' में क्लेयर बेनेट के रोल से मिली। शो का मशहूर डायलॉग सेव द चीयरलीडर, सेव द वर्ल्ड आज भी फैंस के दिलों और जुबां पर छाया हुआ है। उन्होंने म्यूजिकल ड्रामा सीरीज 'नेशविले' में जूलियट बार्न्स का रोल निभाया था, जिसके लिए उन्होंने खूब तारीफें बटोरीं थी।



# रणबीर के साथ स्क्रीन साझा करेंगी...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण इस वक्त अल्लू अर्जन की आगामी फिल्म 'राका' में व्यस्त चल रही हैं। उधर अभिनेता रणबीर कपूर भी अपनी आगामी पौराणिक फिल्म 'रामायण' को रिलीज करने की तैयारी में जुटे हैं। इस परियोजना के बाद, अभिनेता 'ब्रह्मास्त्रः भाग 2' की शूटिंग शुरू करेंगे जिसका निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। हालिया अपडेट है कि फिल्म में दीपिका शामिल हो सकती हैं। निर्माता फिल्म में 'अमृता' का किरदार निभाने के लिए उनसे बातचीत कर रहे हैं। पिंकविला के मुताबिक, परियोजना से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि 'ब्रह्मास्त्रः भाग 2' के निर्माता फिल्म में दीपिका को शामिल करने का मन बना रहे हैं। उन्होंने कहा, अयान मुखर्जी और मुख्य टीम दीपिका को इस परियोजना में शामिल करने को लेकर आश्वस्त हैं।



# 'आवारापन 2' ने अब तक कमाए 170 करोड़

**मुंबई।** इमरान हाशमी की फिल्म 'आवारापन 2' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। 14 अगस्त को रिलीज हुई इस फिल्म ने महज 8 दिनों में दुनियाभर में करीब 170 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। नितिन कक्कड़ द्वारा निर्देशित और विशेष व मुकेश भट्ट द्वारा निर्मित यह फिल्म साल 2007 में आई हिट फिल्म 'आवारापन' का सीक्वल है, जो इमरान हाशमी के करियर की एक बड़ी और सफल फिल्म बन गई है। आठवें दिन इस फिल्म ने भारत में 5.50 करोड़ रुपये कमाए, जिससे इसकी कुल घरेलू कमाई अब 119 करोड़ रुपये हो गई है। उधर विदेशों से 1 करोड़ रुपये मिलने के बाद कुल वैश्विक कमाई 169.17 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। फिल्म के 8वें दिन 9,858 शो चले और सिनेमाघरों में 15.19 प्रतिशत लोग फिल्म देखने आए।

टीवी मसाला



# 'खतरों के खिलाड़ी 15' में कौन है सबसे अमीर प्रतियोगी

**मुंबई।** रोहित शेट्टी का रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' दर्शकों के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। शो में टीवी और मनोरंजन जगत के कई चर्चित सितारे खतरनाक स्टंट करते नजर आ रहे हैं। इस सीजन में गौरव खन्ना, रुबीना दिलैक, जैस्मिन भसीन, अविका गौर और हर्ष गुजराल समेत कई सेलेब्स हिस्सा ले रहे हैं।

# 'रामायण' से 'राका' तक, एक ही फिल्म में अलग-अलग अवतारों से चौंकाने आ रहे ये सितारे

मुंबई। भारतीय सिनेमा का सबसे पुराना और हिट फॉर्मूला 'डबल रोल' अब एक भव्य अवतार में लौट रहा है। अब ये केवल बिछड़े जुड़वां भाइयों या हीरो-विलेन के घिसे-पिटे ड्रामे तक सीमित नहीं है। आज के निर्देशक इसका इस्तेमाल अलग-अलग समयकाल, पीढ़ियों और पौराणिक कथाओं को जोड़ने के लिए कर रहे हैं। 'रामायण' से लेकर 'टॉक्सिक' और 'राका' जैसी बड़ी फिल्मों में बड़े सितारे एक ही कहानी में 2 बिल्कुल अलग किरदारों से दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं।

**अल्लू अर्जुन (राका) :** एटली के निर्देशन में बन रही 'राका' एक बड़े पैमाने की साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म है। अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा' की सफलता और एटली के रिकॉर्ड के चलते इस प्रोजेक्ट को लेकर जबरदस्त माहौल बना हुआ है। खबरों के मुताबिक, अल्लू इस फिल्म में डबल या कई अलग-अलग किरदार में नजर आएंगे, जिसे लेकर निर्माताओं ने काफी सस्पेंस बनाया हुआ है। इस पैन-इंडिया फिल्म में दीपिका पादुकोण और



रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिकाओं में शामिल हैं।

**रणबीर कपूर (रामायण) :** नितेश तिवारी की भव्य फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर एक बेहद चुनौतीपूर्ण डबल रोल में नजर आएंगे। वो इस पौराणिक महाकाव्य में भगवान राम के साथ-साथ भगवान परशुराम का किरदार भी निभा रहे हैं। एक ही पौराणिक दुनिया का हिस्सा होने के बावजूद इन दोनों किरदारों की ऊर्जा, व्यक्तित्व और कहानी में भूमिकाएं एक-दूसरे से पूरी तरह अलग हैं। इस 2 भागों वाली फिल्म में उनके साथ साई पल्लवी (सीता) और यश (रावण) मुख्य भूमिकाओं में हैं।

**यश (टॉक्सिक) :** गीतू मोहनदास के निर्देशन में बनी फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में यश एक गैंगस्टर के अवतार में नजर आएंगे। खबर है कि फिल्म में यश एक से ज्यादा किरदारों में दिखेंगे, जिससे पिता-पुत्र के टकराव की चर्चाएं तेज हो गई हैं। यश के मुख्य किरदार का नाम 'राया' सामने आया है, जबकि बाकी जानकारियों को गोपनीय रखा गया है। इस फिल्म में नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, रुक्मिणि वसंत और हुमा कुरैशी जैसी अभिनेत्रियां भी शामिल हैं।

**प्रभास (फौजी और स्पिरिट) और कार्थी (सरदार 2) :** प्रभास भी 2 बड़ी फिल्मों में डबल धमाका करते नजर आ सकते हैं। एक ओर उन्हें हनु राघवपुडी की फिल्म 'फौजी' में डबल रोल में देखा जाएगा, वहीं संदीप रेड्डी वांगा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट' में भी उनकी दोहरी भूमिका की चर्चाएं हैं। दूसरी ओर अभिनेता कार्थी फिल्म 'सरदार 2' में एक बार फिर अपने दोहरे अवतार में लौट रहे हैं।

# चिरंजीवी के 71वें जन्मदिन पर प्रशंसकों को तोहफा, 'काका' का दमदार टीजर रिलीज

मुंबई। मेगास्टार चिरंजीवी ने अपने 71वें जन्मदिन पर फैंस को बड़ा तोहफा देते हुए अपनी अगली फिल्म के नाम की घोषणा कर दी है। बॉबी कोली के निर्देशन में बनी उनकी इस फिल्म का नाम 'काका' रखा गया है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के चुनिंदा सिनेमाघरों में इस फिल्म का एक टीजर रिलीज किया गया है। 'वाल्टेयर वीरय्या' के बाद इस जोड़ी की ये दूसरी फिल्म है, जिसे केवीएन प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाया जा रहा है।

*चिरंजीवी का नया अवतार :* फिल्म की झलक में चिरंजीवी एक नए अवतार और अनोखे तेवर में नजर आ रहे हैं। इसमें उन्हें रावुलपालेम की 'अम्माजी एक्वा इंडस्ट्रीज' में काम करने वाले सुपरवाइजर सत्यम के रूप में दिखाया गया है। शुरुआत के कुछ मिनट समुद्री भोजन और मछली के कारोबार की पृष्ठभूमि पर आधारित हैं, जहां झींगा, मछली और तटीय इलाके के काम-काज को दिखाया गया है। इससे सत्यम एक आम और साधारण जिंदगी जीने वाले मेहनतकश इंसान के रूप में नजर आते हैं।



*टीजर का खूंखार मोड़ :* टीजर का दूसरा भाग इस माहौल को पूरी तरह बदल देता है। इसमें अचानक गोलियों की आवाज, हिंसा और सत्यम का एक ऐसा रूप सामने आता है, जिसका झींगा या मछली के कारोबार से कोई लेना-देना नहीं है। ये झलक 71 साल के सुपरस्टार के एक बिल्कुल नए, खूंखार और एक्शन से भरपूर अंदाज को दिखाती है, जो उनके पिछले किरदारों से एकदम अलग है। चिरंजीवी के इस टीजर ने दर्शकों के रोमांच को कई गुना बढ़ा दिया है।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.